खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

सतना, गुरुवार 05 नवम्बर 2026 | वर्ष –41 | अंक –243 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ ट्रंप का खत्म हुआ... ■ खंडित हो गई मोदी की... 04
■ अमेरिकी सीनेट में पहली बार पहुंचा मुस्लिम... ■ पाकिस्तान ने बढ़ाई ताकत, स्वदेशी मिसाइल... 09
■ धनतेरस से पहले चढ़ने लगा सोने का रंग ■ दीवाली पर महंगाई की मार... 11
■ कोहली ने ऑकलैंड... ■ सीरीज जीतकर गौतम... 10

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

'दो बच्चों की शर्त अब प्रासंगिक नहीं'

नई दिल्ली, देशबन्धु। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं। अदालत ने इन कानूनों की संवैधानिक वैधता से जुड़े मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। कोर्ट का कहना है कि देश में जन्म दर लगातार घट रही है और जनसंख्या से जुड़े हालात भी बदल चुके हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अलोक अराधे की बेंच ने कहा कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर सजा देने वाले कानूनों का आधार अब कमजोर हो गया है। पहले इन कानूनों के पीछे बढ़ती आबादी का डर था लेकिन पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या से जुड़े बदलावों ने इस सोच को बदल दिया है। बेंच ने 2003 के 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य' मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए मामला बड़ी बेंच को सौंपा है। उस फैसले में कोर्ट ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत दो बच्चों की शर्त को संवैधानिक माना था। अदालत ने बताया कि 2003 में भारत की कुल प्रजनन दर 3 थी जो अब घटकर 1.9 रह गई है। जबकि आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए प्रजनन दर 2.1 होनी जरूरी मानी जाती है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ सकती है और कामकाजी लोगों की हिस्सेदारी घट सकती है। यह मामला महाराष्ट्र के काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव इंगले की याचिका से जुड़ा है। उन्होंने तीसरा बच्चा होने के आधार पर अपनी सदस्यता रद्द किए जाने को चुनौती दी थी। मंगला इंगले को महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959 की धारा 14(1)(j-1) के तहत अयोग्य घोषित किया गया था। इस कानून के मुताबिक, दो से ज्यादा बच्चे होने पर कोई व्यक्ति पंचायत सदस्य या सरपंच का पद नहीं संभाल सकता।

मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले

अग्निवीरों को मिलेगा 2 साल का सेवा विस्तार



योग्यता के आधार पर सेना में होंगे भर्ती

नई दिल्ली, देशबन्धु। शुरू से ही विवादों में रही अग्निपथ योजना में सरकार ने अब बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने अग्निवीरों के लिए सेवा विस्तार योजना पर बड़ा ऐलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट के फैसले के मुताबिक 25 फीसदी अग्निवीर नियमित सैनिक बनेंगे, जबकि बाकी 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार दिया जाएगा। यानी अग्निवीरों की सेवा चार साल से बढ़ाकर अब छह साल कर दी गई है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दो साल का कार्यकाल पाने वाले अग्निवीरों को प्रदर्शन के आकलन के आधार पर बाद में स्थायी पदों की भी पेशकश की जाएगी। सीडीएस सुब्रमणि ने बताया कि सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीरों को बढ़ा हुआ वेतन और भत्ते मिलेंगे। केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमण्यम ने कहा- अग्निवीरों का पहला बैच अब अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने के करीब है। इन चार वर्षों में किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर, हमें उनके काम को लेकर बहुत सकारात्मक फीडबैक मिला है।

एनर्जी स्टोरेज के लिए वीजीएफ योजना के लिए 14500 करोड़ मंजूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ग्रिड-स्केल एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ईएसएस) के विकास के लिए 14,500 करोड़ रुपए की वायबिलिटी गैप फंडिंग योजना को मंजूरी दे दी है। वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू रहने वाली इस योजना का उद्देश्य देशभर में 92 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करना है। सरकार का कहना है कि यह योजना भारत के बिजली क्षेत्र को अधिक मजबूत, लचीला और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कैबिनेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह योजना देश में वर्तमान ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण क्षमता की तुलना में करीब 170 प्रतिशत नई क्षमता जोड़ने में मदद करेगी और वर्ष 2031-32 तक आवश्यक 411 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी, जिसके जरिए नवीकरणीय ऊर्जा के बड़े पैमाने पर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

'ट्रंप कार्ड' फेल

यूएस मिडटर्म चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी हारी

वाशिंगटन/ नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव या यूएस मिडटर्म चुनाव-2026 के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। S Midterm Election अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सूपड़ा साफ हो गया है। ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी यानी 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में हार चुकी है यानी बहुमत से दूर हो गई है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने दोनों सदनों हाउस और सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स के हाथों करारी शिकस्त के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने हार स्वीकार कर ली है।



यूएस को मिला पहला मुस्लिम सीनेटर

डेमोक्रेट उम्मीदवार अब्दुल रहमान मोहम्मद अल-सैयद अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बन सकते हैं. मिशिगन की सीनेट दौड़ में मिस्र मूल के अल-सैयद रिपब्लिकन माइक रोजर्स से 50.7 प्रतिशत बनाम 47.36 प्रतिशत से आगे चल रहे हैं. उनको अब तक 1,511,723 वोट मिले हैं. जबकि, रिपब्लिकन को 1,413,469 वोट. दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर जारी है. 42 साल के डॉक्टर और पूर्व पब्लिक हेल्थ ऑफिसर अब्दुल रहमान 63 साल के रिपब्लिकन माइक रोजर्स को चुनौती दे रहे हैं. यह एक बेहद अहम मुकाबला है, जिस पर सबकी नजरें टिकी हैं और इससे यह तय हो सकता है कि सीनेट पर किसका कंट्रोल होगा. रहमान को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा का समर्थन हासिल है.वह पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं. 2018 में उन्होंने गवर्नर पद के लिए दावेदारी की थी, लेकिन डेमोक्रेटिक प्राइमरी में उन्हें ग्रेचेन व्हिटमर से हार का सामना करना पड़ा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकारी हार

साथ ही विपक्ष के साथ मिलकर काम करने की बात कही। अमेरिकी मिडटर्म चुनाव हारने के बाद पहली प्रतिक्रिया देते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कहा कि वह चुनावी बैलेट पर नहीं थे। अगर उनका नाम बैलेट पर होता, तो उनकी पार्टी बड़े अंतर से जीतती। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मैं इन नतीजों को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। हम डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके साथ काम करने को लेकर हम उत्साहित हैं। उम्मीद है कि हम कोई रास्ता निकाल लेंगे। दरअसल अमेरिकी संसद के हाउस सदन में में कुल 435 सीटें हैं और सभी सीटों पर चुनाव हुए हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी 220 सीटों पर जीत हासिल कर ली है। जबकरि राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी 129 सीटों पर जीत चुकी है। यहां बहुमत के लिए 218 सीटों की जरूरत होती है। रूझानों में विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स सत्तारुढ़ पार्टी रिपब्लिकन पार्टी से बहुत आगे है। लिहजा डेमोक्रेटिक पार्टी का जीतना लगभग तय है।

भारत विरोधी ग्राहम की बहन को मिली हार

सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत-जबकि सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 23 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 15 और रिपब्लिकन पार्टी ने 8 सीटें जीती हैं। बाकी 12 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 52 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 41 सीटें हैं। सीनेट में बहुमत के लिए 51 सीटों की जरूरत होती है। यानी डेमोक्रेट्स ने बहुमत हासिल की। भारत विरोधी रहे लिंडसे ग्राहम की बहन डार्लिन ग्राहम को हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें यूएस सीनेट के चुनाव में साउथ कैरोलिना से एनी एंड्र्यूज ने हराया।

सुप्रीम कोर्ट से विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश

'निर्मला सप्रे की विधायकी पर दो महीने में करें फैसला'

नई दिल्ली, देशबन्धु। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के सागर जिले की बीना सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे के कथित दलबदल मामले में राज्य विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को दो महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जुलाई 2024 में कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता खत्म करने के लिए याचिका दाखिल की गई थी। करीब ढाई साल से लंबित इस मामले में अब विधानसभा अध्यक्ष को तय समयसीमा में फैसला लेना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत आने वाले दलबदल से जुड़े मामलों का जल्द निपटारा किया जाना चाहिए। यह जिम्मेदारी तब भी बनी रहती है, जब हाईकोर्ट को मामले में तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत नजर नहीं आती। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने सिंघार का पक्ष रखा।



मध्य प्रदेश 2023 के विधानसभा चुनाव मामले निर्मला सप्रे कांग्रेस के टिकट पर बीना से विधायक चुनी गई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान 5 मई 2024 को वह सागर जिले के राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में पहुंचीं। यहां उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। सीएम की मौजूदगी में बीजेपी नेताओं ने उनका स्वागत किया। सप्रे ने उस वक्त कांग्रेस छोड़नी की वजह भी बताई थी। जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की ओर से पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर की गई टिप्पणी थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान होता है और वह बीना को जिला बनाने के उद्देश्य से बीजेपी में शामिल हुई हैं।

मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का करेंगे शुभारंभ

प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने की बनेगी कार्ययोजना

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने और प्रदेश की निर्यात क्षमता का विस्तार करने के उद्देश्य से गुरुवार, 5 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधि, उद्योग संगठनों के पदाधिकारी और प्रदेश के प्रमुख निर्यातक शामिल होंगे।

कॉन्क्लेव में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से प्रदेश के निर्यातकों के लिए उपलब्ध नए अवसरों को साझा किया जायेगा और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए व्यापार समझौतों के अंतर्गत भारतीय उत्पादों को मिलने वाली शुल्क रियायतों का लाभ प्रदेश के उद्यमियों तक पहुंचाने, निर्यात प्रक्रियाओं को समझने और नए व्यापारिक साझेदार विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके माध्यम से प्रदेश के औद्योगिक एवं कृषि आधारित उत्पादों के लिए संभावित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की पहचान करने और निर्यात विस्तार की व्यावहारिक रणनीति पर पैनल में चर्चा की जाएगी।



मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से , नवाचारों की होगी शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में प्रदेश के निर्यातकों को मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ दिलाने के लिए महत्वपूर्ण नवाचारों का शुभारंभ करेंगे। इनमें मध्यप्रदेश एफटीए कार्ययोजना 2026-27, मध्यप्रदेश एफटीए निर्यातक मार्गदर्शिका, मध्यप्रदेश एफटीए हेल्पडेस्क, एमपी ट्रेड पोर्टल का एफटीए मॉड्यूल और मध्यप्रदेश एफटीए एक्सेलेरेटर शामिल हैं। एफटीए कार्ययोजना के माध्यम से प्रदेश के निर्यात विस्तार के लिए प्राथमिकता वाले उत्पादों, औद्योगिक क्लस्टरों और संभावित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की पहचान की जाएगी।

सीईसी ज्ञानेश कुमार पर 2 करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप

त्रिवेंद्रम, एजेंसी । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। केरल सरकार ने उनके खिलाफ करीब 20 साल पुराने रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच कराने का फैसला किया है। केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने इस मामले में विजिलेंस विभाग को जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला उस समय का है, जब ज्ञानेश कुमार केरल में लोक निर्माण विभाग के सचिव के पद पर तैनात थे।

आरोप है कि सड़क निर्माण परियोजना का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले ज्ञानेश कुमार ने एक ठेकेदार से 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह पूरा मामला केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ है। कोल्लम के ठेकेदार साजन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है और विजिलेंस विभाग पूरे मामले की जांच करेगा।यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कांग्रेस समेत विपक्षी दल पहले से ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर स्ट्रुक्रयानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गड़बड़ी के आरोप लगाकर सवाल उठा रहे हैं।

20 साल पुराने मामले की होगी जांच, केरल सरकार ने दिए विजिलेंस जांच के आदेश

शिकायतकर्ता ठेकेदार साजन का आरोप है कि चस्ज्ञक्र प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण का काम पूरा होने के बाद इंजीनियरों ने करीब 17 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद भुगतान के चेक जारी नहीं किए गए।साजन के मुताबिक, उस समय ज्ञानेश कुमार पीडब्ल्यूडी सचिव थे और उन्होंने भुगतान जारी करने के बदले कथित तौर पर 2 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। भुगतान अटकने के कारण मलेशियाई कंपनी क्ष्क्षड्ड-क्ष्श्वर् उसके ठेकेदारों और कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बिरादरी कॉर्नर

चूहा-सुनती हो- छात्रावास की समस्याओं को लेकर अब शहडोल के छात्र 90 किमी पैदल निकल पड़े।

चुहिया- **हां प्रिये**-सबक पर सबक के बाद भी व्यवस्था सबक न ले तो यही होगा।





छात्रावास क अव्यवस्थाओं से नाराज छात्रों का गुस्सा फूटा

कलेक्ट्रेट में शिकायत के लिए 90 किमी पैदल निकले

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल जिले के आवासीय छात्रावासों में आखिर ऐसा क्या हो रहा है कि वहां रहने वाले छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं लेकर सीधे कलेक्टर से मिलने के लिए पैदल ही जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से सामने आ रहे ऐसे मामलों ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब नया मामला ब्यौहारी के मॉडल छात्रावास खड़ौली से सामने आया है, जहां करीब 50 छात्र व्यवस्थाओं से नाराज होकर जिला मुख्यालय के लिए पैदल रवाना हो गए।

बुधवार तड़के छात्रावास से निकले इन छात्रों को करीब 90 किलोमीटर की दूरी तय कर कलेक्ट्रेट पहुंचना है। सुबह 10:30 बजे तक छात्र लगभग 25 किलोमीटर पैदल चल चुके थे। छात्रों का कहना है कि वे अब अपनी समस्याएं किसी अन्य अधिकारी के सामने नहीं रखेंगे, बल्कि सीधे कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें पूरी स्थिति बताएंगे। छात्रों के इस रुख से प्रशासनिक अमले में भी हलचल मच गई।



अधिकारियों ने समझाने का किया प्रयास, बस से जाने को भी कहा-छात्रों के छात्रावास छोड़कर पैदल निकलने की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम, तहसीलदार सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों की ओर से बस और अन्य वाहनों की व्यवस्था भी की गई, ताकि बच्चों को पैदल न चलना पड़े। हालांकि छात्र अपनी जिद पर अड़े रहे। उनका कहना है कि वे पैदल ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के सामने अपनी बात रखेंगे।

विवाद और मारपीट की भी चर्चा- बताया जा रहा है कि छात्रावास के भीतर कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट की स्थिति भी बनी थी। मामला पुलिस तक पहुंचा था, लेकिन बाद में अधिकारियों की ओर से दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। हालांकि मौजूदा घटनाक्रम के पीछे यही विवाद मुख्य वजह है या छात्रावास की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। गौरतलब है कि जिले में इससे पहले भी छात्रावासों से छात्र-छात्राओं के पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचने के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर छात्रावासों में ऐसी कौन सी समस्याएं हैं, जिनके समाधान के लिए बच्चों को अधिकारियों के दरवाजे तक पैदल पहुंचना पड़ रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भी इन घटनाओं की पड़ताल की जा रही है।

कच्चा तेल, सोना-चांदी से लेकर शेयर बाजार तक

ट्रंप की हार से भारत पर क्या असर?

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी मिडटर्म चुनाव 2026 के नतीजों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है. डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों यानी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स पर अपना कब्जा जमा लिया है.

अमेरिका में आए इस सियासी भूकंप से वहां नीतिगत फैसले अटकने (पॉलिसी पैरालिसिस) का खतरा पैदा हो गया है. सवाल ये है कि ट्रंप की इस हार से भारत को फायदा होगा या नुकसान? सोने-चांदी, कच्चे तेल से लेकर भारतीय शेयर बाजार और रुपये पर इसका क्या असर पड़ेगा।

डॉलर से निकलकर भारत आएगा पैसा: ट्रंप की हार से अमेरिकी नीतियों में रुकावट आएगी, जिससे डॉलर और वहां के बॉन्ड मार्केट पर बुरा असर पड़ रहा है. इस अनिश्चितता के कारण दुनिया भर के बड़े निवेशक अपना पैसा (स्मार्ट मनी) डॉलर से निकालकर सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने-चांदी और भारत के शेयर बाजार की तरफ शिफ्ट करेंगे. **भारत में सोने-चांदी के ताजा भाव:** चुनावी नतीजों के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 3,903 से 3,913 डॉलर प्रति औंस और चांदी 49.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है. वहीं भारतीय बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 1,42,263 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 1,86,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है. **दीवाली तक 1.50 लाख छू सकता है सोना:** मिंट की रिपोर्ट में बाजार के जानकारों ने अनुमान लगाया है कि मौजूदा हालात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने को उछालकर 4,200 डॉलर प्रति औंस तक ले जा सकते हैं. अगर ऐसा होता है, तो दिवाली 2026 तक भारत में 10 ग्राम सोने का भाव 1,50,000 रुपये के स्तर को छू सकता है, जो आम खरीदारों के लिए बड़ा झटका होगा.

पुराने आंकड़े भी दे रहे तेजी की गवाही: ब्रमेश टेक एनालिसिस के अलावा वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के ऐतिहासिक आंकड़ों पर नजर डालें, तो पिछले 14 अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में से 11 बार कीमती धातुओं में जोरदार तेजी देखी गई है. चुनाव के बाद के 6 महीनों में सोने ने औसतन 6.3 फीसदी तो चांदी ने 16.8 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की है.

ट्रंप की युद्ध शक्तियों पर लगेगी लगाम: 28 फरवरी से चल रहे अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता बंद था, जिससे तेल की सप्लाई रुकी हुई थी. रॉयटर्स की रिपोर्ट बताती है कि संसद में डेमोक्रेट्स का बहुमत आने से अब ट्रंप की युद्ध जारी रखने की ताकत काफी सीमित हो जाएगी.

ईरान के साथ समझौते का दबाव: संसद में हार के बाद अब ट्रंप पर ईरान के साथ समझौता करके स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा खोलने का भारी दबाव रहेगा. ट्रंप ने खुद भी ईरान पर तुरंत किसी नए हमले की योजना से इनकार किया है, जो भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए अच्छी खबर है।

महज 8 मिनट में 500 किमी की दूरी

प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, देशबन्धु। भारत ने फिर दुनिया को दिखा दिया कि रक्षा तकनीक में हम तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। लॉन्चपैड नंबर-3 से दागी गई इस मिसाइल ने करीब 500 किमी दूर मौजूद दो कृत्रिम लक्ष्यों को



सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। सेना और वायुसेना में शामिल किए जाने के बाद इसे पाकिस्तान की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। पश्चिमी व उत्तरी सीमा पर तैनाती के लिए 120 मिसाइलों की खरीद को मंजूरी मिली है। इसे नई रॉकेट फोर्स में शामिल किया जाएगा जिसका काम शत्रु ठिकानों को 30 मिनट में तबाह करना होगा। इसमें कम ऊंचाई पर उड़ान भरने, तेज रफ्तार और रास्ते में दिशा बदलने की क्षमता है। स्वदेशी क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय आवाज की गति से पांच गुना से भी अधिक तेज है। यह 500 किमी की दूरी 7 से 8 मिनट में तय कर लेती है।

दुश्मन के लिए खोजना व रोकना भी चुनौतीपूर्ण-सामान्य बैलिस्टिक मिसाइलें एक तय रास्ते पर आगे बढ़ती हैं, लेकिन प्रलय लॉन्च के बाद भी अपनी दिशा बदलते हुए आगे बढ़ती है और लक्ष्य के करीब पहुंचने पर बेहद तेज गति से नीचे की ओर हमला करती है। एक मिसाइल की कीमत ब्रह्मोस से 60 फीसदी कम है लेकिन रनवे तबाह करने की क्षमता उतनी ही है। इसकी रफ्तार मैक-5 से अधिक है।

अमेरिका से युद्ध के बीच ईरान का बड़ा फैसला

भारतीय जहाजों को दी होर्मुज से गुजरने की छूट

तेहरान, एजेंसी। ईरान सरकार ने यह साफ कर दिया है कि उसने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर लगे प्रतिबंधों से पूरी छूट दे दी है. इस फैसले के तहत भारतीय व्यापारिक जहाजों को बिना किसी रोक-टोक के इस बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की अनुमति रहेगी.ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मुकद्दम ने इस फैसले की जानकारी दी.अहमद हयात-मुकद्दम ने एक आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि ईरान ने चार देशों-भारत, चीन, इराक और कतर को इस जलमार्ग के इस्तेमाल की विशेष छूट दी है. हयात-मुकद्दम के अनुसार, इन चार देशों के जहाज ईरानी दृष्टिकोण से पूरी तरह स्वतंत्र होकर आवाजाही कर सकते हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका को भी इन देशों के जहाजों की आवाजाही से कोई आपत्ति नहीं है.

छूट देने के पीछे ईरान की अपनी वजह-ईरानी अधिकारी ने बहुत स्पष्ट शब्दों में बताया कि इन देशों को छूट देने के पीछे ईरान के व्यावसायिक और कूटनीतिक हित जुड़े हैं. **भारत:** भारत को यह छूट इसलिए दी गई है ताकि ईरान आवश्यक दवाओं का आयात जारी रख सके. **चीन:** चीन को छूट देने का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक समर्थन हासिल करना है. इसके साथ ही, चीन के साथ व्यापारिक लेन-देन और वित्तीय संबंध भी बनाए रखे जा रहे हैं.

अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच कूटनीतिक कोशिशें-एक तरफ जहां व्यापारिक जहाजों को छूट दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते सैन्य तनाव को लेकर भी ईरान के भीतर हलचल तेज है. 'अल अरबिया' की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के आंतरिक सुरक्षा आकलनों में अमेरिका के साथ सीधे युद्ध की संभावना को सबसे प्रमुख माना जा रहा है. सैन्य संघर्ष की इस गंभीर आशंका के बावजूद ईरान का शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व कूटनीतिक रास्ता तलाशने की कोशिश कर रहा है.

कतर की मध्यस्थता और ईरान का रुख

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची मिलकर देश के सैन्य नेतृत्व पर दबाव बना रहे हैं. ये सभी नेता कतर द्वारा पेश किए गए शांति प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाने की सलाह दे रहे हैं ताकि संभावित युद्ध को टाला जा सके. हाल ही में कतर के प्रतिनिधिमंडल ने सीधे तेहरान की यात्रा की थी. उनका मकसद किसी लंबी बातचीत में उलझना नहीं, बल्कि शांति प्रस्ताव के ढांचे पर ईरान का अंतिम और आधिकारिक जवाब हासिल करना था।

वित्तीय बाजार में सुधार के लिए समिति का गठन

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रौद्योगिकी तथा अन्य बुनियादी ढांचों में बदलावों के अनुरूप वित्तीय बाजारों में सुधार पर विचार के लिए एक तकनीकी परामर्श समिति का गठन किया है। आरबीआई में वित्तीय बाजार नियामक विभाग के प्रभारी डिप्टी गवर्नर इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। उनके अलावा समिति में सात अन्य सदस्यों को नामित किया गया है। इनमें सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण, फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शमशेर सिंह और एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक नीरज गंभीर शामिल हैं।

पीओजेके में नागरिकों की मौत पर बवाल

मुजफ्फराबाद। पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नागरिकों की मौत और मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर एक बार फिर विवाद तेज हो गया है। जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने बाग जिले के पांडी इलाके में नागरिकों की कथित हत्याओं की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग की है। संगठन ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच जरूरी है। इसके साथ ही संगठन ने ब्रिटेन में पब्लिक एक्शन कमेटी के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शनों का भी उल्लेख किया है। संगठन के अनुसार, विदेशों में रहने वाले कश्मीरी समुदाय के लोग भी क्षेत्र में कथित दमन और मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने पांडी में हुई मौतों को लेकर स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई है। संगठन का कहना है कि घटना से संबंधित परिस्थितियों और जिम्मेदारी का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच कराई जानी चाहिए.छ्घ्यछ्व्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने संदेशों में घटना को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने सवाल उठाया है कि नागरिकों की मौत के मामलों में पारदर्शी जांच और जवाबदेही सुनिश्चित क्यों नहीं की जा रही है। संगठन ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के प्रधानमंत्री की ओर से उसके खिलाफ लगाए आरोपों पर भी सवाल उठाए हैं।

निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अनूपपुर (म.प्र.)

-: अधिसूचना :-

अनूपपुर, दिनांक 29 अक्टूबर 2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेरेटरी मैनेजर (रिटेल) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जबलपुर ग्राम केनापारा तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) स्थित आराजी खसरा नम्बर 688/2, 694/2 के अंशभाग पर न्यू रिटेल आउटलेट (पेट्रोल / डीजल) पंप स्थापित किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है।

अतः पेट्रोलियम नियम, 2002 के नियम, 144 के अन्तर्गत, प्रश्नगत आराजी पर पेट्रोल / डीजल पम्प की स्थापना से यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति अधिसूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त होने उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, BHAVANA SHARMA W/o Late Sanjeev Sharma D/o Late RAM NARAYAN SHUKLA, residing at H.No. 192 phootatal, Durga Chowk, Ward No. 24, Hanumantal Ward, Jabalpur (M.P.) 482001 declare that name of mine has been wrongly written as BHAWNA in Service Record of my father. The actual name of mine is BHAVANA SHARMA, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

BHAWNA
INCORRECT NAME
BHAVANA SHARMA
CORRECT NAME
(BHAVANA SHARMA)
R.No. 2891 Applicant

FOR CHANGE OF NAME

I, PRACHI GONTIA, D/o SHRI MANISH PACHORI, W/o SHRI YASH GONTIA, age 28 years, R/o 765/B, Near Muskan Gallery, Wright Town, Jabalpur, M.P., have changed my name from Prachi Gontia to Prachi Pachori, for all future, Legal & Official purposes vide Affidavit dated -03.11.2026 executed before the Notary Public at Jabalpur. Hereforth, I shall be known & addressed as PRACHI PACHORI R.No. 2895

In The Court of XXIX Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer:
शुभांगी पालो दत्त
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/ 0000056/ 2025)
सिद्धार्थ सेन ....आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ....
अनावेदक
Process Id- /2026
पेशी दिनांकः-11/12/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धार्थ सेन पता- म.नं.-10 ए विजय नगर, रांझी जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक स्व. लीना सेन निवासी- सर्वोदय अस्पताल की 1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा रांझी, जबलपुर (म.प्र.) 2. भारतीय स्टेट बैंक शाखा रांझी जबलपुर (म.प्र.) 3. पोस्ट ऑफिस खमरिया जबलपुर (म.प्र.) राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 दिसम्बर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 दिसम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 04 नवम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी-प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के अंतर्गत के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती शुभांगी पालो दत्त)
उन्नीसवें व्यवहार न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 2901

In The Court of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer: किशोर कुमार मिश्रा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/ 0000062/ 2026)
परमानंद यादव................वादी
Vs
आम जनता ..... प्रतिवादी
Process Id-2026
पेशी दिनांक 07/01/2027

प्रेषिती
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी परमानंद यादव ने आपके विरूद्ध एम जे सी जी डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7 8 10 एवं 17 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अप्राप्तवय की ओर से संरक्षक नियुक्त करने बावत की छायाप्रति संलग्न के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 नवम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7 8 10 एवं 17 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अप्राप्तवय की ओर से संरक्षक नियुक्त करने बावत की छायाप्रति संलग्न

कृपया ध्यान दें:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(के.के. मिश्रा)
जिला न्यायाधीश (षष्टम)
जबलपुर (म.प्र)
र.नं. 2899

म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.

मुख्यालय, जहांगीराबाद भोपाल

क्र./यां.शा./903/2026 भोपाल, दिनांक 04.11.2026

निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

विपणन संघ द्वारा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय की परियोजना **"नवीन 100 बिस्तरों वाले स्नातक बालक छात्रावास के निर्माण कार्य"** हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 19.11.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

क्र.	Tender Ref. No.	कार्य का नाम	निविदा राशि (रु. में)
1	2423	जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय की परियोजना "नवीन 100 बिस्तरों वाले स्नातक बालक छात्रावास के निर्माण कार्य" (2nd Call)	5,67,13,486.00

नोट :- 01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/128947/2026 मुख्य अभियन्ता (सि.)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुन्ना मेहरा पिता श्री गणपतलाल मेहरा, निवासी ग्राम कटंगी, तहसील जबेरा, जिला, दमोह (म.प्र.) हूं। मेरे आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र (वोटर आईडी) में मेरा नाम मुन्ना मेहरा अंकित है। मैंने अपना नाम परिवर्तित कर रामसेवक मेहरा रख लिया है। भविष्य में मैं रामसेवक मेहरा के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

दिनांक 04/11/26
अधिवक्ता पक्षकार की ओर से
एड. रमन पटेल
मो. 9981779136
र.नं. 2892

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्रं/4061/अ-6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 22/10/26

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका :- श्रीमति गुड्डी कोल पति स्व. सुदर्शन कोल निवासी ग्राम खैरी, करौंदा नाला के पास, तह. अधारताल, जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा खैरी, नं.ब. 472, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. महाराजपुर, तह. अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 19 रकवा 1.4500 हे. भूमि, फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदिका की सास स्व. चमेली बाई कोल की मृत्यु दिनांक 28/09/2019 एवं आवेदिका के ससुर स्व. कुलई राम कोल की मृत्यु पूर्व में हो चुकी हैं तथा आवेदिका के पति स्व. सुदर्शन कोल की मृत्यु भी हो चुकी है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में स्व. चमेली बाई कोल का नाम सहखातेदार के रुप में दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 9/11/26 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल महोदय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/10/2026
पेशी दिनांक 09/11/2026

अतिरिक्त तहसीलदार,
अधारताल, जबलपुर
र.नं. 2900

न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. ....../अ-6/2026-27

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल काछी पिता स्व. केशरी प्रसाद निवासी- महगवां ने ग्राम महगवां प.ह.नं. महगगंज रा.नि.मं. .... स्थित भूमि खसरा नं. 426 रकवा 0.180, हे. भूमि का फौती/ वसीयत / विक्रय पत्र/ दानपत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बंटवारा/अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बंटाक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 13/11/26 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 27/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-13/11/2026

नायब तहसीलदार
पनागर
र.नं. 2903

न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1394/अ-6/2026-27

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन लाल पिता बाला प्रसाद निवासी- ग्राम पड़रिया ने ग्राम पड़रिया प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. .... स्थित भूमि खसरा नं. 68, 69, 204/2, 260/2, 289/2, 305/2, 307/2 रकवा 0.10, 0.08, 0.14, 0.05, 0.02, 0.20, 0.13, 0.20 कुल रकवा 0.94 हे. भूमि का फौती के आधार पर नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बंटवारा/अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बंटाक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 04/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-19/11/2026

नायब तहसीलदार
पनागर
र.नं. 2903

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्रं/2258/अ-6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 15/10/26

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- प्रदीप कुमार काछी पिता ओमप्रकाश काछी निवासी- 557, बावली महाराजपुर, तह. अधारताल, जिला जबलपुर, द्वारा मौजा- बैतला, प.ह.नं. 01, तह. अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 58/2/1/1, रकवा 2000 वर्गफुट है। आवेदक के नाना स्व. भगवान दास पिता भैयालाल की मृत्यु दिनांक 26/12/1974 एवं आवेदक की नानी स्व. रंचियाबाई पति स्व. भगवान दास काछी की मृत्यु पूर्व में हो चुकी हैं तथा आवेदक की मां स्व. चंदाबाई कुशवाहा (काछी) की मृत्यु दिनांक 30/03/2014 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में जबलपुर विकास प्राधिकरण का नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 06/11/26 तक कार्यालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल महोदय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 15/10/2026
पेशी दिनांक 06/11/2026

नायब तहसीलदार,
अधारताल, जबलपुर
र.नं. 2900

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक - 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण- सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 37/ व.ले.लि./2026-27 बालाघाट, दिनांक 27.10. 2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. क्रं.	टेण्डर क्रं.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.
1.	2026_PWDRB_545592	बालाघाट	डाबरी चौरिया लांजी बी.टी. सड़क का कार्य लंबाई 3.70 कि.मी	तृतीय आमंत्रण	225.20	225200.00	15000.00	07 माह वर्षा ऋतु सहित
				कुल योग	225.20			

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16/11/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-1 बालाघाट

G-21034/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक - 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण- सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 38/ व.ले.लि./2026-27 बालाघाट, दिनांक 28.10. 2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. क्रं.	टेण्डर क्रं.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.
1.	2026_PWDRB_546066	बालाघाट	विशेष मजबूतीकरण कार्य। 1. जेवनारा से केरेगांव मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी. 2. कुल्पा से चिचमटोला मार्ग लम्बाई 2.20 कि. मी. 3. बेनेगांव से कटोरी मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. 4. बेनेगांव से साल्हे मार्ग लम्बाई 2.80 कि.मी. 5. बहेला से गोर्रे मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी. कुल लम्बाई 11.50 कि.मी.	नांवा आमंत्रण	218.93	219000.00	15000.00	03 माह वर्षा ऋतु सहित
				कुल योग	218.93			

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18/11/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक-1 बालाघाट

G-21035/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कलेक्टर, जिला मैहर (म.प्र.) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक 20% भू अर्जन / 2026 मैहर, दि0 12/10/2026

//अधिसूचना//

[भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013]
(धारा 19 के अन्तर्गत)

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) मे वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) मे उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013 संशोधन (क0 एक, सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

//अनुसूची//

(1) भूमि का वर्णनः- (म.प्र. शासन / निजी खाता)
(क) जिला-मैहर
(ख) तहसील-मैहर
(ग) नगर/गाम-तिन्दुहटा
(घ) क्षेत्रफल-0.391 हे.

क्र.	भूमिस्वामी का नाम/पिता/पति का नाम	आराजी नम्बर	कुल रकवा (हे. में)	अर्जित होने वाला रकवा (हे. में)
01	झल्ला पिता बिराऊ चमार सा. तिंदुहटा	338/2/1	0.125	0.061
02	मनसुखलाल पिता बिराऊ चमार सा. तिंदुहटा	338/2/2	0.125	0.042
03	सुदामा पिता बिराऊ चमार सा. तिंदुहटा	338/2/3	0.126	0.061
04	सनत कुमार पिता रोहणी प्रसाद ब्रा. सा. तिंदुहटा	337	0.826	0.227
	कुल योगः-		1.202	0.391

2. सार्वजनिक प्रयोजन (जिसके लिये आवश्यकता है) बरगी व्यपवर्तन अन्तर्गत दायीं तट रीवा शाखा अन्तर्गत नर्मदा नहर निर्माण कार्य हेतु।

3. भूमि का नक्शा (प्लान) ले-आउट अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मैहर जिला मैहर एवं कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) मैहर मे देखा जा सकता है।

(विदिशा मुखर्जी) कलेक्टर
जिला मैहर (म.प्र.)
एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-20999/26 स्वच्छता ही सेवा

चीनी लाइटों के अंधेरे में खो गई दीया कारीगरों की दीवाली

दूसरों के घर रोशन करने वालों के घरों में पसरा अंधेरा



बाज़ार में उतरी प्लास्टिक की चमक, तो भूखे पेट सो गए रीवा के दीया कारीगर

रीवा देशबन्धु। दीपावली का त्योहार आते ही बाज़ार रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक और चाइनीज़ लाइटों की रोशनी से नहा गए हैं। दुकानों पर लगी यह आधुनिक चकाचौंध दूर से ही ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही है। लेकिन इस कृत्रिम रोशनी के ठीक पीछे, मिट्टी को आकार देकर हर घर में खुशियों का उजाला फैलाने वाले पारंपरिक कारीगरों के घरों में गहरा अंधेरा पसरा है। रीवा के दीया बनाने वाले कारीगरों के लिए यह त्योहार अब खुशियां कम और चिंताएं ज़्यादा लेकर आता है। सालभर मिट्टी सानने, चाक घुमाने और तपती भट्टी में दियों को पकाने वाले इन कारीगरों के लिए दीपावली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि उनके पूरे साल की आजीविका का इकलौता जरिया है। लेकिन बाज़ार के बदलते मिजाज ने उनके आशियाने की बुनियाद हिला दी है। स्थानीय कारीगरों का कहना है कि बाज़ार में प्लास्टिक, इलेक्ट्रिक और चीनी लाइटों की बाढ़ आने के बाद से पारंपरिक मिट्टी के दियों की मांग में भारी गिरावट आई है। आज हालात यह हैं कि दिए की



खरीददारी 50 फ़ीसदी से भी कम हो गई है। जो ग्राहक पहले सैकड़ों की तादाद में दीये ले जाते थे, वे अब महज शगुन के लिए पांच या ग्यारह दीये खरीदकर औपचारिकता पूरी कर रहे हैं।

रीवा के कुम्हार मोहल्ले में चाक पर मिट्टी को आकार दे रहे एक बुजुर्ग कारीगर की आंखों में बेबसी साफ तैरती नजर आती है। वे कहते हैं, मिट्टी के दीये और बर्तनों का व्यापार अब दम तोड़ रहा है। यह हमारा पुश्तैनी काम है, जिसे हमारे दादा-परदादा करते आए हैं। हम इसके अलावा कुछ और जानते भी नहीं हैं। लेकिन अब इस काम से दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी मुहाल हो गया है। परिवार का भरण-पोषण कैसे करें, यह रोज़ की एक नई लड़ाई है। माटी से जुड़े इन कलाकारों का दर्द यह है कि वे सिर्फ अपनी परंपरा और पूर्वजों की कला को जीवित रखने के लिए इस काम को करने पर मजबूर हैं बता दे की कारीगरों का गुस्सा और निराशा सिर्फ घटती बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि



एक बड़ा सवाल है की क्या माटी की खुशबू पर भारी पड़ेगी प्लास्टिक की चमक ?

परंपराओं और संस्कृति की दुहाई देने वाले इस समाज में, अपनी ही माटी की कला आज हाशिए पर खड़ी है। त्योहारों की आधुनिकता ने हमसे हमारी सादगी छीन ली है। रीवा के इन दीया मेकर्स की आंखों में सिर्फ एक ही सवाल तैर रहा है—क्या अगली दीपावली तक उनकी यह कला जिंदा रह पाएगी? या फिर चाइनीज़ लाइटों की यह चकाचौंध पारंपरिक दीयों के अस्तित्व को हमेशा के लिए निगल जाएगी?

व्यवस्था के प्रति भी उनका भारी आक्रोश है। स्थानीय कलाकारों का आरोप है कि उन्हें शासन और प्रशासन की तरफ से किसी भी प्रकार की सरकारी मदद या प्रोत्साहन नहीं मिलता। सबसे बड़ी समस्या बाज़ार में जगह की है। दीपावली के समय जब वे अपने दीये बेचने बाजार आते हैं, तो उन्हें कोई उचित स्थान या हॉकर्स ज़ोन नहीं दिया जाता।

सरकारी जमीन पर कब्जा करने के लिए सरहंगों ने उजाड़ दिया गरीब का रोजगार

रातों-रात जेसीबी से दुकान को पलटाया, ऊपर से मैनेज का ऑडियो वायरल



रीवा देशबन्धु। खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर अब भूमाफियाओं के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ताजा मामला रीवा के सगरा थाना क्षेत्र का है। जहां 10 वर्षों से व्यापार कर रहे एक गरीब की दुकान जेसीबी के माध्यम से रातोंरात हटा दी गई है। फरियादी ने बताया कि जब इस बात पर उसने ऐतराज किया तो आरोपियों ने खुलकर कहा कि सब कुछ मैनेज है। उनका कोई कुछ नहीं कर सकता। घटना की शिकायत सगरा थाना निवासी धर्मेंद्र तिवारी ने संबंधित थाने में दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

फरियादी ने बताया कि आरोपी उसे दुकान को हटाने की कई बार धमकी दे चुके हैं।बीते दिनों करीब 11.00 बजे आरोपी उसके दुकान के समीप खड़े थे।

इसके बाद सुबह तक उसकी दुकान उजाड़ दी गई। हालांकि आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। इसके संबंध में अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

सार-समाचार

नरवाई न जलाएं तथा इससे जैविक खाद बनाएं : उप संचालक कृषि

रीवा देशबन्धु। कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को धान तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा।



उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

रीवा देशबन्धु। उप मुख्यमंत्रीजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 5 नवम्बर को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री रीवा से दोपहर एक बजे प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे सतना पहुंचकर जिला अधिवक्ता संघ सतना के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे सतना से प्रस्थान कर शाम 4 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे।



रीवा में अग्निवीर भर्ती रैली 27 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल

रीवा देशबन्धु। भारतीय सेना द्वारा पात्र युवाओं को अग्निवीर पुरूष सैनिक के रूप में चयन करने के लिए रीवा में 27 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती रैली स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि भर्ती रैली सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा को नोडल अधिकारी तथा उप संचालक रोजगार अनिल दुबे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस रैली में रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, कटनी, जबलपुर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, मण्डला, बालाघाट, सिवनी तथा डिण्डौरी जिलों के उम्मीदवार शामिल होंगे। इस रैली में प्रतिदिन 500 से 700 युवा भाग लेंगे।

आबकारी विभाग ने शराब की अवैध बिक्री पर की कार्रवाई



रीवा देशबन्धु। आबकारी विभाग की टीम ने शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की जब्ती की तथा 5 प्रकरण दर्ज किए। इस संबंध में सहायक आयुक्त आबकारी अनिल जैन ने बताया कि गुढ़ सर्किल में अवैध शराब की बिक्री के चार प्रकरण दर्ज किए गए।

जाँच के दौरान 102 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा 20 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। कम्पोजिट मदिरा दुकान गुढ़ का निरीक्षण करके एक विभागीय प्रकरण दर्ज किया गया। दुकान से 201 वर्डवाइसर बियर के एक्सपायर्ड डेट के केन बरामद किए गए। इन्हें जब्त किया गया। सिरमौर सर्किल में आबकारी टीम ने बैकुण्ठपुर में घनश्याम सोनी के रिहायशी मकान से 32 पाव देशी मसाला मदिरा जब्त की। इनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। जिले भर में शराब की अवैध बिक्री और भण्डारण पर आबकारी तथा पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट का बढ़ा विरोध

सिरमौर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



रीवा देशबन्धु। जिले के सिरमौर तहसील अंतर्गत ग्राम रझौही में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर विरोध की आग अब न्यायालय परिसर तक पहुंच गई है। ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों के बाद अब न्याय प्रणाली से जुड़े बुद्धिजीवियों ने भी इस परियोजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इसी कड़ी में आज सिरमौर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने लामबद्ध होकर अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन पत्र सौंपा है। अधिवक्ताओं ने सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से इस प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र को तत्काल निरस्त करने या अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि रजौही और उसके आसपास का क्षेत्र घनी आबादी वाला है। ऐसे क्षेत्र में न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य जीवन और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि इस विशालकाय परियोजना के कारण क्षेत्र के सैकड़ों गरीब आदिवासियों और किसान परिवारों को अपनी जमीनों से बेदखल होना पड़ेगा। जिससे उनके सामने आजीविका का भी बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसके साथ ही प्लांट के संचालन से विंध्य क्षेत्र के जल स्त्रोतों पर विपरीत असर पड़ेगा और भारी जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। गौरतलब है कि रजौही कंटी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से इस प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र आंदोलन चल रहा है। जिसमें जल सत्याग्रह और आमरण अनशन जैसी गतिविधियां भी देखी जा चुकी हैं। अब सिरमौर न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से आंदोलन को एक नई कानूनी और सामाजिक मजबूती मिली है। द्वारा ज्ञापन दिया गया।

बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने लगाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन



रीवा देशबन्धु। नवीन न्यायालय भवन के कान्फ्रेंस हाल में दीपोत्सव के संबंध में बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों तथा हरि बाल गृह के बच्चों द्वारा बनाई गई सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीशचंद्र राय ने किया।

उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए पेन स्टैंड, माला, फूलदान, तोरण माला, सजावटी लैंप, दीपक तथा अन्य वस्तुओं की सराहना की। इस संबंध में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायाधीश श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए समय-समय पर प्रदर्शनी का आयोजन कराया जा रहा है। रक्षाबंधन के अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों द्वारा तैयार राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। बच्चों को कलाकृति बनाने तथा कलात्मक गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रशिक्षिका शिवानी पाण्डेय द्वारा विशेष प्रयास किए गए हैं। प्रदर्शनी का विशेष न्यायाधीश श्री संदीप शर्मा तथा अन्य जिला न्यायाधीशगणों ने अवलोकन किया एवं सजावटी वस्तुएं खरीदी। प्रदर्शनी के आयोजन में काउंसलर राखी खरे, सचिन तिवारी तथा अनिल पाण्डेय का सराह नीय योगदान रहा।

स्नेह मंदबुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय में आधार नामांकन और आधार अपडेशन शिविर का आयोजन



रीवा देशबन्धु। दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं एक बधिर विद्यालय में आधार सेवा केन्द्र द्वारा आधार नामांकन एवं आधार अपडेशन शिविर लगाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगा बच्चों और अभिभावकों का आधार कार्ड बनवाना तथा पहले से बने आधार कार्ड में आवश्यक सुधार करना। शिविर में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा नामांकन एवं अद्यतन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिन बच्चों एवं अभिभावकों के आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता तथा अन्य जानकारी में त्रुटियाँ थी, उन्हें ठीक करने की सुविधा प्रदान की गई। बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया। विद्यालय प्रबंधन ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के आयोजन से बच्चों और अभिभावकों को काफी सुविधा प्राप्त हुई। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर उनके लिए बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू, कैप्टन उमेश कुमार चतुर्वेदी (रिटायर्ड) सेन्टर मैनेजर, राज आर्यन सिंह, रामकृष्ण चैधरी एवं पुणेन्द्र विश्वकर्मा आधार सेवा केन्द्र रीवा, प्राचार्या श्रीमती ऊषा साहू सहित समस्त स्टाफगण, अभिभावक एवं दिव्यांग छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

आम सूचना

आम और खास को सूचित किया जाता है कि, आराजी कमांक 41 रकवा 0.409 हे0, 42 रकवा 0.125हे0, 44/1 रकवा 0.115हे0, 46 रकवा 0.13680, 45 रकवा 0.097हे0, 47 रकवा 0.365हे0, 48/1 रकवा 0.368हे0, 71 रकवा 0.081 हे0, कुल किता 08 स्थित ग्राम मिसिरिहा पटवारी हल्का लौर, रा0नि0मं0 देवतालाब तहसील मऊगंज, मेरे पक्षकार अर्पण शुक्ल तनय कमलेश्वर शुक्ला निवासी ग्राम मिसिरिहा तहसील मऊगंज को उसके बाबा बृजभान प्रसाद द्वारा जरिये वसीयत प्राप्त हुई है, जिसका नामान्तरण धोखा धड़ी करते हुए कैलाश प्रसाद, मंगलेश्वर प्रसाद, कमलेश्वर प्रसाद, लल्ली सोनिया कुसुम प्रीतेष, ममतेष, कीर्ति, रूची एवं प्रीती निवासी ग्राम मिसिरिहा, थाना लौर, तहसील मऊगंज द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार देवतालाब द्वारा जरिये प्र0कमांक-416/3-6/2021-22 आदेश दिनांक 17.01.2022 को करा लिया गया था, जिसके विरूद्ध अर्पण शुक्ल को जानकारी होने पर अनुविभागीय अधिकारी तहसील मऊगंज के न्यायालय में प्रकरण संस्थित किया गया है। जो अर्पण शुक्ला बनाम कैलाश प्रसाद वगैरह के नाम से विचाराधीन है। जिसमें 443/रीडर/अनु0अधि0 मऊगंज द्वारा दिनांक 21.09.2026 से यथा स्थिति कायम रखने का आदेश दिया गया है, तथा उक्त भूमियों के संबंध में व्यवहार वाद भी विचाराधीन है। टी.पी. एक्ट की धारा 52 के तहत अन्तरण प्रतिबंधित है। अतः किसी भी तरह का अन्तरण न करें।

जे0पी0 नारायण, एडेवोकेट
मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)
दिनांक 04.10.2026

विभिन्न फसलों के बीज का है पर्याप्त भंडारण

रीवा देशबन्धु। किसानों को रबी मौसम में गुणवत्तापूर्ण बीज की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में शासकीय एवं अन्य अधिकृत संस्थाओं के पास विभिन्न फसलों के बीज का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है । किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिलों में बीज की उपलब्धता की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा किसानों की मांग एवं आवश्यकता के अनुसार बीज की उपलब्धता पर्याप्त है। किसान अधिकृत विक्रय केन्द्रों एवं संबंधित सहकारी संस्थाओं से प्रमाणित बीज क्रय कर सकते है किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बीज विक्रय होने पर कृषकगण संबंधित जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना दें।

धार्मिक त्योहारों को भव्य बनाने डिगवानी की भूमिका सराहनीय: डॉ. सीबी शुक्ला



रीवा देशबन्धु। नगर में धार्मिक त्योहारों को मनाने और भव्य बनाने में वरिष्ठ समाज सेवी नारायण डिगवानी की कर्मठ संघर्षरत तपस्या की भूमिका सराहनीय है। साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक रचनात्मक कार्यो का उनका लेखा-जोखा किसी इतिहास से कम नही है। नगर में नवदुर्गा गरबा, दीपोत्सव, पतंग माहेत्सव, लठ्ठमार होली, जन्माष्टमी, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, श्री गणेश महोत्सव, शरद महोत्सव जैसे आयोजनो की भव्य शुरूआत के प्रणेता श्री डिगवानी के 70वें जन्मदिन पर स्थानीय शांतिधाम में कलम परिवार द्वारा आयोजित बधाई गोष्ठी में संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी.बी.शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त करते हुये अपनी शुभकामनाओं के साथ दीर्धायु होने का आर्शीवाद प्रेषित किया, अध्यक्षता कर रही ब्रहमाकुमारी की संचालिका राजयोगिनी लता बहन ने आश्रम में प्रतिवर्ष जन्मदिन आयोजित किये जाने के लिये संकल्प कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिन्धु पंचायत के अध्यक्ष स0 प्रहलाद सिंह, उमा परौहा चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 के0के0परोहा, अ.भा.ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जगजीवलाल तिवारी, पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग डॉ0 रश्मी शुक्ला, पूर्व डी.एस.पी. पन्नालाल अवस्थी, वरिष्ठ बाल्य चिकित्सक डॉ0 ज्योति सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी राजकुमार टिलवानी, शंकर साहनी ने मिलकर पगड़ी के साथ 11 शाल पहनाकर बधाई दी। मंच संचालन कलम परिवार के महासचिव अमित द्विवेदी ने किया। कलम परिवार के अध्यक्ष रामकृष्ण द्विवेदी, महिला अध्यक्ष डॉ0 अरूणा पाठक आभा, युवा अध्यक्ष सत्यम शुक्ला ने सभी अतिथियों को रामनामी पट्टा पहना कर स्वागत किया। आयोजन की व्यवस्था अवधेश श्रीवास्तव ने संभाली। केक काट कर जन्म दिन की शुरूआत से एवं ब्रहमाभोजन में शामिल होकर आयोजन की खुशियॉ मनाई गई।

कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने डिगवानी को दी शांतिधाम में जन्मदिन की शुभकामनाएं

कलम परिवार द्वारा आयोजित यादगार कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानस मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष पियूषेन्द्र त्रिवेदी, प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित, धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल अध्यक्ष, गुरमीत सिंह मंगू, महासचिव सुरेश विश्नोई, कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर, रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ0 विनोद तिवारी, महासचिव पियूष मिश्रा, सदस्य दिलीप ठारवानी, सतीश मिश्रा, हिन्दू धर्म परिषद के आजीवन संरक्षक अविराज, अध्यक्ष संजय तिवारी मुन्नू, संरक्षक रिषिशंकर मिश्रा, डीसेंट ग्रुप के राजीव वर्मा गुड्डू, कुशल गुप के रामकुशल कुशवाहा, हशमत रीवानी, एस.पी.तिवारी, आशीष खरे, संतोष उपाध्याय, प्रसिद्ध गायक राजकपूर शुक्ला, एंकर नीलेश श्रीवास्तव, हिन्दू धर्म परिषद के युवाअध्यक्ष राहुल वर्मा रतहरा, बघेली सेवा मंच के अध्यक्ष भ्रगुनाथ पाण्डेय भ्रमर, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के महासचिव डॉ0 राजा मिश्रा, पत्रकार मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, पत्रकार रामचंद वर्मा, एड. विकास पटेल, समाज सेवी दीपक पटेल, सहित कई स्नेही जनो ने अपनी शुभकामनाओं के साथ श्री डिगवानी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

DABUR INDIA LIMITED

Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Website: www.dabur.com
E-mail: corpcomm@dabur.com

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

The consolidated and standalone unaudited financial results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2026, approved by the Board of Directors in their meeting held on November 4, 2026, along with the Auditors' Limited Review Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Mohit Burman
Chairman
DIN: 00021963

Place: New Delhi
Date: November 4, 2026

सतना, गुरूवार, 05 नवम्बर 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

ट्रंप का खत्म हुआ दबदबा

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए बड़ा झटका साबित हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के लिए इन चुनावों को बड़ी परीक्षा माना जा रहा था। क्योंकि अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए जिसका सीधा असर न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति पर पड़ा, बल्कि अमेरिका के भीतर भी सवाल खड़े होने लगे कि क्या दुनिया का सबसे बड़ा यह लोकतांत्रिक देश नफरत और हिंसा का प्रतिनिधि बनकर रह जाएगा। गौरतलब है कि अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा बुलंद करते हुए नयी टैरिफ नीति घोषित कर दी, जिसकी चपेट में भारत समेत कई देश आए। अमेरिका में काम करने, नागरिकता हासिल करने और वीज़ा के नए कड़े नियम बना दिए, जिसका असर लाखों लोगों पर पड़ा। ईरान पर इजरायल के कहने से ट्रंप ने हमला बोला, जिसकी वजह से न केवल हजारों निर्दोषों की मौत हुई, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर पाबंदी लगाने को ईरान मजबूर हुआ और इसका खामियाजा सारी दुनिया ने भुगता। ईरान के मीनाब शहर में बच्चियों के स्कूल पर अमेरिकी हमले के बारे में अमेरिका में सवाल उठे, लेकिन ट्रंप ने इस पर जवाब नहीं दिया। वेनेजुएला में राष्ट्रपति मादुरो निकोलस के सुरक्षा गार्डों को रिश्वत देकर अपने साथ मिलाना और फिर उन्हें पत्नी समेत अगवा कर लेने का काम ट्रंप ने किया, मानो दुनिया अब भी मध्यकाल में जी रही है। कई देशों के आंतरिक मामलों या चुनावों में दखल देने का काम अमेरिका हमेशा ही करता रहा है, ट्रंप ने इस रवायत को बरकरार रखा, हालांकि इससे उनका अपना ही नुकसान हुआ।

बहरहाल, अब जो मध्यावधि चुनावों के नतीजे आए हैं, उसमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट, दोनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। इसके बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या अब ट्रंप के लिए बचे दो सालों का कार्यकाल खासा मुश्किल होने लगा है। वैसे अमेरिकी संविधान में 'सेपरेशन ऑफ पावर' की व्यवस्था है। यानी शक्तियों का बंटवारा है। संसद, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति की शक्तियां अलग-अलग हैं और कोई किसी के काम में दखल नहीं दे सकता। खास बात ये है कि राष्ट्रपति संसद के प्रति उत्तरदायी नहीं है। इसलिए सीनेट और प्रतिनिधि सभा में करारी हार के बावजूद राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की कार्यकारी शक्तियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अब वो कोई कानून अपनी मर्जी से पास नहीं करवा पाएंगे। इसके लिए संसद की जरूरत होती है। डेमोक्रेट्स की संख्या 90 होने के कारण, उनके सभी बिल रोक दिए जाएंगे। दूसरी बात, बजट पर संसद का नियंत्रण होता है। तो ट्रंप के लिए मागा जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए कोई फंडिंग नहीं मिल पाएगी। वहीं व्यापार समझौतों और युद्ध के लिए फंडिंग के वास्ते संसद की मंजूरी जरूरी होगी, तो यहां भी मर्जी नहीं चल पाएगी। तीसरी बात जजों/अधिकारियों की मनमानी नियुक्ति नहीं कर पाएंगे, सीनेट उनके द्वारा चुने गए नामों को रोक देगी। ट्रंप पर अब महाभियोग का खतरा बढ़ सकता है। एपस्टीन फाइल्स जैसे कुछ मामलों में डेमोक्रेट्स जांच शुरू कर सकते हैं और महाभियोग की प्रक्रिया भी ला सकते हैं।

इन नतीजों में कुछ चौंकाने वाले नतीजे आए हैं। जैसे डेमोक्रेट्स ने कई ऐसे राज्यों में भी जीत दर्ज की, जिन्हें पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन का मजबूत इलाका माना जाता रहा है। टेक्सास, साउथ कैरोलाइना, आयोवा और कंसास जैसे राज्यों में उनकी सफलता विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कई रिपब्लिकन उम्मीदवारों को भी हार का सामना करना पड़ा, जिन्हें ट्रंप का समर्थन प्राप्त था। मिशिगन सीट से जीत कर डेमोक्रेट अब्दुल अल सैयद अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बन गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अब्दुल के खिलाफ काफी नफरती टिप्पणी की थी। इस पर अब्दुल ने अब तंज कसते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप को मेरा नाम लेने में दिक्कत होती थी, अब वह मुझे सीनेटर कह सकते हैं। इसी तरह इल्हान उमर पांचवी बार जीती हैं, उन्हें मिनेसोटा से भारी जीत हासिल हुई है। ट्रंप ने इल्हान उमर की शादी को लेकर भी काफी सवाल उठाए थे। इल्हान उमर की नागरिकता की जांच भी चल रही है। इसके बावजूद उन्हें जीत मिली। जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक पार्टी की केइसा लांस बॉटम्स ने इतिहास रच दिया है। केइसा लांस बॉटम्स पहली अश्वेत महिला हैं जो अमेरिका में किसी राज्य की गवर्नर चुनी गई हैं।

तो ऐसे कई बड़े उलटफेर हुए हैं, जिन पर कहा जा रहा है कि यह सब ट्रंप की नीतियों से जनता की नाराजगी के परिणाम हैं। ट्रंप ने अपने भाषणों और बयानों में काफी व्यक्तिगत हमले लोगों पर किए, लेकिन अमेरिकी जनता ने इस बार अपने उदार चरित्र को दिखाया है। ट्रंप ने भी अब जनता की मर्जी को स्वीकार कर लिया है। वैसे भी उनका यह अंतिम कार्यकाल है, दो बार के बाद तीसरी बार राष्ट्रपति का चुनाव वो नहीं लड़ेंगे, लेकिन ट्रंप के कारण रिपब्लिकन पार्टी को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में वक्त लगेगा। ट्रंप ने अब मान लिया है कि ईरान पर युद्ध के कारण जनता ने साथ नहीं दिया। ट्रंप ने कहा भी है कि अब ईरान पर हमला नहीं होगा, न ही इजरायल को आर्थिक मदद दी जाएगी। ईरानी संसद के अध्यक्ष एम बी गालिबाफ ने भी कहा है कि चाहे अंतरात्मा की आवाज़ हो या जीवन-यापन का सवाल, अमेरिकियों ने 'युद्ध को ना' कहा है, और हम इस संदेश का समर्थन करते हैं।

लेकिन यह सब इतने सरल समीकरण नहीं हैं। ट्रंप ने अकेले के दम पर युद्ध नहीं छेड़ा था, उसके पीछे जो कार्पोरेट लॉबी काम कर रही थी, क्या वह ट्रंप पर या अब किसी और तरीके से अमेरिकी सत्ता पर दबाव नहीं बनाएगी और दुनिया में अशांति फैलाने की कोशिश नहीं करेगी, इन सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

वैसे कांग्रेस सांसद अभिषेक सिंघवी ने मजेदार टिप्पणी की है कि नतीजे बता रहे हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति के बजाय, ईरान ने अमेरिका में सत्ता परिवर्तन (रेजीम चेंज) सफलतापूर्वक कर दिया है!

खंडित हो गई मोदी की छवि, अब सुधार मुश्किल

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

नरेन्द्र मोदी अब लाख कोशिश कर लें, लेकिन अब किसी भी तरह वे अपनी उस छवि को खंडित होने से नहीं रोक सकते, जो उनके प्रचार तंत्र ने बड़ी मेहनत से गढ़ी थी। नयी पीढ़ी को हमेशा अपने लिए एक नायक की तलाश रहती है, ऐसा व्यक्ति जो हर तरह से उन्हें प्रेरित करे और उनकी नाराजगी को अभिव्यक्ति दे। 2014 के तत्कालीन लोकतांत्रिक भारत में जब दस सालों की यूपीए सरकार की कुछ बातों और देश के हालात को लेकर तब की नयी पीढ़ी में नाराजगी थी, तब नरेन्द्र मोदी को किसी अवतार की तरह पेश किया गया था कि देश इनके हाथों में सौंपों और बस सारी समस्याओं से मुक्ति पाओ। लोगों ने इस प्रचार पर यकीन कर मोदी को प्रधानमंत्री बनाया। उनके वादे भी कितने लुभावने थे-हर साल दो करोड़ रोजगार, सबके खाते में 15-15 लाख, काला धन वापस लाना, सस्ता तेल, सस्ती गैस उपलब्ध करना, बुलेट ट्रेन चलाना, काशी को क्योटो बनाना। लेकिन समय बीतते न बीतते ये तमाम वादे जुमले साबित हो गए। बल्कि अब तो हाल ऐसा है कि जुमलों और वादों के बीच का अंतर ही खत्म हो गया है। 2014 से 2026 आ गया, समस्याएं खत्म नहीं हुईं, बल्कि नयी समस्याएं खड़ी हो गईं। जैसे वोट का अधिकार खत्म हो गया, जिस राम मंदिर के लिए लोगों ने खून बहाने से परहेज नहीं किया, वहां चढ़ावा चोरी हो गया, युवाओं के सामने पढ़ने और रोजगार पाने के मौके खत्म कर दिए गए। इन सब पर जनता का गुस्सा बढ़ता गया। लेकिन अपनी सत्ता के सुखों में कैद मोदी ने जनता की भावनाओं को देखना जरूरी नहीं समझा। ऐसे में नयी पीढ़ी का मोह भंग मोदी और उनके वादों से हो चुका है।

देश का युवा देख रहा है कि यह सरकार इतनी लाचार है कि विपक्ष के खिलाफ पदयात्रा निकाल रही है और लोकतंत्र बचाने की मांग कर रही है। इस बीच राहुल गांधी ने मोदी की अवतारी छवि को चूर-चूर करने के लिए एक बड़ा प्रहार कर दिया है।

31 अक्टूबर को देश में शायद पहली बार विपक्ष ने मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया। जिसमें ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग प्रस्ताव लाया गया। फिर एक नवंबर को इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में महारैली हुई, जिसमें जनता का जोश देखकर मोदी सरकार सकते में है। इसके बाद 2 नवंबर को राहुल गांधी ने मोदी को खुली बहस की चुनौती दी और फिर 3 नवंबर को वापस अपनी चुनौती को दोहराया। चार दिन के ये चार हमले मोदी सरकार पर काफी भारी पड़ चुके हैं, यह भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएं बता रही है। दरअसल 31 अक्टूबर को मोदी ने गुजरात में आरोप लगाया था कि विदेश जाकर देश-विरोधी ताक़तों के सहारे देश को कमज़ोर करने की साज़िश रची जा रही है। इस पर राहुल गांधी ने मोदी को खुली बहस की चुनौती दी थी। और कहा था कि आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह आपके साथ खड़ा है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं।

> **31 अक्टूबर को मोदी ने गुजरात में आरोप लगाया था कि विदेश जाकर देश-विरोधी ताक़तों के सहारे देश को कमज़ोर करने की साज़िश रची जा रही है। इस पर राहुल गांधी ने मोदी को खुली बहस की चुनौती दी थी। और कहा था कि आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण में और समर्थन से है।**

कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए। आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं आप उससे डरते हैं।

मोदी ने 3 तारीख तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो राहुल ने फिर कहा कि 24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पर आप जगह चुनिए, मेरे साथ डिबेट कीजिए। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है और किस तरह का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत।' उन्होंने कहा, 'दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी। एक तरफ़ आप बैठोगे, एक तरफ़ मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो. मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो और फिर डिबेट करते हैं।' राहुल ने यह भी कहा कि मुझ पर कम से कम 45 मामले मानहानि के लगे हुए हैं। लेकिन इस डिबेट के मामले में, विदेशी कनेक्शन के मामले में आप मानहानि का मुक़दमा नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी खुलकर डिस्कस करेंगे। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी।' मोहन भागवत को जज बनाने और विदेशी कनेक्शन पर बहस की चुनौती देकर राहुल ने भाजपा के सामने दीपावली के पहले ही बड़ा बम फोड़ दिया है। आनन-फानन में तमाम भाजपा नेता मोदी के सामने रक्षापंक्ति बनाकर खड़े हो गए हैं। जैसे शतरंज में राजा को शह और मात से बचाने के लिए कैसलिंग की जाती है, यानी राजा को हाथी की आड़ में कर दिया जाता है, और फिर बाकी मोहरे सामने आते हैं, वही खेल इस समय मोदी के लिए रचा जा रहा है। किरण रिजिजू ने तो राहुल की चुनौती को गंभीर मानने से इंकार कर दिया, यानी बहस का सवाल ही नहीं। निशिकांत दुबे ने कहा पहले मुझसे बहस कीजिए फिर मेरे नेता पर आइए। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, नरेंद्र मोदी की सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। संसद चलने दो। हम विशेष सत्र बुलाकर एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। आप संसद चलने दीजिए और चर्चा में दो-दो हाथ कर लीजिए। देश की जनता को मालूम हो जाएगा कि सही क्या है और झूठ क्या है। हालांकि शाह भी इस बात को अच्छे से जानते हैं कि पूरे मानसून सत्र में राहुल से बचने के लिए मोदी-शाह संसद परिसर में होते हुए भी सदन में नहीं आए। आखिरी दिन वंदेमातरम के लिए खड़े होकर चार मिनट में चले गए। जबकि इस दौरान विपक्ष के सांसदों ने एसआईआर, चुनाव सुधार पर चर्चा का मुद्दा उठाया, मगर मोदी-शाह जवाब देने नहीं आए।

निर्मला सीतारमण, गिरिराज सिंह जैसे तमाम सांसद भी अब राहुल को संसद में बहस के लिए बुला रहे हैं। पता नहीं ये सांसद अपने प्रधानमंत्री से क्यों नहीं कहते कि हमने आपको सदन का नेता चुना है तो जवाब देने के लिए आप खुद आइए, हमें आगे मत करिए। खैर ये लोग तो फिर भी सांसद हैं तो राहुल को संसद आने कह सकते हैं। मगर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता न जाने किस हक से राहुल से कह रही हैं कि आप संसद आकर बहस कीजिए और फिर उसमें 1975 से लेकर 1984 तक सबका जिक्र कर रही हैं। बिल्कुल मोदी वाला अंदाज है ये कि आप सीधे सवाल का सीधा जवाब देने की जगह बस विपक्ष को कोसते रहें। रेखा गुप्ता को क्या इतना भी नहीं पता कि वे केवल दिल्ली विधानसभा में बोलने का हक रखती हैं, संसद में नहीं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा तो रेखा गुप्ता से एक कदम आगे निकले। उन्होंने राहुल गांधी को इस बात पर घेरा कि अपनी चुनौती के आखिरी में उन्होंने लाल गुलाब के साथ मोदी को हैप्पी दीवाली क्यों कहा। बिस्वासरमा ने राहुल के ज्ञान में इजाफा किया कि राहुल गांधी गुलाब का फूल तो वैलेंटाइन डे पर दिया जाता है, दिवाली पर नहीं.. खैर आप भारतीय संस्कृति से कहां परिचित हैं। अब कोई हिमंता बिस्वासरमा से पूछे कि वैलेंटाइन डे कब से भारतीय संस्कृति का हिस्सा हो गया। उन्हें यह क्यों पता है कि वैलेंटाइन डे पर कौन से रंग का गुलाब दिया जाता है। गनीमत है कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस मामले में अब तक बोलने के लिए आगे नहीं किए गए हैं, वर्ना जैसे उन्होंने कहा था कि बिहार में क्राइम हो सकता है, लेकिन अपराध नहीं। वैसे ही वे कहते कि मोदी डिबेट के लिए तो आ सकते हैं बहस के लिए नहीं।

खैर अपने बचाव में जिन मोहरों को मोदी ने आगे किया है, वो सब अपने बयानों से खुद ही बिसात से बाहर निकलने की तैयारी कर चुके हैं। भाजपा जितना ज्यादा राहुल गांधी पर आक्रामक होगी, उतनी तेजी से मोदी की छवि बिखरेगी। क्योंकि सवाल मोदी से हो और जवाब भाजपा नेता दें, यह रवैया देश के नौजवानों को रास नहीं आएगा। नयी पीढ़ी तो अब मां-बाप की टालमटोल पर भी फौरन अपनी असंतुष्टि जाहिर कर देती है। उसे साफ-साफ हां या ना सुनने की आदत है। अगर मोदी राहुल से बहस के लिए आ सकते हैं तो हां कर दें, वर्ना ना कह कर बता दें कि उन्हें डर लगता है।

पश्चिम बंगाल में संघ संगठनों के हमलों से असुरक्षित महसूस कर रहे ईसाई

■ आशीष विश्वास

हाल के वर्षों में पश्चिम बंगाल में ईसाई समुदाय ने शायद ही कभी शारीरिक हमलों या धर्म से जुड़े तनावों की शिकायत की हो। ईसाई संगठनों ने कभी-कभी उत्तर प्रदेश या ओडिशा में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली कठिनाइयों या भेदभाव का जिक्र अपने सार्वजनिक बयानों और आधिकारिक शिकायतों में किया है, खासकर हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बाद। परन्तु अब संघ संगठनों के बढ़ते हमलों के बीच वे स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं।

ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन के महज छह महीने के भीतर हालात काफी खराब हो गए हैं — ऐसा पूर्वोत्तर भारत के प्रभावशाली ईसाई संगठनों का मानना है। आमतौर पर, ये संगठन पड़ोसी राज्यों या क्षेत्रों के संवेदनशील मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। वे मुख्य रूप से 'सतबहनी राज्यों' (पूर्वोत्तर के सात राज्यों) में जातीय हिंसा से जुड़ी स्थानीय घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। न केवल पूर्वोत्तर क्षेत्र के समुदाय के नेता या बुजुर्ग, बल्कि कुछ ईसाई बहुल राज्यों के अंग्रेजी मीडिया ने भी इस बात पर गौर किया है कि पश्चिम बंगाल में अचानक सामूहिक हिंसा भड़क उठी है, जिससे ईसाई समुदाय प्रभावित हो रहा है।

> **विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना के गांवों और अन्य इलाकों से ईसाइयों द्वारा धर्म परिवर्तन के मामलों में बढ़ोतरी की खबरें आ रही थीं। हावड़ा और 24 परगना ज़िलों के कोलकाता से सटे ग्रामीण इलाकों से ऐसी भी खबरें मिलीं कि इन मुद्दों को लेकर वहां आने वाले ईसाइयों और अन्य समूहों के बीच कभी-कभी हिंसा भी हुई। पश्चिम बंगाल के मुख्यधारा के मीडिया ने आमतौर पर इन मुद्दों पर बहुत कम ध्यान दिया।**

पूर्वोत्तर क्षेत्र की हालिया रिपोर्टों और विश्लेषणों में राज्य और केंद्र की कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राजनीतिक नेताओं से आग्रह किया गया है कि वे पश्चिम बंगाल की स्थिति पर ध्यान दें। पूरे देश के ईसाइयों के बीच इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि समुदाय के खिलाफ शारीरिक हमलों और हिंसा में अचानक भारी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मई से सितंबर के बीच पश्चिम बंगाल में ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 65 घटनाएं सामने आई हैं।

इसके विपरीत, 2025 में जनवरी से अप्रैल के बीच ऐसी केवल 11 घटनाएं सामने आई थीं। हालांकि पूर्वोत्तर के मीडिया में दिए गए आंकड़े कानून-व्यवस्था की स्थिति में भारी गिरावट की ओर इशारा करते हैं, लेकिन साल-दर-साल तुलना के लिए कोई ठोस विश्लेषण नहीं दिया गया है, जिसका कारण स्पष्ट नहीं है। इस बात का भी जिक्र किया गया है कि आमतौर पर पश्चिम बंगाल को धार्मिक मुद्दों पर होने वाली भीड़ की हिंसा जैसी चिंताजनक प्रवृत्तियों से मुक्त राज्य माना जाता था। विश्लेषकों ने पश्चिम बंगाल में ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने के लिए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) जैसे हिंदुत्व समर्थक समूहों को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। हाल ही में सत्ता में आई भाजपा - जिसे आमतौर पर एक दक्षिणपंथी पार्टी माना जाता है- का कामकाज, चाहे वह प्रशासन का मामला हो या अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का, पूरी तरह से असंतोषजनक रहा है। उन समूहों और उनके नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है, जो मुख्य रूप से निर्दोष अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले की योजना बनाते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं।

पश्चिम बंगाल में इन आरोपों पर प्रशासनिक या राजनीतिक स्तर पर कोई खास प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली है। कोलकाता भारत में एंग्लो-इंडियन संगठनों का मुख्यालय है और इसके स्थानीय नेता, पारितोष कैनिंग, पिछले कई वर्षों से सत्ताधारी प्रतिष्ठानों के साथ करीबी संपर्क बनाए हुए हैं। एंग्लो-इंडियन समुदाय के शीर्ष संगठन ने कुछ दिन पहले राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ अपने समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और कुछ मांगें रखीं। लेकिन, पूर्वोत्तर के ईसाइयों द्वारा हिंदुत्व समूहों के हमलों को लेकर उठाए गए मुद्दों का इसमें कोई जिक्र नहीं था। राजनीतिक स्तर पर भी, वीएचपी या बजरंग दल जैसे संगठनों ने स्थानीय मीडिया में सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

हालांकि, सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रिपोर्टें सामने आईं, जिनमें पूर्वोत्तर के ईसाई संगठनों द्वारा लगाए गए आरोपों का कड़ा खंडन किया गया। इन रिपोर्टों में दावा किया गया है कि स्पष्ट कानूनों और नियमों के बावजूद, हाल के वर्षों में कुछ ईसाइयों और मिशनरियों ने विशेष रूप से पिछड़े सीमावर्ती इलाकों और दूरदराज के गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों के बीच बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का अभियान चलाया है। धर्मांतरण के ज्यादातर मामलों में पैसे देने या अन्य तरह की मदद पहुंचाने की बात सामने आई है। यहां तक कि कोलकाता और छोटे शहरों में भी, सुनियोजित तरीके से चलाए जा रहे इन मिशनरी प्रयासों का असर देखने को मिला है।


उदाहरण के लिए, उत्तर और दक्षिण कोलकाता के कई निवासियों को समय-समय पर न्यूज़ लेटर या अन्य प्रकाशित सामग्री मिलती रही है। इनमें भारत के विभिन्न हिस्सों में गरीब लोगों के बीच ईसाई संगठनों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों, या बाईबिल की प्रेरणादायक कहानियों का जिक्र होता है। कोलकाता के कई इलाकों में स्थानीय एनजीओ ने बताया है कि वहां के पार्कों में क्रिसमस का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बच्चों और युवाओं के बीच उपहार बांटे गए, जबकि बच्चों के प्रशिक्षित गायन समूहों ने धार्मिक गीत आदि गाए।

दक्षिण कोलकाता के एक निवासी ने कहा, 'ऐसे कार्यक्रमों में कुछ भी आपत्तिजनक या भड़काऊ नहीं था, लेकिन इनकी अहमियत इस बात में है कि पहले ऐसे आयोजन नहीं होते थे। क्रिसमस का जश्न, काफी हद तक, गैर-ईसाई परिवारों द्वारा केक और अन्य चीजें खरीदने तक ही सीमित था। शहर में, साथ ही कुछ मौसमी खरीदारी भी। लेकिन शहर के पार्कों में आयोजित होने वाले ये कार्यक्रम और डाक के ज़रिए लोगों के घरों तक ईसाई साहित्य का नियमित रूप से पहुंचना — ये सब किसी के संगठनात्मक प्रयासों के बिना संभव नहीं हो सकता है। ज़ाहिर है, इसके पीछे कोई ऐसा व्यक्ति या समूह रहा होगा जिसके पास पैसा और अन्य संसाधन हों, और जिसका मक़सद शायद धर्म परिवर्तन कराना रहा हो।'

इस बीच, विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना के गांवों और अन्य इलाकों से ईसाइयों द्वारा धर्म परिवर्तन के मामलों में बढ़ोतरी की खबरें आ रही थीं। हावड़ा और 24 परगना ज़िलों के कोलकाता से सटे ग्रामीण इलाकों से ऐसी भी खबरें मिलीं कि इन मुद्दों को लेकर वहां आने वाले ईसाइयों और अन्य समूहों के बीच कभी-कभी हिंसा भी हुई। पश्चिम बंगाल के मुख्यधारा के मीडिया ने आमतौर पर इन मुद्दों पर बहुत कम ध्यान दिया।

इधर एक बड़ी घटना भी सामने आई। पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले के हरीशचंद्रपुर के एक गांव में — जो एक मुस्लिम बहुल इलाका है और जहां सांप्रदायिक हिंसा और अपराधों का रिकॉर्ड कुछ चिंताजनक रहा है— वहां भाजपा के पांच समर्थकों की स्थानीय ईसाइयों और उनके साथ आए कुछ 'बाहरी' लोगों ने कथित तौर पर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि यह मारपीट एक बहस के बाद हुई। दरअसल, भाजपा समर्थक उस इलाके में बढ़ते धर्म परिवर्तन का विरोध कर रहे थे। रविवार, 1 नवंबर, को स्थानीय मीडिया नेटवर्क से बातचीत में वहां के निवासियों ने पुष्टि की कि 40 से ज़्यादा परिवारों के लोगों का 'धर्म परिवर्तन' कराया गया है।

स्थानीय प्रशासन या किसी भी राजनीतिक दल की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।



ललित सुरजन की कलम से

छत्तीसगढ़: वर्तमान सांस्कृतिक परिदृश्य

'छत्तीसगढ़ का चालीस प्रतिशत से अधिक भूभाग यद्यपि वनों से आच्छादित है, किन्तु यहां विकसित नागर सभ्यता होने के चिन्ह लगभग दो हजार वर्ष पूर्व से मिलते हैं। सर्वविदित है कि मल्हार में प्राप्त विष्णु प्रतिमा लगभग इतनी ही पुरानी है। इसके बाद सिरपुर, रतनपुर, बारसूर आदि स्थान हैं, जो छत्तीसगढ़ के प्राचीन सांस्कृतिक वैभव के साक्ष्य हैं। यहां हम सिर्फ उदाहरण के लिए कुछ नाम दे रहे हैं ताकि पाठकों के सामने एक रूपरेखा रखी जा सके। ये प्राचीन मंदिर किस राजा ने बनवाए थे, इनके स्थपति कौन थे, इन मूर्तियों को किन्होंने गढ़ा था, यह सब विशद विवेचन का विषय है। फिलहाल इतना जान लेना रोचक है कि दो हजार वर्ष से छत्तीसगढ़ में सभ्यता का विकास व प्रकृति का संरक्षण समानांतर होते आया है। इस मायने में छत्तीसगढ़ की स्थिति अन्य प्रदेशों से भिन्न कही जा सकती है।' 'यह अनुभव अपने आप में मुग्ध कर देने वाला है कि आप प्रदेश के उत्तरी भाग में याने सरगुजा अंचल में घने जंगलों के बीच किसी निर्जन सी सड़क पर प्रकृति की शोभा निहारते चले जा रहे हैं और अचानक आपके सामने कहीं महेशपुर तो कहीं डीपाडीह के ध्वंसावशेष सामने आ गए हैं। ऐसा अनुभव आपको बस्तर में भी हो सकता है या कवर्धा, राजनांदगांव, महासमुंद, सारंगढ़, धमतरी या गरियाबंद में भी। फिंगेश्वर के प्राचीन फणेश्वर महादेव मंदिर को देखकर मेरे मित्र त्रिभुवन पांडेय ने अनुमान लगाया था कि प्राचीन समय में मंदिर शिल्पियों का कोई बड़ा कुनबा रहा होगा, जिसने देशाटन करते हुए राजाओं के आदेश-अनुग्रह से इन मंदिरों का निर्माण किया होगा। बड़े राजा के यहां बड़ा मंदिर, छोटे राजा के यहां छोटा। भाई त्रिभुवन के अनुसार ये उस समय के मंदिर 'कांट्रेक्टर' रहे होंगे। है न बात विचार करने योग्य!'

(अक्षर पर्व नवंबर 2014 अंक की प्रस्तावना)

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/11/blog-post_9.html

पावन प्रसंग

शठे शाठ्यं समाचरेत्

भारतीय संस्कृति में सत्य, अहिंसा एवं शांति जैसे मूल्यों पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि ये व्यक्तिगत जीवन में आत्म कल्याण से लेकर सामाजिक जीवन में लोक कल्याण के महत्तर उद्देश्य को पूरा करते हुए चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वस्तुत: ये भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हैं और इसकी सार्वभौम, सार्वकालिक एवं सर्व-समन्यवादी सनातन संस्कृति के कालजयी आधार रहे हैं। सत्य और अहिंसा भारतीय संस्कृति के आधार रहे हैं, उपनिषदों का प्रेरक वाक्य 'सत्यमेव जयते' हमारा राष्ट्रीय आदर्श वाक्य भी है। सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, ऐसा धर्मशास्त्रों का मत रहा है। इसी तरह से अहिंसा को परम धर्म माना गया है, अहिंसा परमो धर्म:-महाभारत के रचयिता महर्षि व्यास का यह कथन भारतीय संस्कृति के मूल-मूल्यों को प्रकाशित करता है।

भारतीय संस्कृति में हर कार्य का उद्देश्य शांति रहा है, जिस कारण हर कार्य को शांतिपूर्वक करने पर विशेष बल दिया गया है। सभी प्राणी सुखी रहें, सबका कल्याण हो और सभी मिल-जुलकर शांतिपूर्वक रहें। यह भारतीय संस्कृति का वैदिक काल से लेकर आज तक ध्येय रहा है। यज्ञ से लेकर हर अनुष्ठान एवं शुभ कार्यों के अंत में किए जाने वाले शांतिपाठ में यही कामना की जाती है। संस्कृति के इन शाश्वत, सार्वभौम एवं मानवतावादी मूल्यों के आधार पर ही भारतीय संस्कृति को सनातन संस्कृति, मानव संस्कृति, विश्व संस्कृति, देव संस्कृति जैसी उपमाओं से संबोधित किया जाता है।

हिंसा, अशांति और असत्य जैसे तत्वों को भारतीय संस्कृति में कोई स्थान नहीं दिया गया है और भारतीय संस्कृति बुराई के बदले बुराई नहीं, बल्कि भलाई करने के पक्ष में रही है। महाभारत में भी कहा गया है कि क्रोध को अक्रोध, दुर्जन को सज्जनता, कंजूस को धन और असत्यवादी को सत्य से जीतने का प्रयत्न करना चाहिए। इन मूल्यों का निर्वहन विशाल हृदय एवं उदार मन:स्थिति में ही संभव होता है। आश्चर्य नहीं कि वेदों में इस संदर्भ में प्रार्थना की गई है कि अपने अंदर सामर्थ्य के कारण मैं अंतरिक्ष के समान विशाल हृदय वाला बनूं। इस तरह उदारता, सहिष्णुता, प्रेम, त्याग, परोपकार जैसे मूल्य भारतीय संस्कृति के आदर्श रहे हैं, जिनके लोमहर्षक उदाहरण भारतीय संस्कृति इन जीवन मूल्यों का विवेकसंगत उपयोग करने का भी मार्गदर्शन करती है और 'शठे शाठ्यं समाचरेत' अर्थात दुष्टों के साथ तदनुरूप व्यवहार करने का भी संदेश देती है। जैसे आत्मरक्षा में किया गया प्रतिघात हिंसा की श्रेणी में नहीं आता-इसी तरह अत्याचारी, आततातियों और ऐसे लोगों के प्रति जो निरंतर हिंसा, पाश्विकता एवं ज्यादतियों पर उतारू हों, जिन्हें समझाने का कुछ प्रतिफल न हो, तो इस उक्ति को अपनाने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। भारतेंदु जी की उक्ति यहां लागू होती है कि-सीधेन सो सीधे, महा बांके हम बंकिन सों।

सामान्यतया भारतीय संस्कृति जैसे को तैसा, 'टिट फॉर टैट' के दर्शन में आस्था नहीं रखती, क्योंकि यदि सब लोग इस विचारधारा का अनुसरण करने लगें, तो समाज में शांति कभी स्थापित नहीं हो सकती। अत: विशेष परिस्थितियों में ही 'शठे शाठ्यं समाचरेत्' के विवेकसंगत उपयोग की अनुशंसा की गई है।

-अखंड ज्योति

आपके पत्र

चारधाम हेलीकॉप्टर हादसों पर सवालों के घेरे में?

17 साल, 15 हेलीकॉप्टर हादसे और 46 मौतें- ये आंकड़े केवल दुर्घटनाओं का सरकारी रिकॉर्ड नहीं हैं, बल्कि उन परिवारों की पीड़ा का दस्तावेज हैं जिन्होंने धार्मिक आस्था और चारधाम यात्रा के सपने के साथ अपने प्रियजनों को खो दिया। व्यक्तिगत तौर पर ये आंकड़े मुझे विचलित करते हैं। मन में बार-बार एक ही सवाल उठता है कि आखिर चारधाम हवाई यात्रा में श्रद्धालुओं की जान की कीमत इतनी सस्ती क्यों होती जा रही है? एक के बाद एक हेलीकॉप्टर हादसे होते हैं, जांच के आदेश दिए जाते हैं, कुछ समय तक चर्चा होती है और फिर व्यवस्था पहले की तरह चलने लगती है। सवाल यह है कि इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार संस्थागत तंत्र की जवाबदेही आखिर कब तय होगी?

चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और रोजगार से भी जुड़ी है। हर साल लाखों श्रद्धालु बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और ऐसे लोग भी होते हैं जिनके लिए कठिन पहाड़ी रास्तों से यात्रा करना संभव नहीं होता। हेलीकॉप्टर सेवा उनके लिए सुविधा और राहत का माध्यम बनती है। लेकिन जब यही सुविधा लगातार दुर्घटनाओं की आशंका से घिरने लगे तो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आस्था के नाम पर श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में नहीं डाला जा सकता।

इन हादसों में खराब मौसम, अचानक घने बादलों का छा जाना, कम दृश्यता और तकनीकी खामियां प्रमुख कारणों के रूप में सामने आते रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज कुछ ही मिनटों में बदल सकता है। घाटियों में बादलों का जमाव, तेज हवाएं और सीमित दृश्यता पायलटों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी करती हैं। ऐसे में सामान्य मौसम पूर्वानुमान के आधार पर उड़ान की अनुमति देना पर्याप्त नहीं हो सकता। इसके लिए स्थानीय मौसम की वास्तविक स्थिति, तकनीकी आकलन और विमानन सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों की राय आवश्यक है। यहीं उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। हेलीकॉप्टर संचालन की निगरानी, उड़ानों के नियमन और संबंधित प्रशासनिक समन्वय में उसकी जिम्मेदारी पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब खराब मौसम के कारण उड़ानें रोकने या दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया जाता है तो उस निर्णय का तकनीकी आधार क्या होता है? क्या यूकाडा के पास मौसम की जटिल परिस्थितियों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञ और संसाधन हैं? क्या उड़ान संचालन से पहले मौसम संबंधी सूचनाओं का स्वतंत्र सत्यापन किया जाता है? यदि नहीं, तो इतने संवेदनशील हवाई मार्ग पर सुरक्षा का निर्धारण किस आधार पर हो रहा है?

– डॉ. प्रियंका सौरभ

दो लाख का भुगतान, फिर भी अधूरा मुक्तिधाम



बिल पर सचिव की मोहर गायब!

पंचायत दर्पण पोर्टल पर भुगतान दर्ज, निर्माण की तस्वीर नदारद

रामनगर, देशबन्धु। ग्राम पंचायत देवरी कला में मुक्तिधाम निर्माण के नाम पर दो लाख रुपये के भुगतान को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में निर्माण कार्य पूरा दर्शाकर राशि का भुगतान करा लिया गया, जबकि मौके पर मुक्तिधाम आज भी अधूरा पड़ा है।

पंचायत दर्पण पोर्टल के अनुसार, पांचवें राज्य वित्त आयोग की योजना के तहत पीपल के पेड़ के पास राझोड़ी, देवरी कला में श्मशान घाट निर्माण के लिए दो लाख रुपये का भुगतान दर्ज है। यूटीआर नंबर 2478183096 के माध्यम से 18 जुलाई 2026 को राशि का भुगतान किया गया है। पोर्टल पर भुगतान की स्थिति पेड दर्शाई गई है।

ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए 16 जून 2026 के बिल में एमएस बीम, एमएस एंगल, एमएस पट्टी, सीजी शीट और शेड मेकिंग के नाम पर दो लाख रुपये का हिसाब दर्शाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिल पर महिला सरपंच की कथित मोहर और हस्ताक्षर मौजूद हैं, लेकिन सचिव की मोहर गायब है और हस्ताक्षर भी अधूरे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिल का सत्यापन किसने किया और भुगतान कैसे स्वीकृत हुआ?



कलेक्टर से की जांच की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर मैहर और सीईओ जनपद पंचायत रामनगर से भुगतान, बिल, माप पुस्तिका और निर्माण कार्य की जांच कर जिम्मेदारी तय करने तथा मुक्तिधाम का निर्माण पूरा कराने की मांग की है। अब प्रशासनिक जांच के बाद ही भुगतान और निर्माण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मौके की तस्वीरों में केवल टीन शेड नजर आ रहा है। फर्श और चबूतरे का निर्माण अधूरा है तथा परिसर में ईंटें और मलबा बिखरा पड़ा है। ग्रामीणों के मुताबिक, मुक्तिधाम अंतिम संस्कार के उपयोग लायक स्थिति में नहीं है।

हैरानी की बात यह है कि पंचायत दर्पण पोर्टल पर संबंधित कार्य की फोटो देखने पर संदेश मिलता है कि कार्य की फोटो उपलब्ध नहीं है या प्राप्त नहीं हो पाई।

कांग्रेस ने शहीद टीआई को दी श्रद्धांजलि

माफिया पर की कड़ी कार्रवाई की मांग



सतना, देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में थावरी चौराहा स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष खातेगांव देवास में अवैध शराब तस्करी को रोकने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शहादत पर जिला कांग्रेस कमेटी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत टीआई की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल ने सरकार से मांग की है कि दिवंगत टीआई को उनकी बहादुरी के लिए मरणोपरांत वीरता पुरस्कार दिया जाए। साथ ही इस हत्या और अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े सभी अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रवक्ता अमित गोयल ने राज्य की कानून व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरा प्रदेश इस समय नशा, भू, रेत, खाद्य और भ्रष्टाचार-रिश्वत माफियाओं के चंगुल में फंसा हुआ है। उन्होंने इन सभी के विरुद्ध सख्त कदम उठाकर प्रदेश को पूरी तरह से माफिया मुक्त बनाने की मांग की। श्रद्धांजलि देने वालो में उर्मिला त्रिपाठी, आरती सिंह, राजभान सिंह, हेमलता सिंह, डॉली चौरसिया, रामकुमार तिवारी, अमित अवस्थी, राजदीप सिंह, डॉ. पीडी पटेल, संगीता चौरसिया, मधु श्रीवास्तव, बरमेंद्र सिंह, जगदीश सेन, केके कुशवाहा, राजीव बैरागी, राहुल सोनी, साबिर खान, अजीम मंसूरी, सत्येंद्र निगम, जतिन शाह, संजू यादव, रामभुवन शर्मा, विक्रांत त्रिपाठी, केपी पाल, अजय सोनी, उजेफी अहमद, शैलेश तिवारी, गुंजन चौरसिया, विजय यादव, प्रयाग पांडे, दीपक मिश्रा, राजू लोधी, रामकुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सार-समाचार

एकेएसयू में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

सतना, देशबन्धु। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एकेएस विश्व विद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नीरू सिंह के संयोजन तथा डॉ. शिखा त्रिपाठी के विशेष योगदान से आयोजन सफल रहा। मुख्य अतिथि डॉ. आरएस त्रिपाठी एवं डॉ. हर्षवर्धन तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर जैन, डॉ. दिलीप तिवारी, सूर्यनाथ सिंह गहरवार एवं डॉ. एलएन शर्मा उपस्थित रहे। सीमा द्विवेदी, डॉ. पूर्णिमा सिंह, डॉ. नीता सिंह गहरवार, अमीर हसीब सिद्दीकी, डॉ. सानंद कुमार, डॉ. कल्पना मिश्रा एवं डॉ. भगवानदीन का सहयोग रहा। डॉ. सूर्यनाथ सिंह गहरवार एवं डॉ. आरएस त्रिपाठी ने एक-एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी। डॉ. आरएस मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलवाई शपथ

सतना, देशबन्धु। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय छात्रा परिषद का शपथ ग्रहण व सेमीनार का आयोजन प्राचार्य डॉ. एके पाण्डेय की अध्यक्षता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा जैन प्राध्यापक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष पारूल पांडे, उपाध्यक्ष आकृति नामदेव, सचिव भूमि यादव, सह सचिव प्रतिभा सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी ऋचा कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष रश्मि कुशवाहा को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलवाई गई। प्राचार्य ने छात्राओं को संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनने का आहवान करते हुए परिषद के पदाधिकारियों को दूसरे के विचारो का सम्मान करते अपने दायित्व का निर्वहन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गुरूनानक भारती अतिथि विद्वान स्ववित्तीय ने किया। वहीं अतिथि विद्वान दुर्गा प्रसाद, डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. किरण सिंह, डॉ. अर्पिता सिंह, डॉ. शीबा खानम, सौरभ अग्निहोत्री सहित बडी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



बाबा मनोहर शाह का मनाया बरसी महोत्सव

सतना, देशबन्धु। सतगुरु बाबा मनोहर शाह का 45वां बरसी महोत्सव कंवर नगर सिन्धी कॉलोनी स्थित मनोहर धाम में महंत स्वामी खिम्यादास, महंत स्वामी ईश्वरदास, महंत स्वामी संतोखदास, महंत स्वामी पुरुषोत्तम दास की गरिमामय उपस्थिति में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संत-महात्माओं ने आध्यात्मिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सेवा, प्रेम और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आश्रम के सेवादारी विनोद गेलानी ने बताया कि सुबह 10.30 बजे सत्संग सुधा, 11.30 बजे संत महात्माओं द्वारा सामूहिक यज्ञ हवन में पूर्णआहुति, शाम 6 बजे नितनेम, महंत स्वामी संतोखदास द्वारा रात्रि 8 बजे से एक शाम वरसी वाले सतगुरु के नाम एवं साईं गुरमुख दास इंदौर के साथ-साथ जबलपुर से पधारे पुनीत डांसर द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी नृत्य का मनमोहक प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया।



बजरंगदल ने किया रक्तदान



सतना, देशबन्धु। बजरंगदल द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान को लेकर जागरण सभा आयोजित की गई, जिसमें जिला अस्पताल के प्रशासक धीरेंद्र वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, लखन केसरवानी, डॉ. स्नेहलता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बजरंग दल के जिला संयोजक केशव शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुशवाहा, विकास सूखेजा ने भगवा दुपट्टा डाल कर अतिथियों का स्वागत और संचालन जिला मंत्री रावेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुशवाहा और सह प्रभारी विकास सुखेजा ने बताया कि बजरंग दल प्रतिवर्ष हुतात्मा दिवस अयोध्या की कर सेवा में 2 नवंबर 1992 को शहीद हुए कोठारी बंधुओं को याद कर मनाता है। बजरंग दल के रक्तदान शिविर में डॉ. दीपक सोई, मनीषा सोई और विश्व हिंदू परिषद के सचिन शुक्ला व सुधा शुक्ला ने एक साथ रक्तदान किया।

बिजली, खाद और सड़क समेत सात मुद्दों पर कांग्रेस का हल्लाबोल

अमदरा के बेरमा में विशाल धरना-प्रदर्शन



सतना, देशबन्धु। जिले के अमदरा ब्लॉक अंतर्गत बेरमा मंडलम कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष एवं युवा नेता अशोक साहू के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन के दौरान बिजली के बढ़े हुए दाम, अघोषित बिजली कटौती, नहर मुआवजा, अवैध शराब की पैकारी, पुल एवं सड़क निर्माण, खाद की किल्लत तथा स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई, बेरमा मंडलम अध्यक्ष अशोक साहू, अमदरा ब्लॉक अध्यक्ष अमजद खान, रमेश प्रजापति, रामभद्र पांडेय, महेंद्र त्रिपाठी, अमृतलाल पटेल, रविंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, प्रभात द्विवेदी, पुष्पराज बुंदेला, बद्री कुशवाहा, अरुण बुनकर सहित अनेक कांग्रेस नेता शामिल हुए। इसके अलावा सुख बदन सिंह, अरुण कुमार,अजय बंसल, विकास साहू, रानी साहू और राधिका साहू सहित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि जनसमस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से सातों सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निराकरण कराने की मांग की।

नशामुक्त सतना बनाने का संकल्प

पीजी कॉलेज में चला जागरुकता अभियान



सतना, देशबन्धु। शासकीय पीजी डिग्री कॉलेज, गहरा नाला में बुधवार, 4 नवंबर को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सतना को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. निशा शर्मा एवं कुंदनशील दिव्यांग फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने की अपील की। फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि नशे का दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति और उसके परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे पूरा समाज प्रभावित होता है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति देश के भविष्य, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने बताया कि कुंदनशील फाउंडेशन एवं मानव अधिकार संगठन द्वारा नशा मुक्ति अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को अभियान से जोड़कर नशामुक्त वातावरण बनाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. ऋतुराज दहायत, एडवोकेट दीपचंद गुप्ता, केके शुक्ला, अनिरुद्ध यादव, लायंस क्लब सदस्य वंदना अग्रवाल, काजल श्रीवास्तव, सुषमा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आदित्य इंस्टीट्यूट में हुआ विकसित भारत यूथ कन्वेंशन

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजन, विकसित भारत-2047 की दिलाई गई शपथ



सतना, देशबन्धु। विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, सतना में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत विकसित भारत यूथ कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और सकारात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को विकसित भारत-2047 के संकल्प की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए युवाओं की जागरूकता, सहभागिता और जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी, युवा मोर्चा अध्यक्ष यश यादव तथा आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सतना के डायरेक्टर इमरान खान सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

दीपावली पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग सतर्क



कार्यपालन अभियंता ने सौंपी क्षेत्रवार जिम्मेदारी

सतना, देशबन्धु। दीपावली पर्व के दौरान शहर में निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहर संभाग द्वारा विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता शहर संभाग मृगेन्द्र सिंह चंदेल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित वितरण ट्रांसफार्मरों डीटीआर के लोड वेरिफिकेशन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपी हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोलगवां क्षेत्र के सहायक अभियंता मानवेन्द्र नन्दन एवं मुख्तियारगंज के कनिष्ठ अभियंता राहुल मिश्रा को कोलगवां, बरदडीह एवं मुख्तियारगंज क्षेत्र के डीटीआर का लोड वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी दी गई है। टाउन क्षेत्र के सहायक अभियंता अवनीश कुमार पाण्डेय एवं कनिष्ठ अभियंता अटल मिश्रा को टाउन क्षेत्र के विभिन्न डीटीआर का लोड वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं टिकुरिया टोला क्षेत्र के डीटीआर का लोड वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी कनिष्ठ अभियंता अजय दुबे को सौंपी गई है। आरईएस क्षेत्र अंतर्गत सहायक अभियंता रामविनीत तिवारी एवं कनिष्ठ अभियंता इशरार मोहम्मद को धवारी, राजेन्द्र नगर, पतेरी सहित अन्य क्षेत्रों में डीटीआर का लोड वेरिफिकेशन करने का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही मेंटेनेंस कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सहायक अभियंता कुलदीप मिश्रा को शहर की विद्युत लाइनों एवं उपकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

दीपावली पर बेहतर विद्युत व्यवस्था प्राथमिकता

विद्युत विभाग का उद्देश्य त्योहार के दौरान ट्रांसफार्मरों पर अनावश्यक भार की स्थिति को रोकना, संभावित तकनीकी समस्याओं की समय रहते पहचान करना तथा विद्युत लाइनों एवं उपकरणों का आवश्यक रखरखाव सुनिश्चित करना है, ताकि दीपावली के अवसर पर शहरवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके और त्योहार की खुशियों में बिजली व्यवधान बाधा न बने।

नागौद के युवाओं ने पेश की मिसाल



नागौद, देशबन्धु। नगर के ऐतिहासिक फुटबॉल फील्ड स्टेडियम में स्वच्छता की एक प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली। वरिष्ठ समाजसेवी एवं नगर परिषद नागौद के एल्डर सुशील कुमार द्वारा मैदान में फैली गंदगी, पन्नी और कागजों को स्वयं उठाकर सफाई की जा रही थी। उनकी इस पहल से प्रेरित होकर नगर के कुछ युवाओं ने भी स्वेच्छा से स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। इस दौरान शशि वर्धन सिंह परिहार, मयंक त्रिपाठी, प्रिंस कुशवाहा, मयंक रजक एवं अजीत गुप्ता सहित अन्य युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया। सुशील कुमार ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है। जब युवा स्वयं आगे आकर ऐसे कार्यों में भागीदारी निभाते हैं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने सभी युवाओं को धन्यवाद देते हुए उनके अभिभावकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। जिम्मेदार युवाओं का आगे आना नगर के लिए गर्व की बात है।

मोगली बाल उत्सव में मैहर का परचम

कृष्णा और सोनम ने प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान



सतना, देशबन्धु। राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2026 में मैहर जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। पेंच राष्ट्रीय उद्यान, सिवनी में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित उत्सव की वरिष्ठ वर्ग मल्टीमीडिया पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता में मैहर के कृष्णा विश्वकर्मा एवं सुश्री सोनम चौरसिया ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, भोपाल एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव, जलवायु परिवर्तन, ओजोन संरक्षण, मिशन लाइफ और प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों के ज्ञान एवं समझ का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में मैहर के कृष्णा विश्वकर्मा और सोनम चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नरसिंहपुर जिले की अंजलि साहू एवं ओम चौधरी ने द्वितीय तथा जबलपुर जिले के शुभम जैन एवं अभिरुचि कश्यप ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मैहर जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा एवं जिला मास्टर ट्रेनर इको क्लब ब्रजनंदन तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

गरादा धाम में बाउंड्रीवॉल और गार्डन निर्माण का भूमिपूजन



उचेहरा, देशबन्धु। जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत पोड़ी गरादा स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गरादा धाम के विकास का रास्ता खुल गया है। जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने अपनी निधि से 10 लाख रुपये की लागत से बाउंड्रीवॉल और गार्डन निर्माण की स्वीकृति दी है। निर्माण कार्य का भूमिपूजन जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। टमस नदी के तट पर स्थित गरादा धाम क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केंद्र है। यहां भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी से जुड़ी मान्यताओं के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला मेला पूरे संभाग में प्रसिद्ध है। इसके अलावा श्रद्धालु यहां टमस नदी में अस्थि विसर्जन भी करते हैं। ग्रामीण लंबे समय से मेला मैदान में बाउंड्रीवॉल, पार्क और नदी में घाट निर्माण की मांग कर रहे थे।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू रहे, जबकि अध्यक्षता सरपंच रामकलेश चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य डॉ. लालबिहारी सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रताप जायसवाल, सचिव मनीषा सिंह, सुखेंद्र सिंह एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल भरहुत अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने कहा कि गरादा धाम के समग्र विकास के लिए 10 लाख रुपये पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन विकास कार्य की शुरुआत की गई है। भविष्य में सभी के सहयोग से यहां व्यवस्थित घाट निर्माण कराने के प्रयास भी किए जाएंगे।

जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने निधि से दी राशि

सरपंच रामकलेश चौधरी और रामप्रताप जायसवाल ने इस सौगात के लिए जिला पंचायत सदस्य का आभार जताया। कार्यक्रम में बालेन्द्र सिंह पटेल, अखिलेश सिंह परिहार, राजकली सिंह, संत कुमार केवट, घासिल प्रसाद विश्वकर्मा, इंद्रपाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बहन के साथ सो रही किशोरी को घसीट ले गया तेन्दुआ

150 मीटर दूर झाड़ियों में मिला क्षत-विक्षत शव, तेंदुए की तलाश में जुटीं वन विभाग की टीमें

शहडोल, देशबन्धु। जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के तगावर गांव के बिजाहरा टोला में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक तेंदुए ने घर की परछी में अपनी बहन के साथ सो रही 18 वर्षीय किशोरी को अपना शिकार बना लिया। तेंदुआ किशोरी को उठाकर घर से बाहर ले गया। सुबह करीब 150 मीटर दूर झाड़ियों में उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। वन विभाग और पुलिस की टीमें तेंदुए की तलाश में जुटी हुई हैं।



बहन के साथ सो रही थी किशोरी, रात में उठा ले गया तेंदुआ-प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका सरस्वती सिंह गोंड रात में अपनी बहन के साथ घर के बाहर बनी परछी में सो रही थी, जबकि उसकी मां घर के अंदर कमरे में सो रही थी। बताया जाता है कि घर में दरवाजा नहीं लगा हुआ था। इसी दौरान तड़के एक तेंदुआ घर में घुस आया और सो रही सरस्वती को उठाकर जंगल की ओर ले गया। घटना से अनजान उसकी बहन की जब सुबह नींद खुली तो सरस्वती बिस्तर से गायब थी। उसने तत्काल अपनी मां को जगाया। इसके बाद मां और बेटी ने आसपास उसकी तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान घर से कुछ दूरी पर उसका कंबल मिला। इसके बाद खोजबीन करने पर घर से करीब 150 मीटर दूर झाड़ियों में सरस्वती का क्षत-विक्षत शव मिला। दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची-घटना की जानकारी सुबह करीब चार बजे ब्यौहारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। एसडीओपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। जंगली जानवर के हमले की पुष्टि होने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

दरवाजा नहीं होने से घर में घुसा तेंदुआ-घटना की जानकारी मिलने पर डीएफओ तरुणा वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि संबंधित गांव वन क्षेत्र से लगा हुआ है। घर में दरवाजा नहीं होने के कारण तेंदुआ अंदर प्रवेश कर गया और किशोरी को उठाकर ले गया। उन्होंने बताया कि मृतका के पिता शिवचरण महाराष्ट्र में मजदूरी करते हैं। परिवार में मां और दो बेटियां रहती थीं। वन विभाग की ओर से नियमानुसार मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जा रही है।

तेंदुए की तलाश में सर्च ऑपरेशन-घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों में वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर चिंता और आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में ग्रामीण तेंदुए की तलाश में जुटे हुए हैं। वहीं वन विभाग और पुलिस की कई टीमें आसपास के जंगलों और संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।

मोटरसाइकिल से लाड़ली बहनों को लाने के लगाए बिल, जांच शुरू

उमरिया की धनवाही पंचायत ने एक बाइक के 3 हजार और दूसरी के 4,900 रुपए के बिल लगाए

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले की धनवाही ग्राम पंचायत ने लाड़ली बहना सम्मेलन में हितग्राहियों को लाने-ले जाने के लिए चारपहिया वाहनों के बजाय पल्सर और हीरो बाइक के बिल लगाए। एक बिल 3 हजार रुपए का है, जबकि दूसरा 4,900 रुपए का।



धनवाही से सम्मेलन स्थल गुरुवाही की दूरी महज 14 से 18 किमी- चौंकाने वाली बात यह हैं कि धनवाही गुरुवाही के बीच सड़क मार्ग की दूरी महज 14 से 18 किलोमीटर हैं। अक्टूबर को मानपुर विधानसभा क्षेत्र के गुरुवाही में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन हुआ था। इसके लिए जिले की ग्राम पंचायतों को हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी थी। इसी व्यवस्था के तहत करकेली जनपद पंचायत की धनवाही ग्राम पंचायत ने दोपहिया वाहनों के बिल लगाए। पंचायत की ओर से लगाए गए पहले बिल में एमपी 54 जेडसी 1817 नंबर की पल्सर बाइक का 3 हजार रुपए किराया दर्ज है। दूसरे बिल में एमपी 17 जेडए 1482 नंबर की हीरो बाइक के लिए 4,900 रुपए की राशि बताई गई है। दोनों बिलों की कुल राशि 7,900 रुपए है। ये बिल पंचायत की सरपंच और सचिव शिखा गुप्ता के नाम से लगाए गए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि दोनों वाहनों का इस्तेमाल सम्मेलन में हितग्राहियों को लाने-ले जाने के लिए वास्तव में हुआ था या नहीं। साथ ही बिलों में दर्ज वाहनों और यात्रा के विवरण का सत्यापन किया जाएगा।जनपद पंचायत करकेली के सीईओ प्रबांशु सिंह ने मामले की जांच पीसीओ को सौंपी है। जांच में बिलों और वाहनों के इस्तेमाल की पुष्टि की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। ग्राम पंचायत सचिव शिखा गुप्ता ने कहा कि यह हमारी चूक नहीं है। ट्रैवल्स वाले की चूक है, जिसने बिल दिया है। हमने सुधार करवा दिया है।

सार-समाचार



187 डिब्बों और मटकों से 2890 किलो महुआ लाहन बरामद, कराया नष्ट

उमरिया, देशबन्धु। आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को उमडार, ज्वालामुखी और महरोई क्षेत्र में कार्रवाई कर अवैध शराब बनाने के लिए तैयार किया जा रहा महुआ लहान जब्त किया है। तीनों जगहों से कुल 187 डिब्बों और मटकों में 2,890 किलो महुआ लहान बरामद हुआ है। जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार ने बताया कि विभाग की टीम ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान 187 डिब्बों और मटकों से महुआ लहान जब्त कर नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान किसी भी स्थान पर आरोपी नहीं मिले। फिलहाल विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

पड़ोसी के कुएं में मिला युवक का शव, तीन दिन से था लापता

उमरिया, देशबन्धु। जिले के मानपुर में तीन दिन से लापता 24 वर्षीय प्रमोद का शव बुधवार को पड़ोस के एक कुएं में मिला। शव पानी निकालने के लिए डाली गई बाल्टी में फंसा था।शव मिलने की सूचना पर मानपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, प्रमोद रविवार से घर से लापता था। वह अपनी मां के साथ मानपुर में रहता था और दो भाइयों में सबसे छोटा था। मंगलवार को लोग कुएं से पानी भरने पहुंचे, तब उन्हें बाल्टी में शव दिखाई दिया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। प्रमोद की मौत किन हालात में हुई, यह अभी साफ नहीं है। थाना प्रभारी बृज किशोर गर्ग ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एक्सपायरी सूजी और खराब सब्जियों से बन रहा था भोजन, जांच के निर्देश



उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड के माध्यमिक विद्यालय गढपुरी में बच्चों के लिए एक्सपायरी और कीड़े लगी सूजी से हलवा बनाया जा रहा था। रसोई में खराब सब्जियां भी मिलीं। जानकारी मिलने पर एसडीएम ने जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। मंगलवार को बच्चों के लिए हलवा बनाने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान विकासखंड स्रोत समन्वयक मानपुर को सूजी की हालत की जानकारी मिली। उन्होंने मौके पर पहुंचकर मध्यान्ह भोजन बनवाने से रुकवा दिया। जांच के दौरान रसोई में सूजी खराब मिली। सब्जियां भी खराब हालत में पाई गईं। इसके बाद विकासखंड स्रोत समन्वयक ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। एसडीएम मानपुर हरनीत कौर ने बुधवार को बताया कि उन्हें शिकायत की जानकारी मिली है। बुधवार को ही मामले की जांच कराई जाएगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर शासकीय महाविद्यालय बुढ़ार में हुए विविध आयोजन

बुढ़ार, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर महाविद्यालयीन छात्रों को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा से परिचित कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा।

महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ. गंगा मिश्रा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व, प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों को प्रदेश के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिये प्रेरित किया।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिल उपाध्याय ने मध्य प्रदेश के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं स्थापना दिवस के महत्व की जानकारी दी और उन्होंने प्रदेश की विशिष्ट पहचान का उल्लेख करते हुये इसे भारत का हृदय प्रदेश, टाइगर स्टेट एवं सोयाबीन स्टेट बताया। साथ ही प्रदेश की भौगोलिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। डॉ. स्वल्किन खान ने प्रदेश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक समरसता और जनजातीय परंपराओं की विशेषताओं को रेखांकित किया। वहीं, डॉ. दीपक पटेल ने पर्यटन, कृषि, वन्यजीव संरक्षण, शिक्षा एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने खजुराहो, सांची एवं भीमबेटका जैसे विश्वविख्यात धरोहर स्थलों के माध्यम से प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय पहचान को रेखांकित किया। कार्यक्रम अवसर पर छात्राओं ने भी अपने विचारों के माध्यम से प्रदेश के इतिहास, संस्कृति एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश की संस्कृति एवं जनजातीय जीवन पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाती झांकियां भी प्रस्तुत कीं। इसके अलावा भाषण, पोस्टर निर्माण, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों की भी भागीदारी रही।

वन्यप्राणियों के शिकार पर वन विभाग का शिकंजा

11 केवी लाइन से करंट फैलाने वाला गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। वन्यप्राणियों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी और गश्त की जा रही है। इसी कड़ी में दक्षिण शहडोल वनमंडल की रात्रि गश्ती टीम ने 11 केवी विद्युत लाइन से करंट फैलाकर जंगली सुअर का शिकार करने की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की तत्परता से वन्यप्राणी का शिकार होने से बच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन संरक्षक वृत्त शहडोल महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे एवं उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात दक्षिण शहडोल वनमंडल की रात्रि गश्ती टीम ग्राम धनगवां के भैरव टोला राजस्व क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान भैरव टोला से कालोनी की ओर जाने वाली 11 केवी विद्युत लाइन के माध्यम से वन्यप्राणियों के शिकार के लिए करंट फैलाए जाने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही गश्ती दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान घटनास्थल से कुछ व्यक्तियों को भागते हुए देखा गया। वनकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कतलू, पिता हरीदीन बैगा, निवासी धनगवां बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने 11 केवी विद्युत लाइन से करंट फैलाकर जंगली सुअर का शिकार करने का प्रयास किए जाने की बात स्वीकार की। वन विभाग की टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए शिकार की योजना को विफल कर दिया। इस कार्रवाई से वन्यप्राणी का शिकार होने से बच गया। गिरफ्तार आरोपी को 1 नवंबर 2026 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत उसे जिला जेल शहडोल भेज दिया गया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश एवं आगे की वैधानिक कार्रवाई के संबंध में वन विभाग द्वारा जानकारी नहीं दी गई है।




उत्कृष्ट कार्य करने वाले वनकर्मी सम्मानित

वन्यप्राणी संरक्षण एवं अवैध शिकार की रोकथाम के लिए रात्रि गश्ती दल द्वारा दिखाई गई तत्परता और सराहनीय कार्य को देखते हुए 4 नवंबर 2026 को वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे द्वारा वनमंडल कार्यालय में संबंधित कर्मचारियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित दक्षिण वनमंडल कर्मचारी , नरेंद्र कुमार बाथम, उपवनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र सहायक चुहरी। , रविनारायण शुक्ला, वनरक्षक, बीट क्रमांक 61, शिवम बैगा, वनरक्षक, बीट गार्ड धनगवां दिलबाज खान, वाहन चालक। राधो यादव, अध्यक्ष, ग्राम वन समिति धनगवां। ,रामजियावन, सुरक्षा श्रमिक। वन विभाग की इस कार्रवाई को वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

रामपुर-बघेलान विधानसभा के प्रभारी बने सुजीत सिंह चंदेल

कांग्रेस संगठन ने सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में हर्ष

बुढ़ार।,देशबन्धु। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से सतना ग्रामीण जिले की रामपुर-बघेलान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 के लिए सुजीत सिंह चंदेल को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।



सुजीत सिंह चंदेल पूर्व में बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वर्तमान में वे जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, निष्ठा और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें रामपुर-बघेलान विधानसभा क्षेत्र का प्रभार सौंपा है। चंदेल लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। सहज उपलब्धता, मिलनसार व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के चलते वे पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच अपनी पहचान रखते हैं। नई जिम्मेदारी के तहत उनसे रामपुर-बघेलान विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की अपेक्षा की गई है। नियुक्ति पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं सुजीत सिंह चंदेल की नियुक्ति पर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बलमीत सिंह खनुजा, हनुमान खंडेलवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह, भानु दीक्षित, मोहम्मद आजाद, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, अरविंद नायक, लीला राम जगवानी, सनाउल्लाह खान, अनिल जायसवाल, एसपी सिंह, इंद्र मोहन मिश्रा, नौशेरमा खान एवं सुनील सोनी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीराम जानकी मंदिर बुढ़ार में हनुमान जयंती पर दो दिवस तक होगा सुन्दर कांड पाठ

बुढ़ार, देशबन्धु। पवनसुत श्रीहनुमान जयंती के पुण्य अवसर पर बुढ़ार नगर के सुप्रसिद्ध श्रीराम जानकी मंदिर में 5 नवम्बर से 7 नवंबर तक त्रिदिवसीय जयंती महोत्सव पर सुंदरकांड पाठ सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया है, और कार्यक्रम की श्रंखला में 7 नवम्बर को पूजन एवं महाअभिषेक अवसर पर 1 हजार 1 सौ लड्डुओं से हनुमान जी का अर्चन श्रद्धालु-धर्मप्रेमियों के श्रद्धामयी उपस्थिति में किया जायेगा वहीं आगामी 10 नवम्बर को मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन किया गया है। श्रीराम जानकी मंदिर बुढ़ार के पूज्य महन्त श्री अर्जुन दास जी महाराज के सद्प्रेरणा एवं शुभाशीष से त्रिदिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव तथा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन बुढ़ार नगर के अति प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर के परमपूज्य साकेत वासी महन्त श्री के शुभाशीर्वाद से किया जा रहा है और श्रीराम जानकी मंदिर के वर्तमान महन्त श्री अर्जुन दास जी महाराज के प्रति आयोजन को लेकर नगर एवं आस-पास के क्षेत्रीय श्रद्धालु धर्मप्रेमियों में अटूट आस्थायें बनी हुई है और मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों व अनुष्ठानों में पूरे श्रद्धा एवं भव्यता के साथ श्रद्धालु जन अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

एनटीपीसी में विक्रेता विकास कार्यक्रम : पारदर्शिता से विश्वास, सहभागिता से मिलती है समृद्धि

सिंगरौली, देशबन्धु। एनटीपीसी विंध्याचल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अंतर्गत 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर 2 नवंबर को एक दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विक्रेता भागीदारों के साथ पारदर्शिता, नैतिक व्यावसायिक आचरण, नियमों के अनुपालन एवं आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना था। कार्यकारी निदेशक विंध्याचल किशोर कुमार होता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एम. सुरेश, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम, टीएन सीतारामन, महाप्रबंधक रसायन, डॉ. बीके भराली, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, एचपी देवांगन, महाप्रबंधक वीएसआर ओवरहॉलिंग, अनिरुद्ध सिंह, मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ एके मिश्रा, अपर महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री के स्वागत संबोधन से हुआ। तत्पश्चात किशोर कुमार होता ने दीर्घकालिक एवं सुदृढ़ व्यावसायिक साझेदारी के लिए सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक आचरण की महत्ता पर बल दिया। विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों में औद्योगिक सुरक्षा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन, व्यावसायिक स्वास्थ्य, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमिता, श्रम कानून, जेम पोर्टल, साइबर सुरक्षा तथा वीआईएमएस भुगतान प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। विक्रेता प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए, जिससे सार्थक संवाद और परस्पर सहयोग को बढ़ावा मिला। कायक्रम को डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक आरएलआई के बहुमूल्य योगदान से समृद्ध किया गया। संदीप कुमार, उप महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री तथा मानव संसाधन, टीएडी, आईटी, आईसीएच एवं संविदा एवं सामग्री विभागों की टीमों ने कार्यक्रम का प्रभावी समन्वय किया।



मीनाक्षी बाला वर्मा, अपर महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों से सत्यनिष्ठा एवं नैतिक व्यावसायिक आचरण के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

आंगनवाड़ी केंद्रों में सप्ताह में दो दिन बच्चों को मिलेंगी पौष्टिक रोटियां



पालक, गाजर, चुकंदर और हल्दी से तैयार होंगी रंग-बिरंगी रोटियां, बच्चों में पौष्टिक भोजन के प्रति रुचि बढ़ाने की पहल

अनूपपुर, देशबन्धु। जिले के बच्चों को पौष्टिक एवं रुचिकर आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नई पहल की जा रही है। आयुक्त महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर रत्नाकर झा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में अब प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को बच्चों को पौष्टिक रोटियां परोसी जाएंगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भोजन में विविधता लाने के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना और भोजन के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इसके तहत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य सामग्रियों का उपयोग कर आकर्षक एवं स्वास्थ्यवर्धक रोटियां तैयार की जाएंगी।

रोटियों को पौष्टिक बनाने के लिए पालक, गाजर, चुकंदर और हल्दी जैसी प्राकृतिक सामग्रियों के साथ पौष्टिक अनाज एवं दालों का उपयोग किया जाएगा। इन सामग्रियों के मिश्रण से रोटियों में प्राकृतिक रंग एवं पोषक तत्व शामिल होंगे। रंग-बिरंगी रोटियों के माध्यम से बच्चों को विविधतापूर्ण आहार देने तथा उनके भोजन को अधिक रुचिकर बनाने का प्रयास किया जाएगा। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में इस व्यवस्था का संचालन स्थानीय स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को निर्धारित दिवसों पर पौष्टिक रोटियों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।

मिठाई दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, सात नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे



अनूपपुर, देशबन्धु । त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अनूपपुर शहर के मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। कलेक्टर के निर्देश एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन अलका तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान श्री महादेव स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से मगज लड्डू एवं कुंदा बर्फी के नमूने लिए गए। वहीं न्यू सुधा स्वीट्स अनूपपुर से छेना रसगुल्ला, कलाकंद, मिल्क केक एवं मगज लडडू सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कुल सात खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश-

निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से तैयार करने तथा उचित ढंग से संग्रहित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

गांजा जब्ती मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश उपाध्याय लाइन अटैच, प्रवीण साहू को मिली कमान



अनूपपुर, देशबन्धु। गांजा जब्ती मामले में शुरुआती जांच के दौरान कई बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट नहीं होने के बाद अनूपपुर पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने कोतवाली प्रभारी उमेश उपाध्याय को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं वेंकटनगर चौकी प्रभारी प्रवीण साहू को कोतवाली की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम और एसडीओपी सुजीत कुमार कर रहे हैं।

शुरुआती जांच रिपोर्ट में नहीं हुई स्थिति स्पष्ट - पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के अनुसार गांजा जब्ती मामले की जांच के लिए एएसपी जगन्नाथ मरकाम और अनूपपुर एसडीओपी सुजीत कुमार को निर्देशित किया गया था। शुरुआती जांच रिपोर्ट में कई बिंदुओं पर पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में जांच को निष्पक्ष बनाए रखने और प्रभावित होने से रोकने के लिए उमेश उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से उनके कार्यक्षेत्र से हटाकर लाइन अटैच किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी दो से तीन दिनों में मामले की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

एंटी नारकोटिक्स अभियान में 5.280 किलो गांजा जब्त - गौरतलब है कि रविवार को राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत अनूपपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5.280 किलो गांजा, 3 लाख 45 हजार 700 रुपये नकद और करीब 10 लाख रुपये कीमत की एक कार जब्त की थी। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की कीमत 52 हजार 800 रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह भी दावा किया कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अन्य जिलों और थानों में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं।

प्रेस नोट में आरोपियों और वाहन मालिक की जानकारी नहीं - कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में गिरफ्तार आरोपियों के नाम, कार्रवाई के स्थान और जब्त कार के मालिक का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया था। प्रेस नोट में एक आरोपी की उम्र 43 वर्ष और पता वार्ड नंबर 14, कड़ीटोला थाना बुढार, जिला शहडोल बताया गया था। वहीं दूसरे आरोपी की उम्र 24 वर्ष और पता वार्ड नंबर 14 मुरलियाबाग रोड थाना बुढार, जिला शहडोल दर्ज किया गया था।

सार-सामाचार

किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उपलब्ध कराएंः कृषि उत्पादन आयुक्त



अनूपपुर, देशबन्धु। कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता ने रबी सीजन के मद्देनजर किसानों को उनकी मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अमानक खाद, बीज एवं कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा किसानों को खाद के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री गुप्ता रीवा एवं शहडोल संभाग के संभागायुक्तों, कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी कलेक्टर्स अपने जिलों में इनकी उपलब्धता की नियमित समीक्षा करें तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

फसल बीमा योजना का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाएं

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को योजना के प्रावधानों एवं लाभों की जानकारी देकर जागरूक करने की आवश्यकता बताई।

उद्यानिकी फसलों के विस्तार पर जोर - श्री गुप्ता ने कहा कि रीवा एवं शहडोल संभाग में उद्यानिकी फसलों के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं। किसानों को फल, सब्जी, मसाले एवं औषधीय फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने तथा उद्यानिकी गतिविधियों को उद्योग के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने पशुपालन को किसानों की आय का अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए डेयरी योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने, गौशालाओं का पंजीयन कराने तथा स्व-सहायता समूहों को दुग्ध उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही चलित पशु चिकित्सा इकाइयों की सेवाओं की नियमित निगरानी कर पशुपालकों को उनका लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

दिल्ली कार्यक्रम में अनुपस्थिति पर युवा कांग्रेस की कार्रवाई, अनूपपुर जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा निलंबित



5 प्रदेश उपाध्यक्ष, 14 महासचिव, 32 सचिव और 9 जिलाध्यक्षों पर गिरी गाज, संगठनात्मक अनुशासन को लेकर सख्ती

अनूपपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने दिल्ली में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए व्यापक संगठनात्मक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत अनूपपुर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। युवा कांग्रेस के इस फैसले से संगठन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली में आयोजित युवा कांग्रेस के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने को संगठन ने गंभीरता से लिया है। इसी के चलते प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। जारी कार्रवाई में 5 प्रदेश उपाध्यक्ष, 14 प्रदेश महासचिव, 32 प्रदेश सचिव और 9 जिला युवा कांग्रेस अध्यक्षों को निलंबित किया गया है।

निलंबित जिला अध्यक्षों की सूची में अनूपपुर के मानवेन्द्र मिश्रा के अलावा मैहर, आगर मालवा, नीमच, बुरहानपुर, गुना, बड़वानी, छतरपुर और भिंड के जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं। युवा कांग्रेस की इस कार्रवाई को संगठन में अनुशासन, जवाबदेही और सक्रियता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के बाद संगठन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि निर्धारित कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संस्कार लॉ कॉलेज में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



बच्चों के अधिकारों, संरक्षण एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की दी गई जानकारी

अनूपपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर की अध्यक्ष माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। 1 से 6 नवंबर तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में बच्चों के अधिकारों, संरक्षण तथा उनसे संबंधित विधिक प्रावधानों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

शिविर में जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया द्वारा बच्चों के अधिकारों, उनके संरक्षण के लिए प्रभावी विधिक प्रावधानों एवं पॉक्सो अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा बाल अधिकारों के संरक्षण में कानून की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

इसी क्रम में जिला न्यायाधीश विधि डागलिया द्वारा विद्यार्थियों को मानव तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 तथा नाबालिग बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2024 के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों के हितों की रक्षा, उनके सुरक्षित भविष्य तथा विधिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह तथा मध्यस्थता की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई।

शिविर में संस्कार लॉ कॉलेज के प्राचार्य आनंद कुमार द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक अनुराग पाल, पुष्पेंद्र कुमार पटेल, विद्यासागर माझी, केवल चंद गोस्वामी, गरिमा मिश्रा, सरिता चौरसिया सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दीपोत्सव आजीविका संगम मेले का आयोजन आज से

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत सिवनी के तत्वावधान में 5 एवं 6 नवंबर 2026 को जनपद पंचायत सिवनी के प्रांगण में दो दिवसीय दीपोत्सव आजीविका संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना तथा उनके उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

श्री शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी की हुई गणना

गाडरवारा, देशबन्धु। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी न्यास के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में खोली गई। मंदिर परिसर में विधिवत रूप से दान पेटी खोलकर राशि की गणना की गई।

गणना के दौरान दान पेटी से कुल 1 लाख 40 हजार 899 रुपये की राशि निकली। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष हंसराज मालपानी, कोषाध्यक्ष जिनेश जैन, गोपाल मालपानी, कन्हैया यादव, श्याम राठी सहित अन्य सहयोगी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूरी राशि की पारदर्शिता के साथ गिनती की गई। गणना कार्य में सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया। न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि भक्तों द्वारा दान की गई ।

यह राशि मंदिर के विकास कार्यों, धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं के सुधार में उपयोग की जाएगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्तों की आस्था और सहयोग से ही श्री शिवधाम डमरू घाटी का निरंतर विकास हो रहा है।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 05 नवंबर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, कार्तिक कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र- उ.फा.



मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा। दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा।



वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।



मिथुन - किसी खास काम में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी भी आपसे पराजित होंगे। दोपहर के बाद घर में किसी विवाद का वातावरण बना रहेगा। **क. 278-789**



कर्क - आज आपका मन किसी उलझन में रहेगा, इससे आपको किसी विशेष काम करने में निराशा होगी। परिजनों के साथ तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है।



सिंह - आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप प्रत्येक कार्य दृढ़ निर्णय शक्ति से करेंगे। इससे सफलता मिलेगी। आपमें क्रोध की भावना थोड़ी रहेगी, इसलिए मौन बने रहें।



कन्या - आज आपका मन कुछ अधिक इमोशनल रहेगा। इमोशनल होकर किसी तरह का गलत निर्णय ना ले लें, इसका ध्यान रखें। आज चर्चा और वाद-विवाद से दूर रहें।



तुला - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



वृश्चिक - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से प्रत्येक काम पूरे होंगे। व्यवसाय में भी आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। जॉब में अधिकारी आपके काम से खुश होंगे।



धनु - आप आज धार्मिक बने रहेंगे। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपका व्यवहार भी आज अच्छा रहेगा। गलत कामों से दूर रहेंगे।



मकर - आज संभलकर रहें। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाह न रहें। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। इससे आपके बहुत से काम आसानी से बन जाएंगे।



कुंभ - आज साधारण सी बातों पर दांपत्यजीवन में विवाद हो सकता है। सांसारिक बातों में आपका मन नहीं लगेगा। अदालती कामकाज में संभलकर रहें।



मीन - आपका मन आज किसी चिंता में रहेगा। काम की सफलता में आपको विघ्न आएंगे। ऑफिस में साथियों की मदद नहीं मिलेगी। **मा. 389-267**

2,5,7,6,27,57,70,65,35,82,03

सब रक्षक हैं, तो भक्षक कौन ?

सत्ता और विपक्ष के लोकतंत्र बचाओ अभियान के बीच आम आदमी के सवाल गायब : विनोद विन्ध्येश्वरी प्रसाद पाण्डेय

अनूपपुर, देशबन्धु। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों लोकतंत्र की रक्षा का दावा कर रहे हैं, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और आम जनता की समस्याएं राजनीतिक विमर्श में पीछे छूटती नजर आ रही हैं। भारतीय राजनीति में इन दिनों लोकतंत्र की रक्षा को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी संघर्ष तेज है। एक ओर भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' का नारा बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के अभियान के साथ लोकतंत्र की रक्षा का दावा कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र के रक्षक होने का दावा कर रहे हैं, तो आखिर लोकतंत्र को खतरा किससे है? लेखक विनोद विन्ध्येश्वरी प्रसाद पाण्डेय ने अपने विचारात्मक लेख में भारतीय राजनीति के इस विरोधाभास को रेखांकित करते हुए कहा है कि लोकतंत्र किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं, बल्कि संविधान से संचालित व्यवस्था है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, जबकि विपक्ष का दायित्व सरकार की नीतियों की समीक्षा करना और जनता के हितों की आवाज उठाना है। लेख में कहा गया है कि मौजूदा राजनीतिक विमर्श में जनता के वास्तविक मुद्दों की अपेक्षा आरोप-प्रत्यारोप अधिक प्रभावी होते जा रहे हैं। सत्ता पक्ष विपक्ष को अराजकता का प्रतीक बताता है, तो विपक्ष सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोप लगाता है। लेकिन दोनों पक्षों के बीच अपने राजनीतिक आचरण की समीक्षा करने की आवश्यकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक दलों के आंतरिक लोकतंत्र पर सवाल - विनोद विन्ध्येश्वरी ने राजनीतिक दलों के आंतरिक लोकतंत्र पर भी सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार, लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले दलों को अपने संगठन में असहमति का सम्मान करना चाहिए। सत्ता पक्ष को अपनी उपलब्धियों के साथ कमियों का भी हिसाब देना चाहिए,



जबकि विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति के बजाय ठोस वैकल्पिक नीतियां प्रस्तुत करनी चाहिए।

आम आदमी की समस्याएं राजनीतिक विमर्श से दूर - लेख में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, मजदूरों की आर्थिक स्थिति, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों को आम जनता के प्रमुख मुद्दे बताया गया है। युवा डिग्री हासिल करने के बाद रोजगार के लिए संघर्ष कर रहा है। किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए परेशान है। मध्यमवर्गीय परिवार महंगाई और घरेलू खर्चों के दबाव में है, जबकि गरीब व्यक्ति के लिए इलाज कराना भी आर्थिक चुनौती बना हुआ है। लेखक का कहना है कि सरकारी योजनाओं की घोषणाओं और सुशासन के दावों के बावजूद आम नागरिक को कई बार सरकारी कार्यालयों में अपने जायज काम कराने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में सवाल है कि क्या सत्ता पक्ष और विपक्ष जनता की इन समस्याओं के समाधान के लिए भी उसी गंभीरता से सड़क पर उतरेंगे, जिस तरह लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर राजनीतिक आंदोलन किए जा रहे हैं?

मतदाता की जागरूकता भी लोकतंत्र की ताकत - लेख में मतदाता की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया है। लेखक के अनुसार, लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता का जागरूक होना आवश्यक है। मतदाता को अपने पसंदीदा नेता की गलतियों पर भी सवाल उठाने चाहिए और चुनाव के दौरान वास्तविक जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि जनता की जिम्मेदारी के साथ राजनीतिक दलों का दायित्व भी कम नहीं है। जनता के सामने सही जानकारी और बेहतर विकल्प प्रस्तुत करना राजनीतिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका अहम - विनोद विन्ध्येश्वरी ने मीडिया की भूमिका पर भी आत्ममंथन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या मीडिया की प्राथमिकता आम जनता की समस्याएं हैं या राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप? लोकतंत्र में मीडिया को किसी राजनीतिक खेमे का प्रतिनिधि बनने के बजाय जनता की आवाज बनना चाहिए साथ ही संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त बताया गया है। किसी भी संस्था पर उठने वाले सवालों का जवाब पारदर्शिता और तथ्यों के आधार पर दिया जाना चाहिए।

जनता की जिंदगी से तय होगी लोकतंत्र की वास्तविक स्थिति - लेख के निष्कर्ष में कहा गया है कि लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती किसी रैली की भीड़, पदयात्रा की लंबाई या राजनीतिक नारों की ऊंचाई से नहीं मापी जा सकती। इसकी असली पहचान आम आदमी को मिलने वाले न्याय, रोजगार, सम्मान और सुशासन से होती है। लोकतंत्र बचाने की लड़ाई तब तक अधूरी रहेगी, जब तक बेरोजगार युवा को नौकरी, किसान को फसल का उचित मूल्य, गरीब को समय पर इलाज और नागरिक को उसकी समस्याओं का समाधान नहीं मिलता।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का शिविर अब 13 नवंबर को होगा आयोजित

6 नवंबर को प्रस्तावित शिविर स्थगित, नगर परिषद डूमर कछार के वार्ड 9 में लगेगा शिविर

अनूपपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का संचालन 8 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत अनूपपुर जिले में 6 नवंबर 2026 को प्रस्तावित शिविर की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह शिविर 13 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का शिविर नगर परिषद डूमर कछार के वार्ड क्रमांक 9 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को अभियान का लाभ प्रदान किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि 13 नवंबर को शिविर स्थल पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का लाभ उठाएं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने रीवा एवं शहडोल संभाग की खरीफ वर्ष 2026 की समीक्षा

कम पानी वाली फसलों के लिए किसानों को किया जाए प्रोत्साहित



रीवा देशबन्धु। सभी जिले किसानों को फसलों की ऐसी वैरायटी के लिए प्रोत्साहित करें जो कम पानी में भी बंपर उत्पादन देती हों। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को इसके बारे में जानकारी दें। इस वर्ष पानी एवं माइश्चर की कमी है और हमें अपना फसल उत्पादन भी बढ़ाना है। इसके लिए कृषि विभाग कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों को उन्नत तकनीक की मशीन उपलब्ध कराए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त केसी गुप्ता ने बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा एवं शहडोल संभाग की खरीफ 2026 की समीक्षा एवं वर्ष 2026-27 की रबी फसल की तैयारी की समीक्षा बैठक में दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि परंपरागत फसल के अतिरिक्त व्यावसायिक फसलों को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने रीवा कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह रीवा जिले में मटर का रकबा बढ़ाने का प्रयास करें। इसके लिए पीडी आत्मा के अमले का आवश्यक सहयोग लें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देश दिए कि नवनिर्मित जिले मऊगंज एवं मैहर में भी रीवा एवं सतना जिले का कृषि विभाग का अमला कृषि उत्पादन बढ़ाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि किसानों को प्रमाणित बीज ही उपलब्ध कराएं। साथ ही उर्वरक की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में जिला स्तर पर इसकी कमी से असामान्य घटना घटित न होने पाए। एनपीके एवं डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा होलसेल यूरिया की मात्रा सभी समितियों तक पहुंचे और समितियों के माध्यम से किसानों को मांग के अनुसार इसका वितरण कराएं। अधिक यूरिया का उठाव करने वाले कृषकों की संख्या का सत्यापन भी किया जाए। किसानों को वितरित की जाने वाली खाद एवं बीज गुणवत्तापूर्ण रहे।

कलेक्टर्स किसान संगठनों के साथ बैठक कर फसल बीमा की शिकायतों का समाधान करें

कृषि उत्पादन आयुक्त ने रीवा एवं शहडोल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर से कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित कई शिकायतें आ रही हैं। अत: सभी कलेक्टर्स बीमा कंपनी एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शिकायतों का समाधान कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने प्रेशराइज्ड पाइप लाइन प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी कलेक्टर धीरे-धीरे प्रेशराइज्ड सिंचाई की ओर अग्रेषित हों। कृषि उत्पादन आयुक्त ने मऊगंज एवं मैहर जैसे नवनिर्मित जिले में भी कोई कमी नहीं रखने की बात कही और कहा कि सतना एवं रीवा जिले का कृषि विभाग का अमला नवनिर्मित जिलों में जाकर कृषि उत्पादन बढ़ाने का कार्य करे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त वीरेंद्र पटेल एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बुजुर्ग महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को न्यायालय ने दिया अजीवन कारावास



सिरमौर थाना क्षेत्र में सात साल पहले हुई थी निर्मम घटना

रीवा देशबन्धु। बुजुर्ग महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुये अजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश सिरमौर आरएस कनौजिया की अदालत ने सुनाया है। घटना करीब सात साल पहले सिरमौर थाना क्षेत्र में हुई थी। मामले की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी एसआई शिवा अग्रवाल ने की थी। अभियोजन के अनुसार सिरमौर थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में 65 वर्षीय वृद्ध महिला घर पर अकेले रहती थी। 24-25 नवंबर 2019 की दरमियानी रात आरोपी राजा भारती पुत्र प्रेमलाल बसेरिया 30 वर्ष निवासी नरेन्द्र नगर रीवा (हाल मुकाम वार्ड 10 सिरमौर) घर में चोरी करने की नियत से घुसा। इसी दौरान आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और पहचान छिपाने के लिये गला दबा कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया था। लिहाजा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी 26 नवंबर 2019 को ही गिरफ्तार कर लिया था। तत्पश्चात तत्कालीन थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने घटना की विवेचना की और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। जहां विचारण के दौरान आरोपी को दोषी करार दिया गया है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय एवं धर्मेन्द्र तिवारी ने पैरवी की।

माल बरामदगी की वीडियो ग्राफी बना अहम सबूत

घटना की विवेचना करने वाले एसआई शिवा अग्रवाल ने बताया कि घटना के एक दिन बाद ही आरोपी राजा भारती की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया था।

इसके बाद पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद हुआ था। जिसकी वीडियोग्राफी कराई गई थी और इसे साक्ष्य के रूप में संकलित किया गया था। आरोपी को सजा दिलाने में यह साक्ष्य महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिये लोक अभियोजक की ओर से 24 गवाहों के बयान समेत डीएनए रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट को भी प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर आरोपी को सजा मिल सकी।

सार-समाचार

सरदार पटेल संस्थान द्वारा झारखंड सिंह सम्मानित



रीवा देशबन्धु। सरदार बल्लभभाई पटेल संस्थान निराला नगर रीवा के अध्यक्ष इंजीनियर पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम पंचायत पैपखरा के पूर्व सरपंच झारखंड सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी वीरभद्र सिंह अध्यक्ष कुर्मी समाज जिला के द्वारा प्रदान किया गया । पैपखरा के पूर्व सरपंच झारखंड सिंह लगातार समाज में लगे हुए हैं उन्हें सम्मान मिलने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया है। पैपखरा में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच लपटा रामनारायण सिंह कौशल सिंह रामचेरे सिंह प्रशान्त पांडेय संतदास विश्वकर्मा बाबूलाल सिंह स्वामी दीन सिंह भैयालाल कोल लाल विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

मॉडल स्कूल में अनियमितताओं का दौर जारी

रीवा देशबन्धु। मॉडल स्कूल रीवा में पदस्थ प्राचार्य महेश कुमार तिवारी की प्रतिनियुक्ति 28/10/2024 को शा उ मा वि महसांव से आगामी दो वर्षों के लिए की गई थी,जो अवधि 28/10/2026 को समाप्त हो गई। प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात इनको मूलत: अपने विद्यालय को वापस जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ज्ञात हो कि यह आदर्श विद्यालय माध्यमिक शिक्षा मंडल के आधीन संचालित होता है।महेश कुमार तिवारी प्राचार्य के साथ साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय अधिकारी के पद पर भी आसीन हैं।

इसी तरह शिक्षक विमलेश कुमार द्विवेदी भी सीमा अवधि के बाहर प्रतिनियुक्ति पर जमे हुए हैं। शासन से यह अपेक्षा है कि इनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर इन्हें मूलत: अपने विभाग को भेजना चाहिए।

जन विश्वास अभियान शिविर 13 को सेमरिया में

रीवा देशबन्धु। जन विश्वास अभियान शिविर 13 नवम्बर को सेमरिया नगर परिषद में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शासन की उच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

सभी जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष वाहन से रवाना होंगे। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय तथा स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा।

शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण: अपर कलेक्टर

मऊगंज देशबन्धु। अपर कलेक्टर पीके पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं का निरीक्षण करने तथा ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कृषि विभाग के अमले तथा किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पराली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करें। किसानों को खेतों में नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा पराली प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए।

डभौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने विश्वनाथ सिंह



राहुल गांधी की कार्यशैली एवं कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

रीवा देशबन्धु। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी जी के अनुमोदन उपरांत एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी द्वारा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए सिरमौर विधानसभा क्षेत्र की डभौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर श्री विश्वनाथ सिंह को नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने नवनियुक्त अध्यक्ष श्री विश्वनाथ सिंह से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक अनुशासन के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी की कार्यशैली एवं कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने जिला कांग्रेस कमेटी 'ग्रामीण' के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। युवाओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी 'ग्रामीण' अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति कांग्रेस पार्टी से जुड़कर देश में चल रही वोट चोरी के विरुद्ध तथा संविधान की रक्षा के लिए स्वयं को तैयार करे और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए।कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से प्रिंस पाण्डेय, अंशुल तिवारी, रजनीश कुमार यादव, राम अतुल यादव, शिव त्रिपाठी, मानस पाण्डेय, सत्येन्द्र यादव, राहुल यादव, शिवम यादव, सागर पासी, लकी यादव आदि युवा शामिल रहे।

पंकज साकेत बने रीवा युवा कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष

सदस्यता कार्यक्रम के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी 'ग्रामीण' अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा युवा कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम करहिया नं. 02 निवासी पंकज साकेत को रीवा युवा कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

मऊगंज के दो सगे भाइयों ने क्रिकेट में किया कमाल, नेशनल में खेलकर जिले का नाम रोशन किया



मऊगंज देशबन्धु। मेहनत और जज्बे की मिसाल बने ग्राम देवरी के दो सगे भाइयों ने क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर पूरे मऊगंज जिले का नाम गौरवान्वित किया है। गांव के सामान्य किसान परिवार में जन्मे ज्ञानेश कुमार मिश्र के बेटे शिवम मिश्र और राजन मिश्र ने हाल ही में पुणे में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में जयपुर चक्कू रीजन की तरफ से फाइनल खेला और सिल्वर मेडल जीता। ज्ञानेश कुमार मिश्र वर्तमान में भारतीय वायुसेना में कार्यरत हैं और राजस्थान के जैसलमेर में पदस्थ हैं।

बच्चों की क्रिकेट में रुचि को देखते हुए उन्होंने दोनों भाइयों को कानपुर के प्रतिष्ठित रोवर्स क्लब में दाखिला दिलाया। जब ज्ञानेश जी की पोस्टिंग जैसलमेर हुई तो दोनों ने वहीं से आगे का सफर शुरू किया। कैरियर का सफर-2022 में 10-11 वर्ष की उम्र में दोनों ने कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में छ्ह्ह्ज्ञ ट्रायल दिया और टॉप 32 में जगह बनाई। 2023-24 में जैसलमेर जिले से खेलते हुए शिवम ने 3 मैचों में 165 रन बनाए, जिसमें 106 रन की शतकीय पारी शामिल थी। वहीं राजन ने 3 मैचों में 9 विकेट लेकर राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाई।

त्योहार के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों पर की गई जांच



मऊगंज देशबन्धु। कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे के निर्देश पर दीपावली पर्व के दौरान गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री एवं मिठाइयों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने मऊगंज और देवतालाब के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए तथा लगभग 8 किलो खराब मिठाई और 8 लीटर खराब खाद्य तेल नष्ट कराया गया।जांच दल ने देवतालाब स्थित शिव भोले मिष्ठान भंडार से खोवा, पेड़ा एवं लड्डू के नमूने लेकर मिठाई को नष्ट कराया गया । श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार से मसूर पाक, बूंदी खोवा लड्डू एवं नमकीन तथा मंगलम स्वीट्स से खोवा, पेड़ा एवं लड्डू के नमूने ले के मीठी को नष्ट कराया गया लिए गए। संजय मिष्ठान भंडार से छेना रसगुल्ला एवं सोनपापड़ी के नमूने संग्रहित किए गए। मऊगंज स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार के होटल एवं मिठाई निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मिठाइयों को ढककर रखने के निर्देश दिए गए।

यहां से छेना रसगुल्ला एवं खोवा के नमूने लिए गए। शुभम श्री मिष्ठान भंडार के निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने की हिदायत दी गई। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध चालान तैयार कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा ।

अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंसधारियों की दुकानों का आज होगा आवंटन

मऊगंज देशबन्धु। दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी एवं पटाखों के विक्रय के लिए अस्थाई लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों को दुकान आवंटन की प्रक्रिया 5 नवम्बर को संपन्न की जाएगी। अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस के लिए से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे।

प्राप्त आवेदनों के आधार पर दुकान आवंटन की प्रक्रिया 5 नवम्बर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, में आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया में संबंधित आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

प्रशासन ने समस्त अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस के आवेदकों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने संबंधित दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि दुकान आवंटन की प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराई जा सके।

एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का आधार, मतदाता सूची का शुद्धिकरण समय की आवश्यकता

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के मताधिकार में निहित है। प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार है और इसी अधिकार के माध्यम से देश की सरकारें बनती हैं, नीतियां निर्धारित होती हैं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था आगे बढ़ती है। लेकिन किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल चुनाव कराने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मतदाता सूची का शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय होना भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है।

एसआईआर को लेकर आज देश में राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। विपक्ष के कुछ नेता और कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दल इस प्रक्रिया को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि मतदाता सूची का समय-समय पर सत्यापन और शुद्धिकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता है। आखिर इसमें गलत क्या है कि देश की मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिकों के नाम रहें, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं, एक से अधिक स्थानों पर दर्ज दोहरी प्रविष्टियों की पहचान हो और स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की जानकारी अद्यतन की जाए?

लोकतंत्र में एक-एक वोट की कीमत है, इसलिए हर वोट की विश्वसनीयता भी जरूरी है।

जरा कल्पना कीजिए कि किसी मतदाता सूची में ऐसे व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, जिनका निधन हो चुका है, कुछ लोग स्थायी रूप से दूसरे स्थानों पर चले गए हैं और कुछ के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं। ऐसी स्थिति में मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



योगेंद्र शुक्ला
भाजपा म.प्र. मीडिया सदस्य

विपक्ष के विरोध का आधार क्या है?

सबसे बड़ा प्रश्न उन राजनीतिक दलों से है, जो एक ओर निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूची के सत्यापन जैसी आवश्यक प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं। यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं है, तो सत्यापन से डर कैसा? यदि सूची पूरी तरह शुद्ध है, तो पुनरीक्षण के बाद भी उसमें कोई अनुचित परिवर्तन नहीं होगा। और यदि उसमें विसंगतियां हैं, तो उन्हें दूर करने का विरोध क्यों? विपक्ष को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में बने रहने के पक्ष में है? क्या वह दोहरे पंजीकरण को उचित मानता है? क्या वह ऐसी चुनावी व्यवस्था चाहता है, जिसमें मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्न उठते रहें? लोकतंत्र में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन तथ्यों के बजाय आशंकाएं फैलाना और जनता को भ्रमित करना किसी भी जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका नहीं हो सकती। कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी सहित विपक्ष के अन्य नेताओं को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक संवैधानिक व्यवस्था है, जिसमें संस्थाओं की विश्वसनीयता और प्रक्रियाओं की निष्पक्षता सर्वोपरि होती है। निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उसकी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी भी आरोप को तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि कहीं कोई वास्तविक त्रुटि या अनियमितता है, तो उसके समाधान के लिए निर्धारित संवैधानिक और कानूनी प्रक्रियाओं का सहारा लिया जाना चाहिए।

अंतत: यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि मतदाता सूची में पात्र नागरिक का नाम होना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक अपात्र और गलत प्रविष्टियों का नियमानुसार हटना भी है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मतदाताओं की संख्या से नहीं, बल्कि मतदाता सूची की शुद्धता, चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और जनता के विश्वास से तय होती है। एक आम नागरिक भी यह बात समझता है कि यदि मतदाता सूची का सत्यापन होगा, फर्जी एवं दोहरे नाम हटेंगे और पात्र मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रहेंगे, तो चुनावी व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बनेगी। जब देश का सामान्य नागरिक इस आवश्यकता को समझ रहा है, तब विपक्ष के कुछ नेताओं को यह समझने में इतनी कठिनाई क्यों हो रही है? कहावत है कि सोते हुए व्यक्ति को जगाया जा सकता है, लेकिन जो जागने का अभिनय कर रहा हो, उसे जगाना कठिन है। विपक्ष को भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से बाहर निकलकर देशहित में इस प्रक्रिया का समर्थन करना चाहिए।

एसआईआर का उद्देश्य किसी का अधिकार छीनना नहीं, बल्कि पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना

इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक केवल जानकारी के अभाव, दस्तावेजों की कठिनाई अथवा प्रशासनिक त्रुटि के कारण अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। प्रत्येक पात्र नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, आवश्यक सुधार कराने और नियमानुसार दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर मिलना चाहिए। इसी के साथ अपात्र और दोहरी प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाकर मतदाता सूची को विश्वसनीय बनाया जाना आवश्यक है ।

स्वच्छ मतदाता सूची, निष्पक्ष चुनाव और सशक्त लोकतंत्र—यही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है।

पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा मानक तय, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



मऊगंज देशबन्धु। .दीपावली पर अस्थायी पटाखा दुकानों के सुरक्षित संचालन के लिए कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दुकानों का संचालन नगर परिषद के निर्धारित लेआउट के अनुसार तय स्थलों पर ही होगा।

दुकानों के बीच 3 मीटर और सुरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी अनिवार्य रहेगी।प्रत्येक दुकान में अग्निशमन यंत्र, रेत की दो बाल्टियां और अग्निरोधी टीन शेड रखना होगा। तेल एवं गैस के लैंप तथा खुली बिजली की बत्तियों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

विद्युत सुरक्षा के लिए फ्यूज अथवा सर्किट ब्रेकर सहित मास्टर स्विच लगाना अनिवार्य होगा। दुकानों के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। नगर परिषद पानी के टैंकर, फायर ब्रिगेड और साफ-सफाई की व्यवस्था करेगी। दुकानदार को स्वयं दुकान का संचालन करना होगा तथा मूल अनुज्ञप्ति पत्र फोटो सहित प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

स्पेन में ट्रेन हादसे के बाद परिवहन मंत्री का इस्तीफा, 69 मौतों की ली नैतिक जिम्मेदारी

स्पेन में 28 अक्टूबर को हुए हाई-स्पीड ट्रेन हादसे में 69 लोगों की मौत के छह दिन बाद परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक साल में दो बड़े रेल हादसों के बाद पद पर बने रहने को नैतिक रूप से गलत बताया। जनवरी के हादसे में 46 लोग मारे.. मैड्रिड के दक्षिण में हाई-स्पीड ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 69 लोगों की मौत की घटना के छह दिन बाद स्पेन के परिवहन मंत्री ने मंगलवार को पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने सांसदों के समक्ष कई घंटे तक हुई चर्चा के अंत में यह घोषणा की। स्पेन के व्यापक हाई-स्पीड रेल नेटवर्क पर इस वर्ष हुई यह दूसरी भीषण दुर्घटना थी। पुएंते ने सांसदों से कहा, स्पेन जैसे देश का परिवहन मंत्री एक वर्ष के भीतर दो रेल हादसों के बाद अपने पद पर बना नहीं रह सकता। यह राजनीतिक मर्यादा, सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता और पीड़ितों के प्रति संवेदना का प्रश्न है।

ट्रंप ने अब्दुल को बताया जिहादी, वे चुनाव जीते

अमेरिकी सीनेट में पहली बार पहुंचा मुस्लिम सांसद



वाशिंगटन। अमेरिकी संसद के चुनाव में पहली बार किसी मुस्लिम ने जीत का परचम लहराया है। सीनेट के चुनाव में अब्दुल अल-सैयद ने जीत हासिल की है। पेशे से डॉक्टर और प्रगतिशील नेता सैयद ने मिशिगन सीट पर अपने प्रदर्शन से डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को चौंका दिया। उन्होंने रिपब्लिकन के माइक रोजर्स को हराया है। आपको बता दें कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी संसद के उच्च सदन पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया है। अपनी जीत की घोषणा करते हुए सैयद ने कहा, आपने मुझे अपने घरों, अपने चर्चों और अपने सिनेगॉग (यहूदी प्रार्थना स्थलों) में स्वागत किया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय उस आंदोलन को दिया, जिसे उन्होंने डेढ़ साल तक मिशिगन के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक प्रचार करके खड़ा किया था। उन्होंने कहा कि जब वे सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे थे तब मतदाताओं ने ही उन्हें ताकत दी।

भारत से भी संबंध- अब्दुल सैयद का भारत से भी संबंध है। उनकी पत्नी डॉ. सारा जुकाकू के एक मनोचिकित्सक हैं। उनका परिवार कर्नाटक से ताल्लुक रखता है, जो मंगलुरु से लगभग 140 किमी दूर है। सारा जुकाकू शमशुद्दीन की पोती हैं। इन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री बीडी जत्ती के कार्यकाल में मैसूर राज्य में वित्त उप-मंत्री के रूप में काम किया था।

कौसे हुई अब्दुल और सारा की मुलाकात?- रोड्स स्कॉलर रहे अल-सैयद की मुलाकात सारा से मिशिगन विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुई थी। उन्होंने सारा के दक्षिण भारतीय परिवार और संस्कृति के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात की। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मेरी शादी एक दक्षिण भारतीय परिवार में हुई है और मुझे 20 साल हो चुके हैं। अब मैं पूरी तरह से इसमें घुल-मिल गया हूं। सच कहूं तो शायद मैं अरबी होने से ज्यादा भारतीय हूं।

ट्रंप ने लगाया था जिहादी होने का आरोप- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके सबसे बड़े आलोचकों में शामिल हैं। उनके आलोचकों ने अक्सर अब्दुल सैयद के नाम और धर्म को निशाना बनाया। यहां तक कि ट्रंप ने उन पर जिहादी होने का आरोप लगाया और कहा कि सीनेट में प्रवेश करने के लिए उन्हें मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा। अल-सैयद ने कहा कि उनके आलोचकों ने गैस और किराने के सामान की बढ़ती कीमतों पर बात करने के बजाय समाज को बांटने का रास्ता चुना। माइक रोजर्स पूर्व कांग्रेस सदस्य हैं। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त था। उनके करीबी सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ा था। इससे पहले 2024 के सीनेट चुनाव में वे एलिसा स्लॉटकिन से लगभग 0.3 प्रतिशत अंकों के अंतर से हार गए थे। इस बार उनका मुकाबला अब्दुल अल-सैयद से था। अल-सैयद वेन काउंटी के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक रह चुके हैं और उन्होंने इस साल की शुरुआत में प्राइमरी चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की पसंदीदा उम्मीदवार हेली स्टीवंस को हराकर सबको चौंका दिया था।

पाकिस्तान ने बढ़ाई सैन्य ताकत, स्वदेशी मिसाइल 'फाज' का सफल परीक्षण,



पाकिस्तान ने स्वदेशी हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'फाज' का सफल उड़ान परीक्षण करने का दावा किया है। सेना के मुताबिक, अत्याधुनिक दिशा-निर्देशन प्रणाली से लैस यह मिसाइल लंबी दूरी पर हवाई लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री... पाकिस्तान ने स्वदेशी रूप से विकसित तथा हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल फाज का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना ने दी। पाकिस्तानी सेना की ओर से मंगलवार देर रात जारी एक बयान के अनुसार, यह परीक्षण मंगलवार को किया गया। उसने कहा कि इससे पाकिस्तान वायुसेना की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बयान में कहा गया है, अत्याधुनिक टर्मिनल गाइडेंस सिस्टम से लैस यह मिसाइल लंबी दूरी पर दुश्मन के हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने इस उपलब्धि पर वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

आज का इतिहास

1556 - पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 - स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1639 - मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
1678 - जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा जमाया।
1725 - स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1811 - स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 - क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 - महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म।
1872 - उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
1914 - इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।

सुडोकू 7444

								7
8	2					6	9	
		4		3		5	2	
		2			9	1	6	
3			1		6			2
	1	8	2			7		
	4	5		2		3		
	8	6					1	5
7								

: नियम :
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

श्रीनगर में ईडी ने चार जगहों पर की छापेमारी

जम्मू। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को श्रीनगर शहर में चार जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित आतंकवादी फंडिंग की चल रही जांच के सिलसिले में की गई है। यह जांच इस आरोप से जुड़ी है कि उमर आदिल डार प्रतिबंधित संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' के लिए 'ओवर ग्राउंड वर्कर' के तौर पर काम कर रहा था व इस संगठन से जुड़ी गतिविधियों में शामिल था। डार व उसके साथियों को पहले भी पकड़ा गया था। उनके पास से भारी मात्रा में नकदी व प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा आपत्तिजनक साहित्य बरामद हुआ था।

साइबर धोखाधड़ी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। साइबर धोखाधड़ी के एक वांछित आरोपी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुबई भागने की कोशिश करते समय गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ कर्नाटक में कई मामले दर्ज हैं। आरोपी शेख साबिर कई धोखाधड़ी मामलों के सिलसिले में कर्नाटक पुलिस और आपराधिक जांच विभाग की निगरानी में था। काफी समय तक गिरफ्तारी से बचने के बाद उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था।

सिद्दारमैया ने की राहुल गांधी से मुलाकात

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने राजधानी दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की व अपने खिलाफ स्टिंग वीडियो मामले पर गहरी नाराजगी जताई है। सिद्दारमैया ने गांधी संग हुई मुलाकात में इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वह मुख्यमंत्री का पद छोड़ चुके हैं व दोबारा चुनाव न लड़ने की बात भी स्पष्ट कर चुके हैं, तो उन्हें निशाना बनाने के पीछे क्या मकसद हो सकता है। उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करने की कोशिशों के कारण अब वे इस बात पर विचार करने लगे हैं कि क्या उन्हें 2028 के विस चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार जारी रखना चाहिए या नहीं।

ओडिशा के दिग्गज शिक्षाविद् डॉ. दीपक सामंतराय का निधन

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी के पूर्व निदेशक और कटक हेरिटेज वॉक के संयोजक, विख्यात प्रसारक, लेखक एवं धरोहर प्रेमी डॉ. दीपक सामंतराय का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को ओडिशा की राजधानी के रोवर्स स्ट्रीट स्थित उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी व बेटी हैं। सामंतराय की इच्छानुसार, उनके परिवार ने चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए उनके पार्थिव शरीर को एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एनाटॉमी विभाग को दान कर दिया।

अमेरिकी चुनाव में भारतवंशियों ने गाड़ा झंडा, कई उम्मीदवारों को मिली धमाकेदार जीत

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को हुए मिडटर्म चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। संसद के दोनों सदनों के लिए हुए इस चुनाव में कई भारतवंशी भी मैदान में थे। कैसा रहा उनका रिपोर्ट कार्ड?

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करारी शिकस्त मिली है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद की दोनों सदनों से कंट्रोल खोल दिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने ऊपरी सदन सीनेट के साथ-साथ निचले सदन प्रतिनिधि सभा में भी बहुमत हासिल कर लिया है। इसे अमेरिकी राजनीति में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ विरोध के एक नए दौर के रूप में देखा जा रहा है। इस बीच चुनाव में भारतीय मूल के भी कई उम्मीदवारों जोर आजमाइश की थी। इनमें से कई में धमाकेदार जीत दर्ज की है। वहीं कुछ भारतवंशियों को निराशा हाथ लगी है। आइए देखते हैं अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में भारतीय अमेरिकी उम्मीदवारों का रिजल्ट कैसा रहा। शुरुआती नतीजों में भारतीय मूल के कुछ अमेरिकी उम्मीदवारों ने डेमोक्रेट पार्टी को बढ़त दिलाई। डेमाक्रेटिक पार्टी के सुहास सुब्रमण्यम और अरुणा मिलर अपनी-अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रहे। वहीं पिया डांडिया ने जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यम मंगलवार को वर्जीनिया से एक बार फिर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। वहीं मिलर मैरीलैंड के लेफ्टिनेंट गवर्नर पद पर दोबारा जीतने में सफल रहीं। 39 वर्षीय पिया डांडिया ने फ्लोरिडा के 22वें संसदीय क्षेत्र से शानदार जीत हासिल की। हालांकि दूसरी ओर ओहायो के गवर्नर पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी हार गए।

इन उम्मीदवारों को मिली जीत

पिया डांडिया (डेमोक्रेट)- फ्लोरिडा के 22वें संसदीय क्षेत्र से जीत दर्ज की। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी असकर को मात दी।

सुहास सुब्रमण्यम (डेमोक्रेट)- वर्जीनिया के 10वें संसदीय क्षेत्र से फिर से चुने गए। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार डेव टी बेकविथ को हराया।

अर्पणा राज (डेमोक्रेट)- वाशिंगटन डीसी सिटी काउंसिल के वार्ड 1 का चुनाव जीता।

जोश कौल (डेमोक्रेट)- जोश कौल ने विस्कॉन्सिन के अटॉर्नी जनरल के रूप में ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल जीता है। कौल 1998 के बाद से लगातार तीन बार विस्कॉन्सिन के अटॉर्नी जनरल चुने जाने वाले पहले नेता बन गए हैं।

रो खन्ना (डेमोक्रेट)- रो खन्ना ने कैलिफोर्निया के 17वें संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 72 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर अपनी सीट पर कब्जा बरकरार रखा है।

प्रमिला जयपाल (डेमोक्रेट)- प्रमिला ने वाशिंगटन के 7वें संसदीय क्षेत्र से लगातार छठी बार जीत हासिल की है। उन्हें लगभग 87.5 फीसदी वोट मिले।

इन्हें मिली हार

विवेक रामस्वामी (डेमोक्रेट)- (रिपब्लिकन)- ट्रंप के समर्थन के साथ चुनाव लड़ रहे विवेक रामास्वामी चुनाव हार गए। ओहायो के गवर्नर पद की रेस में उन्हें डेमोक्रेट उम्मीदवार एमी एक्टन ने हरा दिया।

रितेश टंडन (रिपब्लिकन)- कैलिफोर्निया के 17वें संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना के खिलाफ चुनाव हार गए।

नीरव सेठ (रिपब्लिकन)- वाशिंगटन के 7वें संसदीय क्षेत्र में डेमोक्रेट प्रमिला जयपाल के खिलाफ चुनाव हार गए।

सरिता कोमातीरेड्डी (रिपब्लिकन)-न्यू यॉर्क के अटॉर्नी जनरल के चुनाव में मौजूदा डेमोक्रेट अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स से हार गईं।

महेश गणोरकर (रिपब्लिकन)-नॉर्थ कैरोलिना के 4थे संसदीय क्षेत्र में डेमोक्रेट उम्मीदवार वैलेरी पी. फौशी (79.1प्रतिशत) से चुनाव हार गए, गणोरकर को केवल 18.9त्न वोट मिले।

डॉ अनिल कुमार (निर्दलीय)- मिशिगन के 11वें संसदीय क्षेत्र से अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स का चुनाव हार गए।

कुछ नतीजों का इंतजार

फिलहाल कुछ सीटें ऐसी भी हैं जिन पर नतीजे नहीं घोषित हुए हैं। लिसा कौल, नित्य रमन, प्रिया सुंदरेशन, रणजीव पुरी, शुचिता पटेल, अमी बेरा, अमीश शाह, संदीप श्रीवास्तव, पूजा सेठी जैसे उम्मीदवारों के नतीजों का इंतजार है।

ईरान की ट्रंप को खुलेआम जान से मारने की धमकी


तेहरान के व्यस्त एंगेलाब चौक के पास लगे एक विशाल पोस्टर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जेल की सलाखों के पीछे दिखाया गया है। इसके साथ लिखा है, हम ट्रंप को मार डालेंगे। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर पोस्टर और बिलबोर्ड नारों के जरिए सड़कों पर दिखाई देने लगा है।

तेहरान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की धमकी देने वाला विशाल बिलबोर्ड लगाया गया है। इसमें ट्रंप को जेल की सलाखों के पीछे दिखाते हुए लिखा गया है- हम ट्रंप को मार डालेंगे। शहर में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने की मांग भी की। पोस्टर सामने आने के बाद यह तस्वीर ईरान के अमेरिका विरोधी संदेशों और दोनों देशों के बीच जारी तनाव को लेकर चर्चा में आ गई है।

लाल झंडे लेकर सड़कों पर उतरे लोग- एंगेलाब चौक पर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में लाल झंडे और बैनर थे।

एक बैनर पर लिखा था, 'खून बहेगा'। लोग ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने की मांग कर रहे थे। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों में हुई थी। इसके बाद पश्चिम एशिया में युद्ध भड़क गया था।

वर्ग पहेली 7444



बायें से दायें:-
१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
९. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५.सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जो तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में दान
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

ऊपर से नीचे:-
१. करत करत अभ्यास के... होत सुजान
२. मृत्यु शोक (उर्दू)
३. टाईम कीपर
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाहत (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

वर्ग पहेली-7443

१ ए	क	२ च	र	■	■	३ अ	लं	४ कृ	त
क	■	रि	■	५ प	ड़ा	व	■	प	■
६ प	वि	त्र	■	ट	■	७ ग	लि	या	८ रा
दी	■	ही	■	९ रा	ह	त	■	■	ज
■	१० म	न	११ मा	नी	■	■	१२ सु	ल	भ
■	द्धि	■	णि	■	१३ दु	वि	धा	■	व
१४ सा	म	१५ रि	क	■	श्म	■	१६ र	१७ ह	न
धु	■	श्व	■	१८ क	नी	१९ ज	■	मे	■
२० वा	हि	त	■	त	■	२१ बा	द	शा	२२ ह
द	■	■	२३ बे	ई	मा	न	■	■	ठ

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

फैसला डल झील में प्रदूषण रोकने के लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का बड़ा फैसला

ईंधन से चलने वाली नौकाओं व जेट स्की पर रहेगा

श्रीनगर, (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने श्रीनगर की डल झील में पेट्रोल और डीजल से चलने वाली नावों, मोटरयुक्त शिकारा और जेट स्की के संचालन पर प्रतिबंध जारी रखने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने साफ कहा है कि इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 14 अक्टूबर को उच्च न्यायालय ने डल झील में प्रदूषण को और।

बढ़ने से रोकने के लिए ईंधन से चलने वाली सभी नावों (मोटर वाले शिकारे और जेट स्की सहित) के संचालन पर रोक लगाने का आदेश दिया था। प्रशासनिक और जरूरी सेवाओं- जैसे आपातकालीन सेवाएं, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा को हालांकि इन पाबंदियों से छूट दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायमूर्ति यशपॉल बोर्नी की खंडपीठ ने 31 अक्टूबर को एक नया आदेश जारी किया। इसमें सरकार से कहा गया है कि वह अगली सुनवाई तक न्यायालय के सामने एक अस्थायी लेकिन व्यापक नीति पेश करे। इस नीति को तैयार करते समय पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण और पर्यटन जैसे पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। इससे पहले वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता मोहसिन कादरी ने न्यायालय को बताया कि सरकार झील में नावों के संचालन को विनियमित करने के लिए एक अस्थायी लेकिन व्यापक नीति बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित नीति में नावों, शिकारों और जेट स्की को चलाने के लिए सौर ऊर्जा और विद्युत ऊर्जा के इस्तेमाल पर भी विचार किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रस्तावित नीति के साथ एक रोडमैप भी होना चाहिए। इसमें झील में चलने वाली मोटर बोट, जेट स्की और शिकारों की मौजूदा संख्या की पूरी जानकारी हो, जिसमें मोटर वाली और बिना मोटर वाली नावों की संख्या और उनके इंजन की विशिष्टताओं का विवरण शामिल हो। न्यायालय ने सरकार से यह भी कहा कि वह विशेषज्ञों की उन सिफारिशों पर विचार करे, जिनमें बताया गया है कि झील के कितने हिस्से को हाथ से चलने वाले शिकारों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि मोटर बोट और जेट स्की संचालकों जैसे अन्य हितधारकों के हितों की रक्षा कैसे की जा सकती है। यह निर्देश तब आए जब वैध लाइसेंस के साथ जेट स्की और मोटर बोट चलाने वाले हितधारकों ने इस कानूनी प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की। उन्होंने मांग की कि एक ऐसी नीति बनाई जाए जिससे नाव उद्योग से होने वाले फायदों का समान बंटवारा सुनिश्चित हो सके।



■ प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

न्यायालय ने उनकी इस अर्जी को स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा पाबंदियां लागू रहेंगी। न्यायालय के आदेश में कहा गया है, 'इस बीच इंजन से चलने वाली किसी भी तरह की नाव, चाहे वह जेट स्की हो, मोटर बोट हो या शिकारा, के संचालन पर लगी रोक लागू रहेगी। इन निर्देशों का उल्लंघन करने को यह न्यायालय बहुत गंभीरता से लेगा।'

खेल जगत

वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में प्रेजेंटेशन के दौरान पता चला: प्रेमा रावत



नई दिल्ली। प्रेमा रावत ने पुणे में सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी गेम में उत्तराखंड के लिए खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ मात्र 14 गेंदों पर अर्द्धशतक लगाया। प्रेमा ने अपनी पारी में 6 चौके और 4 छक्के लगाए। यह महिला टी-20 का सबसे तेज अर्द्धशतक है। प्रेमा रावत ने कहा है कि बल्लेबाजी के दौरान उन्हें नहीं पता था कि उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। मीडिया बात करते हुए प्रेमा रावत ने कहा कि 'प्रेजेंटेशन सेरेमनी में, रेफरी आए और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया और मुझे बताया कि 14 गेंदों में फिफ्टी बनाना एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस तरह सभी टीम मेंबर्स और कोच को पता चला कि यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। यह सुनकर मुझे सामान्य लगा। लेकिन हां, मुझे अच्छा लगा कि यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। प्रेमा ने इस बड़ी कामयाबी का जश्न सिनेमा हॉल जाकर रजनीकांत की लेटेस्ट तमिल फिल्म 'जेलर 2' देखकर मनाया।

पहला वनडे: भारत ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया

कोहली को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'गेम चेंजर ऑफ द मैच' चुना गया

ऑकलैंड, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अर्शदीप सिंह (चार विकेट), गुरनूर बराड़ (तीन विकेट) और अंशुल कम्बोज (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद विराट कोहली (74) और कप्तान शुभमन गिल (37) बदौलत भारत ने बुधवार को बारिश बाधित पहले एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। कोहली को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'गेम चेंजर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि कंबोज को उनकी अनुशासित गेंदबाजी 22 रन देकर दो विकेट के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। कंबोज की गेंदबाजी की मदद से ही न्यूजीलैंड की टीम को 185 रनों पर रोका जा सका। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में

कोहली को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'गेम चेंजर ऑफ द मैच' चुना गया





न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने कोहली

ऑकलैंड। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे को अपने शानदार करियर का एक और यादगार पल बना दिया। उन्होंने 74 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर कई रिकॉर्ड्स बदल दिए। वनडे में लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया और रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली। बुधवार को बारिश से बाधित मैच में, कोहली की पारी सिर्फ रनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह 50 ओवर के फॉर्मेट में उनके असाधारण निरंतरता का एक और बेहतरीन उदाहरण था। भारत के पूर्व कप्तान कोहली लगातार ऐसे मानक स्थापित कर रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेंगे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली के कुल वनडे रन 8,741 हो गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 8,720 रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया है और अब इस श्रेणी में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बन गए हैं। सबसे खास बात यह है कि कोहली ने यह उपलब्धि 66.21 की औसत और 95.03 के स्ट्राइक रेट से हासिल की है, जबकि तेंदुलकर का औसत 42.33 और स्ट्राइक रेट 88.44 था।इस 74 रनों की पारी के साथ, न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली के कुल रनों की संख्या 1,971 हो गई है। इसके साथ ही, वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में वे रिकी पोंटिंग के बराबर आ गए हैं। इस सूची में तेंदुलकर 1,750 रनों के साथ उनके पीछे हैं। वहीं, श्रीलंका के कुमार संगकारा (1,568), सनथ जयसूर्या (1,519) और दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस (1,449) शीर्ष छह बल्लेबाज़ों में शामिल हैं। कोहली ने भारत के बाहर वनडे में अपनी शानदार उपलब्धियों की सूची में एक और उपलब्धि जोड़ ली है।

गिल ने जीत का श्रेय गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग को दिया



ऑकलैंड। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में 5 विकेट से जीत हासिल की। कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को ईडन पार्क में मिली जीत का श्रेय अपनी टीम की अनुशासित गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग को दिया। उन्होंने खास तौर पर रोहित शर्मा द्वारा डेरिल मिशेल को रन-आउट करने के पल का जिक्र किया। गिल ने कहा कि यह विकेट मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, क्योंकि उस समय मिशेल और ग्लेन फिलिप्स की साझेदारी से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने की स्थिति में दिख रहा था। ऑकलैंड में न्यूजीलैंड को 40.2 ओवरों में 185 रन पर समेटने के बाद भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत मिले 143 रन के संशोधित लक्ष्य को 22.4 ओवरों में हासिल कर लिया। इस दौरान कोहली ने 51 गेंदों में 14 गेंदों में 74 रन की पारी खेली। इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। गिल ने कहा, 'हमारी गेंदबाजी बहुत अच्छी रही। हमारी फील्डिंग भी काफी शानदार थी। रोहित भाई के उस रन-आउट ने मैच का रुख ही बदल दिया। मिशेल और फिलिप्स की साझेदारी काफी खतरनाक लग रही थी - हमने भारत में भी देखा था कि उन दोनों ने कितनी अच्छी बल्लेबाजी की थी। कुल मिलाकर, यह हमारी टीम का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा।' कप्तान गिल, अंशुल कंबोज और गुरनूर बराड़ के योगदान से खुश नजर आए। इन दोनों गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए न्यूजीलैंड को लगातार दबाव में रखा।

काइल जेमीसन ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही कप्तान मिचेल सेंटनर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जिन्होंने क्षेत्ररक्षण के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कैच पकड़े थे, कप्तान गिल के साथ पारी को संभाला। बारिश के कारण 11वें ओवर में पहली बार खेला रोका गया। उस समय भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 50 से अधिक रन बना लिया था। दूसरी बार जब खेल शुरु हुआ तो भारत को 40 ओवरों में 167 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद एक फिर बारिश शुरु होने पर खेल रोका गया। खेल दोबारा शुरु होन पर भारत को 32 ओवरों में 143 रनों का नया संशोधित लक्ष्य दिया गया। दोनों बल्लेबाजों इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैदान के चारों ओर रन बटोरे। इस दौरान विराट कोहली ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना 80वां अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर नेथन स्मिथ ने शुभमन गिल को अपना शिकार बना लिया। शुभमन गिल ने 56 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 37 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने विराट कोहली को आउट कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली 51 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रनों की पारी खेली।

टेस्ट में स्टार्क बने नंबर वन गेंदबाज



आईसीसी रैंकिंग

दुबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में फिर से टॉप स्थान हासिल कर लिया है। बुधवार को जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। केप टाउन में तीन मुकाबलों की सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में नौ विकेट लेने के बाद, स्टार्क एक स्थान ऊपर चढ़कर साउथ अफ्रीका के मार्को जानसेन से आगे निकल गए। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 881 की अपनी करियर-सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और नंबर 1 की पोजीशन वापस पा ली। इससे पहले अगस्त में, भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर स्टार्क पहली बार रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे थे। हालांकि, गेबेरहा में खेले गए दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद जानसेन टॉप पर आ गए थे। केप टाउन टेस्ट में साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी केवल तीन विकेट ही ले सके, जिसका फायदा उठाते हुए स्टार्क फिर से टॉप पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को भी इस ताजा रैंकिंग अपडेट से काफी फायदा हुआ। न्यूलैंड्स में उन्होंने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए, जिससे उनकी टीम को जीत और सीरीज अपने नाम करने में मदद मिली।

भारतीय टीम मलेशिया के खिलाफ शुरु करेगी अभियान

प्रतियोगिता 19 से 28 नवम्बर 2026 तक आयोजित होगा

- **यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित नए अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा**

मोहाली(पंजाब), 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला हॉकी टीम भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक होने वाली एएचएफ मध्य प्रदेश महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, भोपाल 2026 में अपने अभियान का आगाज मलेशिया के खिलाफ पहले 19 नवंबर को खेले जाने वाले राउंड रॉबिन लीग मैच से करेगी। टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा बुधवार को की गई।

राउंड रॉबिन लीग आधार पर भोपाल में खेले जाने इस टूर्नामेंट में दुनिया की सातवें और एशिया की दूसरे नंबर की टीम भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया सहित छह टीमें शिरकत करेंगी। सभी मैच भोपाल के नाथू बरखेड़ा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्थित नए हॉकी स्टेडियम मे खेले जाएंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने घर मे अपना खिताब बरकरार रखने उतरेगी। छह महिला टीमें एशियाई हॉकी में अपना दबदबा साबित करने उतरेंगी।



एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी

राउंड रॉबिन लीग के आधार पर खेले इस टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली सभी छह टीमें एक दूसरे के खिलाफ पांच पांच मैच खेलेंगी। लीग की समाप्ति पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। 20, 23 व 26 को विश्राम के दिन होंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम टूर्नामेंट के पहले 19 नवंबर को अपना अभियान मलयेशिया के खिलाफ खेल कर शुरू करेगी और टूर्नामेट का उदघाटन मैच एशिया की शीर्ष टीम चीन और थाईलैंड के बीच खेला जाएगा। भारत की टीम अपने दूसरे मैच में 21 नवंबर को दक्षिण कोरिया से 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान से खेलेगी।

महिला प्रीमियर लीग 2027 की शुरुआत 14 जनवरी से होगी

मुम्बई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की शुरुआत 14 जनवरी से होगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना वडोदरा में मुंबई इंडियंस से होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया। यह देश की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 क्रिकेट लीग है। महिला प्रीमियर लीग सीजन के शुरुआती 11 मैच वडोदरा में खेले जाएंगे, जबकि अगले 11 मैचों की मेजबानी मुंबई करेगा, जिसमें सात फरवरी को होने वाला फाइनल भी शामिल है। डब्ल्यूपीएल की पांच टीमें - मुंबई इंडियंस , रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स , गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स लीग चरण के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। यह चरण 3 फरवरी को समाप्त होगा।

सार संक्षेप

गोवा ने बिहार को पारी को 177 रनों से हराया

पणजी। ललित यादव (पांच विकेट) और यश कसवांकर (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत गोवा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को बिहार को पारी और 177 रनों से करारी शिकस्त दी। गोवा के स्नेहल कौथनकर (नाबाद 178) को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। आज यहां बिहार ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट पर 63 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कौशिक ने वासुदेव प्रसाद सिंह (तीन) को आउट कर बिहार को चौथा झटका दिया। इसके बाद बिपिन सौरभ (सात) को कसवाकर को अपना शिकार बनाया। गोवा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बिहार के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 45.3 ओवरों में 113 रन पर सिमट गई। बिहार के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। गोवा के लिए ललित यादव ने पांच विकेट लिये। यश कसवांकर को तीन विकेट मिले। वासुकी कौशिक और हेमंत पराव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रनों से हराया

गुवाहाटी। केवी अनीश(145) और मानवंत कुमार (100) की शतकीय पारियों के बाद श्रेयस गोपाल (चार विकेट) और शिखर शेट्टी (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रनों से हरा दिया। आज सुबह कर्नाटक ने पांच विकेट पर 496 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में के वी अनीश के आउट होने के बाद छह विकेट पर 577 रन के स्कोर पर कर्नाटक ने पारी घोषित कर दी। इसी के साथ कर्नाटक को 442 रनों की बढ़त हासिल हुई। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी असम की पूरी टीम कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 40.2 ओवरों में 128 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान देनिश दास ने सर्वाधिक 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा दाहाई अंक में स्वरूपम पुरकायस्था (22) और अमलनज्योति दास (17) ही पहुंच सके। कर्नाटक की ओर से श्रेयस गोपाल ने चार और शिखर शेट्टी ने तीन विकेट लिये। विधवत कावेरप्पा, मानवंत कुमार और रितेश भटकल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

एमसीए के विवाद से मेघालय के रणजी खिलाड़ियों का भविष्य अधर में

शिलांग। मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के भीतर प्रशासनिक सत्ता संघर्ष ने रणजी ट्रॉफी खेलने वाले खिलाड़ियों को अनिश्चितता में डाल दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद एसोसिएशन के नेतृत्व में हुए बदलाव के चलते, वे खिलाड़ी अचानक बाहर हो गए हैं, जिन्होंने पहले तीन राउंड में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। इस उथल-पुथल ने खिलाड़ियों की सुरक्षा, टीम चयन की प्रक्रिया और क्रिकेट प्रशासन के विवादों का घरेलू करियर पर पड़ने वाले असर को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नागालैंड के खिलाफ चौथे राउंड के 'प्लेट लीग' मैच से ठीक पहले, रातों-रात पूरी मेघालय टीम को बदल दिया गया। जिन खिलाड़ियों को टीम से हटाया गया, वे मैच से एक दिन पहले तक अभ्यास कर रहे थे। उन्हें बताया गया कि वे अब टीम का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि मेघालय हाई कोर्ट के एमसीए अध्यक्ष जेम्स संगमा के पक्ष में फैसला सुनाने के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक नई टीम को रजिस्टर कर लिया है। इस अचानक हुए बदलाव के कारण, पुराने खिलाड़ियों को यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगे की रणजी ट्रॉफी या अन्य घरेलू प्रतियोगिताओं में खेल पाएंगे या नहीं।

विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ ने खडसे को 'मेडल ऑफ ऑनर' से किया सम्मानित

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे को 47वें विश्व आर्मरेसलिंग एवं 28वें विश्व पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के दौरान प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया।आज यहां आयोजित चैंपियनशिप के दौरान महासंघ के अध्यक्ष असेन हाजिटोदोरोव ने श्रीमती खडसे को विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ (डब्ल्यूएएफ) के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया। है। इस दौरान, मंत्री ने 60 से अधिक देशों से आए खिलाड़ियों और अधिकारियों से बातचीत की, सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और पहली बार भारत में विश्व चैंपियनशिप के आयोजन को 'एक बहुत बड़ा अवसर' बताया। उन्होंने देशभर में आर्मरेसलिंग को प्रोत्साहित करने और इसके विकास के लिए अपना निरंतर समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

आज होगा अफगानिस्तान व जिम्बाब्वे का मुकाबला

हरारे, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। नियमित कप्तान रिचर्ड नगारवा चोट के कारण टीम का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए ब्रायन बेनेट टीम की कप्तानी करेंगे। दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 5 नवंबर से शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 13 नवंबर से खेला जाएगा। दोनों मुकाबले शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे। टीम में उन खिलाड़ियों को भी शामिल

- **रिचर्ड नगारवा चोट के कारण टीम में शामिल नहीं**
- **दोनों मुकाबले शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे**



किया गया है, जो जून में जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी टेस्ट जीत का हिस्सा थे। तब उन्होंने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में बांग्लादेश को एक पारी और 85 रनों से हराया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने बताया, 'नगारवा अभी भी पीठ की चोट से उबर रहे हैं, इसलिए वह टीम से बाहर हैं। वहीं, तेज गेंदबाज तनाका चिवंगा भी चोट के कारण उपलब्ध नहीं हैं। बल्लेबाजी क्रम में बेनेट के पास अनुभवी खिलाड़ियों का साथ होगा। टीम में ब्रेंडन टेलर और क्रेग एर्विन के अलावा इनोसेंट काइया, बेन कुरेन, तदिवनाशे मारुमानी और वेस्ली मधेवेरे जैसे विकल्प मौजूद हैं। टेलर और एर्विन वनडे ट्राई-सीरीज के बाद यूएई में ही रुक गए थे, ताकि टेस्ट सीरीज की तैयारी कर सकें। इसके अलावा, अनुभवी लेग-स्पिनर ग्रीम क्रेमर भी टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं। कुंदई मातिगिमु और विंसेंट मासेकेसा की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। साथ ही, ऑलराउंडर एंटम नकवी को भी शामिल किया गया है, जो अब जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व करने के लिए आईसीसी की पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं।

तेज गेंदबाजी विभाग में ब्लेसिंग मुजारबानी के साथ ब्रैड इवांस, न्यूमैन न्यामहुरी, माटिगिमु और अर्नेस्ट मासुकु शामिल हैं। मासुकु ने अब तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। स्पिन गेंदबाजी के लिए क्रेमर, मासेकेसा और वेलिंगटन मसाकाद्जा मौजूद हैं, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज तफादज्वा त्सिगा को भी टीम में जगह दी गई है।

जिम्बाब्वे की टीम: ब्रायन बेनेट (कप्तान), अंतुम नकवी, बेन कुरेन, ब्लेसिंग मुजाराबानी, ब्रैड इवांस, ब्रेंडन टेलर, क्रेग एर्विन, ग्रीम क्रेमर, इनोसेंट कैया, अर्नेस्ट मासुकु, कुंडाई माटिगिमु, न्यूमैन न्यामुरी, तदिवानाशे मारुमनी, तफदजवा त्सिगा, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मासाकाद्जा, वेस्ली मधेवेरे।

कोरिया ओपन में एचएस प्रणय लगातार तीसरी बार पहले ही राउंड में बाहर

सियोल, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के एचएस प्रणय कोरिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले ही राउंड से बाहर हो गए हैं। बुधवार को येओसु के जिन्नम स्टेडियम में उन्हें स्थानीय खिलाड़ी और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता यू ताए-बिन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर महिला वर्ग के अगले दौर में जगह बना ली है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और बैडमिंटन रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद प्रणय, बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुकाबले में 47 मिनट के खेल के बाद 21-23, 15-21 से हार गए।हाल ही में 'हाइलो ओपन' चैंपियन बने लक्ष्य सेन के टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बाद, पुरुष एकल बैडमिंटन के मुख्य ड्रॉ में एचएस प्रणय भारत के एकमात्र प्रतिनिधि थे।इस हार के साथ, प्रणय इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर लगातार तीसरी बार पहले ही राउंड में बाहर हुए हैं। इससे पहले उन्हें 'हाइलो ओपन' और 'आर्कटिक ओपन' में भी इसी तरह के नतीजों का सामना करना पड़ा था। आज हुए मुकाबले में, प्रणय ने पहले गेम में 12-7 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 19-16 की बढ़त बना ली।



सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की स्टार शटलर पी.वी. सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। वर्ल्ड टूर फाइनल्स 9-13 दिसंबर तक चीन के हांगझोऊ में होगा। एन से यंग, अकाने यामागुची, वांग झी यी और चेन यू फेई ने भी साल के आखिर में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। गैर-थॉमस कप वर्षों में होने वाले इस टूर्नामेंट में साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप आठ खिलाड़ियों/जोड़ियों को बुलाया गया था। पांच महिला एकल खिलाड़ियों के क्वालीफाई होने के साथ-जापान की तोमोका मियाजाकी, नोजोमी ओखुहारा, रत्वानोक इंतानोन और पुत्री कुसुमा वर्दानी (इंडोनेशिया), थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग और डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन - बाकी तीन जगहों की दौड़ में अन्य खिलाड़ी हैं। 2021 के बाद सिंधु पहली बार वर्ल्ड टूर फाइनल्स में हिस्सा ले रही हैं। 2022 में उन्होंने क्वालीफाई किया था, लेकिन चोट की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा था। वह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स महिला एकल खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने 2018 में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराया था। 2019 की वर्ल्ड चैंपियन सिंधु की हालिया हाइलो ओपन में खिताब जीत उनके लिए सीजन के आखिर में होने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में अहम साबित हुई। सुपर 500 टाइटल ने उनकी टैली में 9,200 पॉइंट्स जोड़े, जिससे वह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट में दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गईं। हाइलो ओपन क्राउन इस साल टूर पर सिंधु का दूसरा खिताब था। सिंधु के नाम सात बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल हैं। उन्होंने हाइलो ओपन से पहले फ्रेंच ओपन का फाइनल भी खेला था।

- **सिंधु बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला बनी**



राफिन्हा व यामल की मदद से बार्सिलोना ने एस्टन विला को 3-0 से हराया

बार्सिलोना, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एस्टन विला के लगातार जीत के सिलसिले को रोक दिया है। कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में बार्सिलोना ने एस्टन विला पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने जोआओ गोम्स की डिफेंसिव चूक का फायदा उठाकर सातवें मिनट में ही बढ़त बना ली। बॉक्स के अंदर मिडफील्डर की गलत जगह पर गिरी गेंद यामल के पास आई। यामल मौका नहीं चूके और टीम के लिए पहला गोल कर दिया। यामल का यह 14वां चैंपियंस लीग गोल था। इस गोल के साथ वह कॉम्पिटिशन में एम्बाप्पे को पीछे छोड़ते हुए सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनाई एमरी की टीम शुरुआती झटके से घबराई नहीं और इंटरवल से पहले बराबरी करने के कई मौके बनाए। मैटी कैश और विक्टर लिंडेलोफ दोनों ने बार्सिलोना के डिफेंस को परखा, जबकि जोहान मंजांबी और गोम्स भी गोल करने के करीब पहुंच गए। हालांकि, गोलकीपर जोआन गार्सिया और होम डिफेंस ने विला को दूर रखा। बार्सिलोना ब्रेक के बाद ज्यादा आक्रामक दिखी और 52वें मिनट में अपनी बढ़त बढ़ा ली। राफिन्हा ने पेनल्टी एरिया के बाहर से एक लो शॉट मारा, जो पाउ टोरेस से डिफ्लेक्ट होकर सुजुकी के गलत पैर से लग गया और नेट में चला गया। 64वें मिनट में, जोआओ कैंसेलो ने लेफ्ट फ्लैंक से एक शानदार डिलीवरी की, जिससे राफिन्हा को पोजीशन में आने और शाम के अपने दूसरे गोल के लिए करीब से गोल करने का मौका मिला।



SENSEX BSE 77301.40 ▲383.55-- NSE 23960.60 ▲ 149.75 MCX Gold 142684 ▲3232 silver 186735 ▲ 7037

देशबन्धु

अर्थ जगत

अब गूगल ने दिया कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब गूगल ने भी अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर दे दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में गूगल अपने कर्मचारियों के लिए 'बायआउट ऑफर' लेकर आया है. जिसके जरिए कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए ऑफर किया जा रहा है. ये ऑफर कई अन्य देशों तक बढ़ाने का फैसला भी किया गया है. कंपनी ने ये फैसला अन्य खर्चों की कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारी निवेश के मद्देनजर किया है.गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने रॉयटर्स से बातचीत कर इस खबर की पुष्टि की है.



धनतेरस से पहले चढ़ने लगा सोने का रंग, 4800 रुपये महंगा हुआ सोना



चांदी की कीमतों में भी 9000 रुपये की भारी तेजी

नई दिल्ली। *धनतेरस से ठीक पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला।*

त्योहारी मांग बढ़ने और वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के भाव में तेज सुधार के बीच सोना 4800 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4800 रुपये की लंबी छलांग के साथ 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को सोने का भाव 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

चांदी के भाव में 9000 रुपये की जोरदार तेजी- सोने के अलावा, आज चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी रही। बुधवार को चांदी का भाव 9000 की बंपर तेजी के साथ 1.93 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। जबकि, मंगलवार को इसका भाव 1.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत सुधार और घरेलू बाजार में त्योहारी मांग बढ़ने से बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में तेजी आई।

अक्टूबर में 8 प्रतिशत गिरा सोने का भाव - ब्रिकवर्क रेटिंग्स के रिसर्च हेड प्रमुख राजीव शरण के अनुसार, अक्टूबर में अपने उच्चतम स्तर से सोने की कीमतों में करीब 8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती, बॉन्ड पर यील्ड बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने के कारण हाल में सोने की कीमतों में गिरावट आई थी। इससे कारोबारियों ने मुनाफावसूली की।

पिछले साल धनतेरस पर 65 प्रतिशत महंगा हो गया था सोना- एक जानकार ने कहा कि पिछले धनतेरस के मुकाबले इस बार सोने की कीमतों में अपेक्षाकृत कम तेजी आई है। पिछले त्योहारी सत्र के बाद से सोना 5 से 7 प्रतिशत ही महंगा हुआ है, जबकि पिछले धनतेरस पर इसकी कीमतों में सालाना आधार पर करीब 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी जोरदार तेजी- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में जोरदार तेजी रही। हाजिर सोना 113.72 डॉलर यानी 3 प्रतिशत चढ़कर 4043.93 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया और फिर से 4000 डॉलर के स्तर के पार चला गया। चांदी भी 4.5 प्रतिशत बढ़कर 52.03 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटी हेड प्रवीण सिंह ने कहा कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद डॉलर कमजोर हुआ।

प्राकृतिक हीरा उद्योग: वित्त वर्ष 27 में राजस्व 15 अरब डॉलर रहने का अनुमान : क्रिसिल



मुंबई। *भारत में बीते कुछ वर्षों में हीरे की बिक्री को बढ़ाने के लिए जोर दिया जाता रहा है, लेकिन क्रिसिल द्वारा जारी एक रिपोर्ट से पता चला है कि, भारत में नेचुरल (प्राकृतिक हीरे) उद्योग चालू वित्त वर्ष में उद्योग का राजस्व 14.8-15.2 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के स्तर के लगभग बराबर ही है। यह वैश्विक मांग में असमान सुधार को दर्शाता है, हालांकि पिछले 3 वित्त वर्षों में देखी गई गिरावट के रुझान की तुलना में अब स्थिति स्थिर होती दिख रही है।*

क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, इस वित्त वर्ष में भारत का प्राकृतिक हीरा उद्योग व्यापक सुधार के बजाय राजस्व में स्थिरता रहने की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर मजबूत मांग निर्यात में आई कमजोरी की भरपाई करने में मदद करेगी। वहीं, लैब में तैयार हीरे शुरुआती स्तर की मांग में बदलाव ला रहे हैं, जबकि प्राकृतिक हीरे अपना आकर्षण बनाए हुए हैं। हालांकि मुनाफे पर दबाव बना रहेगा और कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की जरूरतें अधिक रहेंगी, लेकिन आपूर्ति में अनुशासन और समझदारी भरे वित्तीय प्रबंधन से क्रेडिट प्रोफाइल को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलने की संभावना है।

इस वित्त वर्ष में घरेलू रेवेन्यू में कितनी वृद्धि का अनुमान?- वित्त वर्ष 2024 में, घरेलू बाजार का हिस्सा उद्योग के कुल राजस्व में 15 प्रतिशत से भी कम था, लेकिन अब यह कुल बिक्री का लगभग एक-चौथाई हो गया है। इससे कुछ चुनिंदा एक्सपोर्ट बाजारों पर इंडस्ट्री की निर्भरता कम हुई है। संगठित रिटेल के विस्तार, ग्राहकों की बढ़ती मांग और कुछ प्रीमियम उत्पादों की मांग के चलते, इस वित्त वर्ष में घरेलू रेवेन्यू में 12-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इसके विपरीत, अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में आभूषणों की मांग कम रहने के की वजह से आयात में 5-7 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है और यह लगभग 11.5 अरब डॉलर तक रह सकता है। लैब-ग्रोन डायमंड्स ने अमेरिकी आभूषण बाजार में, खासकर छोटे और शुरुआती स्तर के सेगमेंट में, अपनी मजबूत जगह बना ली है। इसकी वजह इनकी किफायती कीमत और ग्राहकों के बीच बढ़ती स्वीकार्यता है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में, निर्यात की मात्रा (वॉल्यूम) में लैब ग्रोन की हिस्सेदारी लगभग 55 प्रतिशत थी, लेकिन निर्यात मूल्य में यह केवल 10.5 प्रतिशत रही।

50 रुपये महंगा हुआ अमूल घी, 100 ग्राम मक्खन की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। अमूल ने दीपावली से ठीक पहले घी और मक्खन की कीमतें बढ़ा दी हैं। अमूल ने 1 किलो घी के कार्टन की कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 680 रुपये कर दी है, जिसकी कीमत पहले 630 रुपये थी।

इसके अलावा, देश के सबसे बड़े डेयरी ब्रांड ने 500 ग्राम मक्खन की कीमत 15 रुपये बढ़ा दी है। घी और मक्खन की कीमतों में ये बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब कई बाजारों में अमूल के गाय के घी की मांग बढ़ गई है और इसकी कमी भी देखी जा रही है।

मिलावटी उत्पादों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की मांग बढ़ी- इसके अलावा, कीमतों में ये बदलाव ऐसे समय में आया है जब गुजरात और पड़ोसी राज्य राजस्थान में मिलावटी उत्पादों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की मांग बढ़ गई है। अमूल द्वारा बढ़ाई गई कीमतों के बाद, सितंबर 2025 में ज़ीरो घटाए जाने से जो राहत मिली थी, वो अब काफी हद तक कम हो गई है। जानकारी के मुताबिक, अमूल के 1 किलो घी के कार्टन की कीमत 630 रुपये से बढ़कर 680 रुपये हो गई है। शुद्ध घी के 500 ग्राम पाउच की कीमत 325 रुपये से बढ़कर अब 345 रुपये हो गई है।

दिवाली पर महंगाई की मार!

चीनी 30 प्रतिशत महंगी, प्याज के दाम हुए दोगुना

नई दिल्ली। *बाजारों में जगमगाती लाइटें दिवाली के आने का संकेत दे रही हैं, लेकिन सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद चीनी और प्याज के दाम कम नहीं हुए हैं। पिछली दिवाली के मुकाबले इस बार लोगों को चीनी के लिए करीब 30 फीसदी और प्याज के लिए लगभग दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है। फिलहाल खुदरा बाजार में चीनी और प्याज की औसत कीमत करीब 60 रुपये प्रति किलोग्राम है। नई फसल की आवक और मांग को देखते हुए माना जा रहा है कि बढ़ी हुई कीमतों से राहत अब दिवाली के बाद ही मिलेगी।*

सरकारी पहरेदारी के बावजूद महंगी हुई चीनी- त्योहारों के दौरान चीनी की कमी दूर करने के लिए सरकार की कोशिशों के बावजूद खुदरा और थोक बाजारों में इसकी कीमतें बढ़ रही हैं। पिछले एक महीने में चीनी के दाम चार रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा बढ़ गए हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 59.50 रुपये प्रति किलोग्राम और थोक बाजार में 55.40 रुपये प्रति किलोग्राम रही।



पिछले साल के मुकाबले चीनी के दाम 12 से 13 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए हैं। एक साल पहले खुदरा बाजार में चीनी 46.50 रुपये प्रति किलोग्राम और थोक बाजार में 43.23 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी।

महानगरों में बढ़ी चीनी की मिठास- तीन नवंबर को महानगरों में चीनी सबसे महंगी कोलकाता में बिक रही थी। यहां खुदरा बाजार में चीनी की कीमत 65 रुपये प्रति किलोग्राम रही, जबकि एक साल पहले यह 50 रुपये थी। इसके बाद दिल्ली में चीनी का भाव 64 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जो पिछले साल 46 रुपये था। वहीं, मुंबई में चीनी 61 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी, जबकि एक साल पहले इसकी कीमत 45 रुपये थी। चीनी के दाम बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 2025-26 में उत्पादन पहले के अनुमान से कम रहना है। इसके अलावा त्योहारों के दौरान बढ़ती मांग, फसल को नुकसान, दुनिया भर में चीनी की सप्लाई में कमी और जमाखोरी के कारण भी कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

दिवाली के बाद सस्ती होगी चीनी- चीनी की कीमतें कम करने के लिए सरकार ने भंडारण की सीमा तय करने, आयात बढ़ाने, बाजार पर कड़ी नजर रखने और गन्ने की पेराई जल्दी शुरू कराने जैसे कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) के मुताबिक, भारत में 2026-27 के चीनी सत्र (अक्टूबर से सितंबर) के पहले महीने में 8.45 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इससे त्योहारों के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की सप्लाई बढ़ी

प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक

नई दिल्ली। दीपावली और छठ महापर्व अब काफी करीब आ चुके हैं। उत्तर भारत के दो सबसे बड़े त्योहारों की वजह से देश के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भारी संख्या में यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यात्रियों की इस संख्या में और भी ज्यादा इजाफा होने की उम्मीद है। भारतीय रेल के मध्य रेलवे जोन ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को काबू करने की दिशा में प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर अस्थाई रोक लगा दी है।

मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

मुद्रा	रुपया
एक अमेरिकी डॉलर	94. 64
एक यूरो	106. 33
एक ब्रिटिश पाउंड	127. 89
एक आस्ट्रेलियन डॉलर	66. 24
एक जापानी येन	00. 59

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.


864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 134 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-144 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 80 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

भारतीय शेयर बाजार की धीमी चाल, सेंसेक्स में 119 अंक की बढ़त

नई दिल्ली। *भारतीय शेयर बाजार में लगातार तूफानी तेजी के बाद आज हल्की गिरावट के साथ शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 64.74 अंक, 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,853.11 पर खुला।*

वहीं निफ्टी 68.60 अंक, 0.29 प्रतिशत फिसलकर 23,742.25 पर कारोबार की शुरुआत की। खबर लिखते समय तक कारोबार में दोनों बेंचमार्कों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स 119 अंको की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है और निफ्टी में 29 अंक का उछाल देख गया है। एशियाई बाजारों में आईटी शेयरों पर दबाव और ढ्ढ पर बढ़ते खर्च को लेकर चिंताओं के बीच वैश्विक संकेत मिलेजुले रहे, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला। निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी आईटी में 0.79 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा मेटल, ऊर्जा,



प्राइवेट बैंक और पीएसयू बैंक शेयरों में भी कमजोरी देखने को मिली।

हेल्थकेयर और फार्मा शेयरों ने बाजार को कुछ सहारा दिया। निफ्टी 500 हेल्थकेयर, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स और निफ्टी फार्मा सूचकांक में 0.23 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई, जिससे इस क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बनी रही।

एफआईआई में निवेशकों का रुख- बाजार एक्सपर्ट का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख में बदलाव ने निवेशकों की धारणा को सकारात्मक बनाया है। पिछले छह कारोबारी सत्रों में से पांच में एफआईआई खरीदार रहे हैं और उन्होंने कुल 18,661 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। मजबूत कॉर्पोरेट नतीजे और लार्जकैप शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन बाजार को बुनियादी समर्थन प्रदान कर रहा है।

एप्पल के शेयरों में गिरावट- वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। नैस्डैक में मजबूती देखने को मिली क्योंकि एआई क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में खरीदारी लौटी। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद एप्पल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

सुरुचि ग्रुप ऑफ कंपनीजः स्वाद और गुणवत्ता का भरोसेमंद नाम

नागपुर। सुरुचि ग्रुप ऑफ कंपनीज भारतीय रसोई के स्वाद और परंपरा को नए आयाम दे रहा है। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में गुलाब जामुन एवं शाही गुलाब जामुन इंस्टेंट मिक्स के साथ विभिन्न प्रकार के इंस्टेंट मिक्स, प्रीमिक्स, ग्रेवी मिक्स, चाइनीज सॉस, केचप, मसाले, खड़े मसाले, पापड़, अचार और हींग जैसे अनेक उत्पाद शामिल हैं।

कंपनी का उद्देश्य आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करना आसान बनाना है। इसके उत्पाद घरों के साथ-साथ रसोई की दैनिक जरूरतों को भी ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं। वो मिठास जो परिवार को एक साथ बांधती



है । "वो मिठास जो परिवार को एक साथ बांधती है" के संदेश के साथ सुरुचि ने गुलाब जामुन और शाही गुलाब जामुन इंस्टेंट मिक्स को खास पहचान दी है। इन उत्पादों के माध्यम से घर पर आसानी से पारंपरिक मिठाइयों का स्वाद लिया जा सकता है। स्वाद, सुविधा और भारतीय खाद्य परंपरा का संगम सुरुचि की पहचान है।

सतना बाजार भाव

सराफा बाजार

सोना फाइन	1,44,000 रु.	प्रति 10 ग्राम
सोना जेवर	1,38,000 रु.	प्रति 10 ग्राम
चांदी जेवर	2,100 रु.	प्रति 10 ग्राम
चांदी फाइन	2,30,000 रु.	प्रति किलो

दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -
- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी — मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -50.50, 10 एमएम -48.50, 12 एमएम -48.50, 16 एमएम -48.50

कामधेनू- 8 एमएम -55.50, 10 एमएम -53.50, 12 एमएम -53.50, 16 एमएम -53.50

गन्ने के बाद चावल से भी एथेनॉल बनाने पर पाबंदी, मक्के की मांग 22 फीसदी बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। *देश में सूखे की स्थिति और खाद्यान्न उत्पादन घटने की बढ़ती आशंका को देखते हुए सरकार ने एथेनॉल उद्योग पर निगरानी बढ़ा दी है। एथेनॉल बनाने के लिए गन्ने के इस्तेमाल पर रोक लगाने के बाद केंद्र सरकार ने अब भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास मौजूद अतिरिक्त चावल और खराब हो चुके अनाज से एथेनॉल बनाने की सीमा भी तय कर दी है।*

सरकार के इस फैसले से एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की मक्के पर निर्भरता बढ़ेगी। इसका असर पोल्ट्री, डेयरी और स्टार्च उद्योग पर भी पड़ेगा। उद्योग जगत के अनुमान के मुताबिक, 2026-27 में एथेनॉल बनाने के लिए मक्के की मांग करीब 1.6 करोड़ टन तक पहुंच सकती है, जबकि मौजूदा आपूर्ति वर्ष में यह करीब 1.3 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

3 नवंबर को जारी संशोधित टेंडर की शर्तों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तीन तिमाहियों में एफसीआई के अतिरिक्त चावल से अधिकतम 324 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाया जा सकेगा। वहीं, खराब हो चुके अनाज से पूरे साल में अधिकतम 160 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाने की



अनुमति होगी। इस तरह दोनों स्रोतों से कुल मिलाकर अधिकतम 484 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाया जा सकेगा। यह तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) की ओर से जारी 1,100 करोड़ लीटर के कुल टेंडर का करीब 44 फीसदी है।

चावल से एथेनॉल बनाने पर लगा दी शर्तें- सरकार ने एफसीआई के अतिरिक्त चावल के इस्तेमाल को लेकर उत्पादकों के लिए अलग-अलग सीमाएं तय की हैं। कोई भी कंपनी एक तिमाही में जितना एथेनॉल सप्लाई करने की पेशकश करेगी, उसमें एफसीआई के चावल से बने एथेनॉल की हिस्सेदारी 30 फीसदी से ज्यादा नहीं हो सकती। इस स्रोत से सभी कंपनियों को मिलाकर हर तिमाही में अधिकतम 108 करोड़ लीटर एथेनॉल का आवंटन किया जाएगा। पहली तीन तिमाहियों के लिए यह सीमा कुल 324 करोड़ लीटर होगी। अगर कंपनियां तय सीमा से ज्यादा एथेनॉल सप्लाई करने की पेशकश करती हैं, तो तेल कंपनियां सभी बोली लगाने वाली कंपनियों की पात्र मात्रा में उसी अनुपात में कटौती करेंगी। 324 करोड़ लीटर एथेनॉल की यह सीमा सरकार की ओर से एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए दिए गए 72 लाख टन अतिरिक्त चावल के बराबर है। संशोधित टेंडर के मुताबिक, यह आवंटन 30 जून, 2027 तक मान्य रहेगा। कृषि बाजार विशेषज्ञ जीके सूद ने कहा कि कम गुणवत्ता वाले अनाज का इस्तेमाल पशुओं के चारे के साथ-साथ इंसानों के खाने के लिए भी होता है।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

प्री-दिवाली मेहंदी रास में उमड़ी महिलाओं की भीड़



सतना, देशबन्धु। त्योहारी सीजन के मद्देनजर शहर में प्री-दिवाली मेहंदी रास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सुवन क्रिएशन द्वारा महिलाओं के लिए खास तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 300 महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने हाथों पर मेहंदी रचाई। इस पूरे आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि महिलाओं से मेहंदी लगाने की कोई भी फीस नहीं ली गई, यह पूरी तरह निःशुल्क रहा।

उपहारों और मनोरंजक गेम्स की रही धूम

कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई विशेष गतिविधियां भी आयोजित की गईं। %गौरी जेवर वाला% के रवि शंकर गौरी ने मेहंदी लगवाने आईं सभी युवतियों और महिलाओं को खास तौर पर तैयार किए गए आकर्षक तोहफे भेंट किए। वहीं, हैशटैग माय सैलून की श्वेता अग्रवाल ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के लिए कई मनोरंजक गेम्स खिलाए और विजेताओं को अपनी ओर से खूबसूरत गिफ्ट्स देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

300 से अधिक महिलाओं ने रचाई मेहंदी

टीम सुवन क्रिएशन ने संभाली कमान

सुवन क्रिएशन के शिवांशु स्वर्णकार और उनकी पूरी टीम के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को बेहद सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। आयोजन को सफल बनाने और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का मुख्य जिम्मा महिमा, खुशबू और मधु ने बखूबी निभाया। उनकी बेहतर प्लानिंग के कारण कार्यक्रम में आई महिलाओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।





इस भव्य और सफल आयोजन में **देशबन्धु** ने मीडिया पार्टनर की भूमिका निभाई और कार्यक्रम की हर गतिविधि को प्रमुखता से कवर किया। दीपावली से ठीक पहले आयोजित हुए इस %मेहंदी रास% कार्यक्रम की शहर भर में काफी सराहना हो रही है।

कार से कुचले घायल बाराती की मौत

- **बारात में कार के घुसने से 5 बाराती हुए थे घायल**



रीवा देशबन्धु। शहर के प्रकाश चौराहे के समीप 2 नवंबर की रात कार के कुचलने से घायल बाराती की मौत हो गई है। यहां तेज रफ्तार कार ने सड़क से गुजर रही मुस्लिम समाज की बारात को रौंद दिया था। इस भीषण सड़क हादसे में घायल हुए पांच बारातियों में से एक युवक ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मृतक की पहचान मोहम्मद अली पिता शब्बीर अली निवासी सिमरिया के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोमवार की रात बारात पूरे उत्साह के साथ सड़क से गुजर रही थी। तभी अचानक एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार कार बारातियों को कुचलते हुए निकल गई। हादसा इतना भयानक था कि पल भर में शादी का जश्न चीख पुकार और अफरातफरी में बदल गया। कार की चपेट में आने से पांच बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद गंभीर रूप से घायल मोहम्मद अली जिंदगी की जंग हार गए और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप है कि कार चालक अत्यधिक नशे की हालत में था और शराब के नशे में धूत होने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। फिलहाल घायल बाराती की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी और वाहन की तलाश के साथ-साथ अब चश्मदीदों के बयान भी दर्ज कर रही है।

सार-समाचार

पटाखा कारोबारियों के यहां जांच करने पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम

लाइसेंस जारी होने के दूसरे दिन ही पड़ गया छापा

रीवा देशबन्धु। शहर से सटे मैदानी ग्राम पंचायत में संचालित पटाखा दुकानों में बुधवार की देर शाम पुलिस व प्रशासन की टीम ने दबिश दे दी। टीम यहां ना सिर्फ स्टाक को खंगाल रही है, बल्कि लाइसेंस भी जांच रही है। खास बात यह है कि यह कार्रवाई पटाखा दुकानों के लाइसेंस जारी होने के ठीक दूसरे दिन की गई है। देर रात तक टीम मौके पर जांच पड़ताल करती रही। उल्लेखनीय है कि मैदानी में जिले के बड़े होल सेल पटाखा कारोबारियों की दुकान व गोदाम संचालित हैं। जिनमें दीपू गुप्ता, घनश्याम पटाखा, राजबली गुप्ता और एक मुस्लिम कारोबारी शामिल है। इनके यहां पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और पटाखों का स्टाक किया गया है। मंगलवार की दोपहर ही कलेक्टर ने उक्त कारोबारियों को व्यापार करने के लिये लाइसेंस जारी किया था। जिसके बाद वह व्यापार शुरू कर पाये। इसके एक दिन बार यानी बुधवार की शाम ही पुलिस व प्रशासन ने रेड कर दी। जिससे पटाखा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।



करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

सतना, देशबन्धु। जिले के उचेहरा क्षेत्र अंतर्गत खोह गांव के मझगवां हार में ट्रांसफार्मर से उतरे करंट की चपेट में आने से खेतिहर मजदूर नरेंद्र कोल 35 वर्ष की मौत हो गई। मृतक किसान आरपी सिंह परमार के फार्म हाउस में रखवाली का कार्य करता था। बताया गया कि पिछले वर्ष उसके पत्नी की भी असमय मौत हो गई थी। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिन पर से माता-पिता का साया उठ गया। सूचना पर उचेहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।



फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

सतना, देशबन्धु। नागौद थाना क्षेत्र के पोड़ी चौकी अन्तर्गत धौरा गांव में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी मुताबिक मृतका संध्या सिंह पटेल पति राकेश सिंह पटेल 26 वर्ष निवासी ग्राम कोनिया थाना उचेहरा मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे अपनी भाभी के कमरे में छत पर लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतका का पति बेंगलुरु में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता हैं, जबकि पिता शिवकुमार पटेल का पूर्व में निधन हो चुका है। घटना की सूचना मिलने पर पोड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागौद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया है।

चरकी घाटी में दो बाइकों की भिड़ंत, चार घायल

रामनगर, देशबन्धु। रामनगर थाना क्षेत्र की चरकी घाटी में दो बाइकों के बीच जोरदार आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। घटना के सामने आए वीडियो में भूरे रंग की जैकेट पहने एक युवक पैर पकड़कर दर्द से कराहता दिखाई दे रहा है। उसके पैर में गंभीर चोट आने की जानकारी है। पास में उसका बैग और क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी नजर आ रही है। वहीं दूसरा युवक भी सड़क किनारे घायल अवस्था में बैठा दिखाई दिया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार या घाटी के मोड़ पर संतुलन बिगडऩे से हादसा हुआ होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आग में जलकर राख हुई इलेक्ट्रॉनिक दुकान

आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात



रीवा देशबन्धु। शहर के यूनिवर्सिटी रोड में संचालित रश्मि इलेक्ट्रिकल एंड कुशवाहा रिपेयरिंग सेंटर में बीती देर रात भीषण आग लगने से दुकान में रखा सामान जलकर खाख हो गया है। दुकान में लगी आग इतनी भीषण थी कि चंद मिनटों में सामान सहित दुकान जलकर राख हो गई। आगजनी की इस घटना के बाद दुकान संचालक रामानुज कुशवाहा के परिवार के सामने अब रोजी रोटी और आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दुकान संचालक के अनुसार रात करीब 10.00 बजे दुकान बंद करके वे घर चले गए थे। भोजन करने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी पड़ोस के दुकानदार का फोन आया कि उनकी दुकान में भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। जहां दुकान से भारी धुआं निकल रहा था और पूरे भवन में धुएं के कारण सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। अफरातफरी के बीच सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जहां पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान का पूरा सामान जलकर खाख हो चुका था।

परिवार आर्थिक संकट में

इस घटना के बाद से पूरा परिवार अब गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। दुकान ही परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी।

दुकान में रखा सामान और कामकाज का पूरा आधार नष्ट हो जाने से अब पीड़ित परिवार के सामने भरण पोषण तक का संकट खड़ा हो गया है। हालांकि आग लगने की वजह क्या थी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और लग आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है रेलवे स्टेशन का रास्ता



नागौद, देशबन्धु। नगर के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन से मुख्य सड़क तक पहुंचने वाला मार्ग शाम होते ही अंधकार में डूब जाता है। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों सहित स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत रात के समय ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों, महिलाओं और बुजुर्गों को होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम और रात में स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को अंधेरे रास्ते से होकर मुख्य सड़क तक जाना पड़ता है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने से रास्ते में आवागमन करना जोखिम भरा बना रहता है। ऐसे में लूटपाट, छेड़छाड़ और सड़क दुर्घटनाओं जैसी अप्रिय घटनाओं की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों का कहना है कि रेलवे स्टेशन जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा से जुड़े मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। नगरवासियों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से मांग की है कि रेलवे स्टेशन से मुख्य सड़क तक तत्काल स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएं और नियमित रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

कॉलेज के गेट पर अतिथि शिक्षक ने करा लिया मुंडन



रीवा देशबन्धु। ठाकुर रणमत सिंह यानी टीआरएस कॉलेज से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग को हिलाकर रख दिया है। एक लाचार लेकिन स्वाभिमानी अतिथि शिक्षक ने कॉलेज के मुख्य गेट पर अपनी गरिमा, अपने हक और अपनी रोजी-रोटी के लिए अपना सिर मुंडवा लिया है! मामला राजनीति विज्ञान विभाग के जनभागीदारी अतिथि विद्वान डॉ. शिवानन्द मिश्रा का है। पीड़ित शिक्षक का कहना है कि उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश होने और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के बावजूद, उन्हें कॉलेज में ज्वाइनिंग नहीं दी जा रही है। महीनों से दफ्तरों के चक्कर काट रहे इस शिक्षक का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर, जानबूझकर उनका भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। आरोप है की कॉलेज प्रबंधन ने अतिथि विद्वानों को निकालने के लिए कागजों में हेरफेर किया। उन्होंने विभाग में छात्रों की संख्या सिर्फ 400 बताई थी, ताकि यह दिखाया जा सके कि अतिरिक्त शिक्षकों की जरूरत नहीं है। लेकिन जब कलेक्टर की स्पेशल टीम ने जांच की, तो वहां 603 छात्र नामांकित मिले! यानी सच को छुपाया गया, वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह किया गया। पीड़ित अतिथि विद्वान ने अब सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से न्याय की गुहार लगाई है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया सब जेल नागौद का निरीक्षण

भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



नागौद, देशबन्धु। सब जेल नागौद का बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजीव पटेल द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और स्वच्छता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बंदियों से मुलाकात कर उनकी पेशी, स्वास्थ्य और जेल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल की पाकशाला में पहुंचकर बंदियों के लिए तैयार भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। भोजन की गुणवत्ता पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की। इसके साथ ही न्यायाधीश ने बंदियों के लिए उपलब्ध मुलाकात व्यवस्था और बंदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संतोष जाहिर किया। निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक सहित जेल का स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के अंत में सहायक जेल अधीक्षक आशीष मंजना ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रति आभार व्यक्त किया।

नीलेश सिंह ने हासिल की सफलता



सतना, देशबन्धु। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर रामपुर बाघेलान निवासी नीलेश सिंह ने जिले का गौरव बढ़ाया है। उनका चयन ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ के पद पर हुआ है। उनकी पदस्थापना जबलपुर संभाग में की गई है। इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नीलेश सिंह पिपरी कलां हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षिका संध्या सिंह के छोटे भाई तथा रामपुर बाघेलान निवासी जयबीर सिंह के सुपुत्र हैं। नीलेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े पिता आरबी सिंह, पिता जयबीर सिंह, बड़ी बहन संध्या सिंह, डॉ. कीर्ति सिंह, बड़े भाई मृगेंद्र सिंह सहित समस्त परिवारजनों और शुभचिंतकों को दिया।

10 महीने का इंतजार खत्म, हरियाणा से पसंद की भैंसें लेकर लौटे हितग्राही

6 परिवारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



रीवा देशबन्धु। मऊगंज जिले में डेरी प्लस योजना के तहत भैंस मिलने का महीनों से इंतजार कर रहे हितग्राहियों को आखिरकार राहत मिल गई है। जिस योजना से परिवार की आर्थिक खुशहाली की उम्मीद थी, वही योजना लंबे इंतजार के कारण परेशानी और घरेलू कलह की वजह बन गई थी। जिसके बाद पशुपालन विभाग हरकत में आया और कारवाई ने रफ्तार पकड़ ली।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मऊगंज पशुपालन विभाग के उपसंचालक ने संज्ञान में लिया था। उन्होंने 15 दिनों के भीतर भैंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन आश्वासन के महज तीसरे दिन ही विभाग ने टीम गठित कर हरियाणा रवाना कर दी।

इसके बाद योजना के तहत छह हितग्राहियों को भैंस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की गई है। खास बात यह रही कि हितग्राही स्वयं हरियाणा पहुंचे और अपनी पसंद के अनुसार भैंसों का चयन किया है। भैंस पसंद आने के बाद उन्होंने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए और भैंस लेकर अपने गृह ग्राम लौटे हैं। लंबे इंतजार के बाद भैंस मिलने से अब हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी और राहत की रौनक दिखाई दी है। महोदा गांव के अंजरा पांडे ने दो भैंसों के लिए करीब 1,47,000 की डीडी बनवाई थी। करीब 10 महीने तक भैंस नहीं मिलने से परिवार आर्थिक और मानसिक परेशानियों से गुजर रहा था। पत्नी के गहने गिरवी रखने और घरेलू विवाद की स्थिति ने इस मामले को और भी गंभीर बना दिया था। पति को खेत की झोपड़ी में रहने तक की नौबत आ गई थी। फिलहाल मीडिया के माध्यम से पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने मामले को संज्ञान में लिया था। वहीं विभागीय सक्रियता और छह हितग्राहियों को फैंस उपलब्ध कराया जाना अब राहत भरी खबर है। अब उम्मीद है कि डेयरी व्यवसाय शुरू होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और योजना का वास्तविक लाभ हितग्राहियों तक पहुंचेगा।

युवक के पेट में धंसी गोली, हालत गंभीर



कैसे और किसने चलाई गोली, रहस्य बनी घटना

रीवा देशबन्धु। पुरानी सब्जी मंडी में मंगलवार देर रात अचानक गोली चल गई जिसमें एक फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया है। गोली युवक के पेट में धसी है और उसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे जबलपुर रेफर किया गया है। लेकिन इस पूरी घटना के पीछे की जो कहानी सामने आ रही है, उसने पुलिस को भी उलझा कर रख दिया है। आशंका जताई जा रही है कि यह गोली किसी हमले में नहीं बल्कि खुद के हाथ से ही चली है। दरअसल यह पूरी घटना रीवा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुरानी सब्जी मंडी की है। रात के करीब 10.30 बज रहे थे। तभी मंडी में अचानक गोली चलने की आवाज से सन्नाटा पसर गया। यहां फल की दुकान चलाने वाला युवक शुभम उर्फ लल्ला खटिक खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिर पड़ा। गोली शुभम के पेट में जा धंसी थी। आननफानन में उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद से ही इलाके में अब तरह-तरह की चर्चाएं तेज है। शुरुआती जांच और सूत्रों के मुताबिक आशंका है कि युवक पिस्तल के साथ खेल रहा था और इसी दौरान अचानक ट्रिगर दबने से मिसफायर हुआ और गोली उसके पेट में लग गई। हालांकि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आखिर फल विक्रेता के पास यह अवैध पिस्तल आखिर आई कहां से? इस मामले में घायल युवक की मां का कहना है कि वह और उसके दोनों बेटे मिलकर सब्जी और फल की दुकान चलाते हैं। कल रात जब वह दुकान से घर लौट आई उसके बाद दुकान पर यह हादसा हुआ। मां के मुताबिक घटना के वक्त उनका छोटा बेटा अभी खटिक भी मौके पर मौजूद नहीं था। मां ने इस बात से साफ इंकार किया है कि गोली किसने और कैसे चलाई।

साजिश या शौक



इनका कहना..



पुलिस को शुरुआत में खुद से ही गोली चलने यानी एक्सीडेंटल फायर की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम लगातार संजय गांधी अस्पताल और घटना स्थल पर मुस्तैद है। फिलहाल वारदात का असली रहस्य क्या है? यह शुभम के होश में आने के बाद ही पूरी तरह साफ हो पाएगा। पुलिस इस मिस्ट्री को सुलझाने में जुटी हुई है कि यह महज एक हादसा था या फिर कोई साजिश या फिर अवैध हथियार का जानलेवा सच। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

निशा मिश्रा
कोतवाली थाना प्रभारी